राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



कचरे में मिलीं VVPAT पर्चियां

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, रविवार, 09 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 40, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रजाई फैक्ट्री में लगी आग लाखों का कपड़ा जलकर हुआ खाक, ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू....03

काठमांडू एयरपोर्ट पर बड़ी तकनीकी खराबी, रनवे लाइट ठप, सभी उड़ानें रोकी गईं....12

## समस्तीपुर में कचरे से मिलीं VVPAT पर्चियां, मचा हड़कंप; RJD ने उठाए सवाल, ARO निलंबित- एफआईआर के आदेश

**● बिहार के समस्तीपुर में भारी मात्रा में VVPAT की पर्चियां कचरे से बरामद की गई हैं. इस मामले पर डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं. वहीं आरजेडी ने चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं. ये पर्चियां सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के शीतलपट्टी गांव के पास मिली हैं. जहां 6 नवंबर को मतदान हुआ था**

बिहार के समस्तीपुर जिले में शनिवार (8 नवंबर) को सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में सड़क किनारे भारी संख्या में VVPAT पर्चियां मिली हैं. जिसका फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. VVPAT की पर्चियां मिलने से हड़कंप मच गया. वहीं आरजेडी ने इस मामले को लेकर चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े किए हैं.

आरजेडी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें कहा है 'समस्तीपुर के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के KSR कॉलेज के पास सड़क पर भारी संख्या में EVM से निकलने वाली VVPAT पर्चियां फेंकी हुई मिली. कब, कैसे, क्यों किसके इशारे पर इन पर्चियों को फेंका गया? क्या चोर आयोग इसका जवाब देगा? क्या यह सब बाहर से आकर बिहार में डेरा डाले लोकतंत्र के डकैत के निर्देश पर हो रहा है'.

**कचरे में मिलीं VVPAT पर्चियां**

जानकारी के मुताबिक VVPAT पर्चियां कचरे में पाई गई हैं. ये पर्चियां सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के शीतलपट्टी गांव के पास मिली हैं. जहां 6 नवंबर को मतदान हुआ था. बताया जा रहा है कि सुबह जब गांववालों ने कूड़े के ढेर में चुनाव चिन्ह वाली पर्चियां देखीं, तो उन्होंने फैरन इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी.

**DM ने दिए जांच के आदेश**

इधर मौके पर पहुंचे ष्ठरूने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच के आदेश दिए हैं. शुरुआती जांच में पता चला है कि ये पर्चियां मॉक पोल के दौरान की है, जिन्हें गलती से फेंक दिया गया था. वहीं इस जगह पर आरजेडी आउम्मीदवार अरविंद सहनी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और जमकर बवाल हुआ. जिलाधिकारी ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लिया है और नियम के अनुरूप संबंधित कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है. समस्तीपुर के डीएम रोशन कुशवाहा का कहना है कि सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डिस्पैच सेंटर के पास हमें कुछ पर्चियां मिलीं. मैं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचा और प्रत्याशियों की मौजूदगी में हमने उन पर्चियों को अपने कब्जे में ले लिया. इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है. इस मामले में लापरवाही बरतने वाले दो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और निलंबन की अनुशंसा की गई है. उन्होंने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हो जाएगा कि ये पर्चियां किस समय की हैं. अफवाह न फैलाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरा तकनीकी मामला है, जांच करने के बाद सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी.

**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कही ये बात**

इधर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि समस्तीपुर के डीएम को मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दिया गया है. चूंकि ये मॉक पोल (प्रायोगिक मतदान) की VVPAT पर्चियां हैं, इसलिए मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई असर नहीं पड़ा है. उन्होंने कहा कि संबंधित प्रत्याशियों को भी डीएम द्वारा इसकी जानकारी दी गई है. हालांकि लापरवाही के कारण संबंधित एआरओ को निलंबित किया जा रहा है और एफआईआर दर्ज की जा रही है.

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान दो चरणों में कराया जा रहा है.पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हो चुका है.जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है.वहीं मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी.सरायरंजन विधानसभा सीट पर 6 नवंबर को ही मतदान हो चुका है.ऐसे में VVPAT की पर्चियां मिलने से बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।



कचरे में मिलीं VVPAT पर्चियां

**DM ने दी जांच के आदेश, दो अधिकारी निलंबित**

घटना की जानकारी मिलते ही समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पर्चियां मॉक पोल (प्रायोगिक मतदान) के दौरान की पाई गई हैं, जिन्हें गलती से फेंक दिया गया था। उन्होंने कहा, "हमने मौके से सभी पर्चियां जब्त कर ली हैं। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है।"

डीएम ने पुष्टि की कि एक एआरओ को निलंबित किया गया है और दो अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप में विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। उन्होंने अफवाहें फैलाने से बचने की अपील करते हुए कहा कि जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा।

**CEC ने दी सफाई- मतदान प्रक्रिया पर असर नहीं**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि, "समस्तीपुर के डीएम को विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जो पर्चियां मिली हैं, वे मॉक पोल की हैं, इसलिए वास्तविक मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित प्रत्याशियों को इस संबंध में सूचित किया गया है और सभी प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के मानक नियमों के तहत की जा रही हैं।

## बिहार चुनाव में 1314 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद

**● भारी मतदान क्या विहार की स्थिरता के संकेत है।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान अब सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनभावना और राजनीतिक प्रवृत्ति के महीन संकेतों की कहानी बन चुका है. मगध, शाहाबाद, सारण, तिरहुत और मिथिलांचल क्षेत्र में 18 जिलों की 121 सीटों पर करीब 60 प्रतिशत से अधिक मतदान इस बात की गवाही देता है कि जनता राजनीति से ऊब नहीं, बल्कि दिशा तय करने को तैयार है. मुद्दा सिर्फ यह नहीं कि नीतीश कुमार सत्ता में लौटेंगे या नहीं- असली सवाल यह है कि क्या बिहार स्थिरता को तरजीह देगा या बदलाव की आकांक्षा को? पहले चरण की जमीन पर यही द्वंद्व साफ दिखा- एक तरफ बुजुर्ग नीतीश कुमार के अनुभव, थकान और रिटायर्मेंट की चर्चा तो दूसरही ओर युवा जोश, उम्मीद और आशा के साथ कुछ नये की तलाश की राजनीति!

जमीन पर तस्वीर उतनी सरल नहीं थी जितनी प्रचार मंचों से दिखाई दी. नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी की अपेक्षित लहर नहीं दिखी, लेकिन जनता की आंखों में- नौकरियों के, महंगाई के और युवाओं के पलायन के सवाल तो जरूर थे. शराबबंदी के बावजूद शराब की आसानी से उपलब्धता पर आम लोगों, विशेषकर महिलाओं में आक्रोश भी दिखे. वहीं, तेजस्वी यादव के मंचों पर उमड़ती भीड़ ने इस चुनाव को भावनात्मक ऊर्जा दी, लेकिन भीड़ और वोट के बीच की दूरी अभी भी सवालों में है. राजनीति के पुराने समीकरण इस बार मौन मतदाता,



खासकर महिलाओं और युवाओं के आगे ढीले पड़ते नजर आए. स्पष्ट है कि पहला चरण बताता है कि बिहार अब केवल जातीय या परंपरागत निष्ठा से नहीं, बल्कि अपेक्षाओं और

भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जैसे जिलों में जमीनी तस्वीर मिली जुली रही। यह क्षेत्र परंपरागत रूप से राजनीतिक चेतना वाला माना जाता है। यहां नीतीश कुमार के शासन की सड़क और बिजली की उपलब्धियां अब भी मतदाताओं के जेहन में हैं. लेकिन, बेरोजगारी और किसान असंतोष जैसे मुद्दों ने युवा मतदाताओं को झुकाव की स्थिति में रखा है. तेजस्वी यादव के रोज़गार कार्ड अभियान का असर इस बेल्ट में खासकर भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में दिखा. हालांकि, महिला मतदाताओं का मौन समर्थन अब भी नीतीश के पक्ष में एक अदृश्य पर स्थिर आधार के रूप में दर्ज हुआ है।

बिहार में इस बार वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूट गए. शाम 5 बजे तक ही 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका है, और अभी भी कई जगह लोगों की कतारें लगी हुई हैं. पुराने आंकड़े देखें तो आखिरी वक्त में वोटिंग ज्यादा होती है, इसलिए माना जा रहा है कि कम से कम 5 फीसदी वोटिंग



और दर्ज होगी. अगर ऐसा हुआ तो कुल वोटिंग प्रतिशत 65 फीसदी के पार चला जाएगा और यह बिहार के इतिहास में पहली बार होगा कि जब किसी विधानसभा चुनाव में इतने ज्यादा वोट पड़े हों. यह रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग किसिकी नैय्या डुबोएगी? आइए इसे पुराने आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं।

चुनाव आयोग के आंकड़ों को देखें तो 2020 में 56.9 फीसदी मतदान हुआ था. वहीं अब तक राज्य में सबसे अधिक वोटिंग की बात की जाए तो वो 2000 में हुई थी, जब 62.6 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे. तब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था और पूरा बिहार राजनीतिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था. आज, 25 साल बाद, जब नीतीश कुमार अपनी सत्ता के दो दशक पूरे करने की ओर बढ़ रहे हैं, बिहार फिर एक बार लोकतंत्र के उत्सव में उमड़ा है. सवाल यह है यह पैटर्न कहता क्या है?

## संक्षिप्त ख़बरें

### मौसी के घर जाने को निकली नाबालिग घर नहीं लौटी

**मां की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी**

**ललितपुर।** चौकी नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शुक्रवार शाम 4 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से अपनी मौसी के घर जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन रोहिणी न मौसी के घर पहुंची और न ही घर लौटकर आयी है। तब परिजनों ने उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड जान पहचान वालों समेत पूरे खोजबीन कर चुके हैं, लेकिन पुत्री कहीं नहीं मिली। पुत्री एक मोबाइल फोन भी लिये हुये है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### इनोवा क्रिस्टा ने मारी बाइक में जोरदार टक्कर

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौर्रा निवासी ज्योति पत्नी जयराम उर्फ सोनू ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 27 अक्टूबर को उसका पति जयराम, देवर रानू उसके मायके ग्राम खांदी के रानीपुरा आये हुये थे। अगले दिन 28 अक्टूबर को वह साले की मोटरसाइकिल यू.पी.94 ए.ए. 8271 से उसकी ननद ग्राम यांव निवासी रीता पत्नी रामसेवक के यहां गये थे। उसी दिन 11 बजे वापस खांदी लौटते हुये तरगुवां रेलवे क्रॉसिंग के पहले टेडी बरिया के पास सामने से आ रही चार पहिया इनोवा क्रिस्टा नं. यू.पी. 93 डी.टी. 4182 के चालक ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति व देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अर्जुन, प्रवेश व अन्य राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां पति को हालत गंभीर होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने इनोवा क्रिस्टा के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क़, अब बनी मुसीबत



**● डोडा घाट हवलदार मंदिर के सामने से निकल नहीं पा रहे श्रद्धालु**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नमामि गंगे योजना में अमृत योजना 2.0 के तहत शहर में बिछाई जा रही पाइप लाइन अब लोगों के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही हैं। डोडाघाट हवलदार मंदिर के सामने कई दिनों पहले पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा अब लोगों की खासी मुसीबत बना हुआ है। यह से लोगों को पैदल निकलने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं, खासकर जब कार्य पूरा होने के बाद उनकी मर मत ठीक से नहीं की गई है। इससे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई है और दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। ऐसे में मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन से संबंधित विभाग को आदेशित कर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलौदी में हुए सड़क हादसे का स्वतः संज्ञान लिया, 10 नवंबर को होगी सुनवाई

**● राजस्थान के फलौदी में हुए सड़क हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतस्संज्ञान लिया है. इस पर 10 नवंबर को जस्टिस जे.के. माहेशवरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ के सामने सुनवाई होगी. 2 नवंबर को हुए इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई थी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलौदी में हुए सड़क हादसे पर स्वत:संज्ञान लिया है. ये हादसा 2 नवंबर को हुआ था, जब एक टेंपो ट्रैवलर भरतमाला हाईवे पर एक ढाबे के सामने खड़े ट्रक से टकरा गया था. इस दौरान करीब 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी. वहीं दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

अब यह मामला जनहित याचिका (PIL) के रूप में सुप्रीम कोर्ट में दर्ज किया गया है. इस पर 10 नवंबर को जस्टिस जे.के. माहेशवरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ के सामने सुनवाई होगी. फालौदी हादसे पर सुप्रीम कोर्ट की यह पहल सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर एक बेहद अहम कदम माना जा रहा है।

**2 नवंबर को हुआ हादसा**

दरअसल 2 नवंबर को टेम्पो जोधपुर से महिलाओं और बच्चों को लेकर बीकानेर तीर्थयात्रा पर गया था.शाम को जोधपुर लौटते समय टेम्पो भारतमाला राजमार्ग पर एक ढाबे के सामने खड़े एक ट्रक से टकरा गया. यह ट्रक निर्माण सामग्री ले जा रहा था. इसलिए टक्कर बहुत ज़ोरदार थी।

**कम से कम 15 लोगों की मौत**

बताया जा रहा है कि वापसी के दौरान



टेंपो ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, इसी दौरान वह निर्माण सामग्री से लदे ट्रक से जा टकराया.इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए. इस घटना से हड़कंप मच गया था. चारों तरफ चीख पुकार मच गई थी।

इस दुर्घटना के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने इस साल कई मुद्दों पर स्वत-संज्ञान लिया है, जिनमें जांच एजेंसियों द्वारा कानूनी सलाह के लिए वकीलों को बुलाना , हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी संबंधी चिंताएं, आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं, राजस्थान की जोजरी नदी का प्रदूषण, राजस्थान के पुलिस थानों में कार्यात्मक सीसीटीवी की कमी और "डिजिटल गिरफ्तारी" घोटाले शामिल हैं।

## यूपी का 'थानेदार' निकला लुटेरा, मुंह में ब्लेड, जेब में चाकू रखकर ट्रेनों में मचा रखा था आतंक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रेलवे पुलिस ने एक कुख्यात चोर को तेलंगाना में गिरफ्तार किया है. उस पर तीन राज्यों में हुई ट्रनों में लूटपाट में शामिल होने का आरोप है. पुलिस ने आरोपी थानेदार सिंह के पास से सोना, चांदी नकदी और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं.मामले की जांच से पता चला कि, उत्तर प्रदेश का रहने वाला 36 साल का थानेदार सिंह नाम का शख्स मुंह में ब्लेक और जेब में चाकू छिपाकर ट्रेनों में चढ़ता था और यात्रियों को धमकी देकर उन पर हमला करके लूटपाट करता था।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, थानेदार सिंह ने तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 400 से ज्यादा चोरी और डकैती की वारदातें की हैं. आखिरकार उसे विकाराबाद रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ लिया गया।

शुक्रवार को, डीएसपी श्रीनिवास राव, इंस्पेक्टर लक्ष्मी बाबू और श्रीनिवास, आरपीएफ अधिकारी बीएन सिंह, रवि बाबू, बालाजी और त्रिमूर्ति ने लालागुडा रेलवे एसपी कार्यालय में एसपी चंदनदीप्ति की मौजूदगी में मीडिया के सामने इस घटना का खुलासा किया गया।

उत्तर प्रदेश के अरनी निवासी थानेदार ने 2004 में पुणे रेलवे स्टेशन पर सिगरेट और स्नैक्स बेचता था. इसी दौरान वह चोरी, डकैती करना लगा. धीरे-धीरे, उसने एक गिरोह बनाया और यात्रियों को लूटना शुरू कर दिया.

वह अपनी जेब में एक तेज चाकू और मुंह में एक आधा ब्लेड गाल के पास छिपाकर रखता था. जब यात्री ध्यान भटका हुआ होता या झपकी ले रहा होता, तो वह ब्लेड से बैग और जेबें काटकर कीमती सामान झपट लेता था. अगर कोई विरोध करता, तो वह उन पर हमला करता और फिर ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचकर फरार हो जाता था।

पिछले कुछ वर्षों सालों, थानेदार ने चोरी का सोना इकट्ठा किया और उसे उत्तर प्रदेश के



बैंकों में गिरवी रखकर कर्ज लिया. 2009 में उसकी शादी हुई और उसके बा दो बच्चे हुए. वह एक गेटेड कम्युनिटी में रहता था और अपने बच्चों को एक इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ता था. उसे क्रिकेट सट्टेबाजी का भी शौक था. हालांकि, उसने क्रिकेट सट्टे में कथित तौर पर 20 लाख गंवा दिए थे. उसके बाद वह अपनी पत्नी की मदद से गांजा तस्करी में लग गया. इस दौरान उसे कई बार गिरफ्तार किया गया और जेल भी हुई।

हाल ही में, 7 अक्टूबर को औरंगाबाद-गुंटूर एक्सप्रेस में एक महिला यात्री से लूटपाट के दौरान उसका पर्दाफाश हो गया. वह लूटपाट करते सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के जरिए उसका पता लगाया गया. पुलिस ने पुष्टि की है कि थानेदार सिंह के खिलाफ 62 मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## नगर पंचायत बख्शी का तालाब के वार्ड नं 9 में गंदा पानी बना मुसीबत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ** की आदर्श कही जाने वाली नगर पंचायत बख्शी का तालाब की जाने जमीनी हकीकत। नगर पंचायत के वार्ड नं 9 भैंसामऊ मेन रोड़ से विकास सिंह के हॉस्टल तक सड़क का निर्माण न होने से स्थानीय निवासियों में सरकार और जिम्मेदार लोगों के प्रति काफी नाराजगी है सड़क के दोनों साइड घर बने हैं नाली सड़क का निर्माण न होने से सीवर का गंदा पानी लगातार उफान होने के कारण सड़क पर भरा है इस सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण लोगों को आयदिन कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

**शिकायत पर शिकायत समाधान कुछ नहीं**

स्थानीय निवासियों अवध बिहारी पांडेय का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के लिए कई बार संबंधित विभाग को सूचित किया , लेकिन हालात जस के तस बने हुए है। वे कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों जिम्मेदार लोगों से इस समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं । जिला अधिकारी से लेकर तहसील दिवस में भी कई बार शिकायत की कोई सुनवाई नहीं हो रही। वार्ड में रहने वाले विकास सिंह ने मजबूर होकर अपने आप सड़क पर ईट डाल कर निकलने का वैकल्पिक रास्ता बना रहे हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## मिलेट्स की आधुनिक खेती सीखने निकले जिले के 50 किसान



**बलरामपुर।** अन्न मिलेट्स योजना के तहत जिले के 50 किसानों को राज्य स्तरीय एक्सपोजर विजिट पर शुक्रवार को रवाना किया गया। पांच दिवसीय यह अध्ययन दौरा सात से 11 नवंबर तक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में आयोजित होगा। यहां किसान आधुनिक कृषि मॉडल और मिलेट्स की उन्नत तकनीकों का अध्ययन करेंगे। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने बस को हरी झंडी दिखाकर किसानों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरकार श्री अन्न आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक्सपोजर विजिट से किसानों को वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन और प्रोसेसिंग के नए तरीकों की जानकारी मिलेगी, जो उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उप निदेशक कृषि श्याम नरायन राम ने कहा कि किसान मिलेट्स की उन्नत किस्में, जैविक विधियों, वैज्ञानिक फसल प्रबंधन, आधुनिक उपकरण संचालन तथा मार्केटिंग रणनीतियों को नजदीक से समझेंगे। एक्सपोजर विजिट से प्राप्त अनुभव किसानों को न सिर्फ तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगा, बल्कि गांवों में आधुनिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

## बस्ती में ऑटो और बस की भीषण टक्कर, 5 घायल, 2 की हालत गंभीर



**बस्ती।** बस्ती जिले में तेज रफ्तार का कहर मुंडेरवा थाना क्षेत्र के देवरिया माफी चौराहे के पास शनिवार को ऑटो और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी गंभीर थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ छानबीन शुरू कर दी बस टेंपो को अपने कब्जे में लेकर उचित कार्रवाई कर रही है प्रशासन है।स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने लोगों से अपील की है कि दुर्घटना वाले मार्ग पर सावधानी बरतें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

## बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे अज्ञात महिला का मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया कोतवाली क्षेत्र की बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे ककरही घाट के पास शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।ग्रामीणों ने सुबह शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर को मर्चरी हाउस भेज दिया । शव जानवरों द्वारा बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया गया था। इस कारण पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान ने बताया कि अज्ञात महिला का शव मिला है। उसे पहचान हेतु तीन दिन के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है उसके बाद पोस्टमार्टम करा कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपिता के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर मारपीट की घटना मे पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उमरपुर भटनी निवासी मंसूरी लाल सोनकर के पुत्र रमेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सात नवंबर को दोपहर वह घर में मौजूद था। विवाद को लेकर उसकी पत्नी माया देवी ने उस पर हमला बोल दिया। हमले मे पीड़ित को गंभीर चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपिता माया देवी के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# गोटवा में चल रहे अवैध आरा मशीन पर वन विभाग ने की कार्रवाईकई बार अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर के खिलाफ हो चुकी है कार्यवाही

### ●सोशल मीडिया वायरल खबरों का संज्ञान लेकर डीएफओ के आदेश उखाड़ी गई अवैध आरा मशीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती ।** बस्ती जिले केगोटवा बाजार के उत्तर तरफ किसान इण्टर कालेज के पीछे कई वर्षो से चल रहे अवैध आरा मशीन पर उड़ाका दल की टीम ने कार्यवाही किया । उड़ाका दल की टीम / वन विभाग की टीम ने अवैध आरा मशीन को उखाड़ दिया है और अवैध आरा मशीन संचालक राम किशोर को भविष्य में संचालित न करने की चेतावनी दी है । आपको बता दें कि बस्ती सदर वन रेंज के अन्तर्गत गोटवा बाजार में फुटहिया पुलिस चौकी व हल्का वन दरोगा की मिलीभगत से राम किशोर अवैध आरा मशीन संचालित कर रहा था । सोशल मीडिया पर खबर वायरल होते ही तेज तर्रार डीएफओ डा0 शिरीन सिद्दकी ने मामले का संज्ञान लेकर तत्काल अवैध आरा मशीन पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया था । डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम व उड़ाका दल की टीम ने मौके पर गोटवा पहुंच कर अवैध आरा मशीन को उखाड़ते हुए विधिक कार्यवाही किया है । राम किशोर के अवैध आरा मशीन पर कार्यवाही होते ही जिले में अवैध आरा मशीन संचालन करने वाले संचालकों में हड़कम्प मच गया है । सूत्रों की माने तो कई बार राम किशोर के अवैध आरा मशीन पर कार्यवाही हो चुकी है लेकिन संचालक राम किशोर के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज न होने के व समुचित विभागीय कार्यवाही न होने के कारण बीच - बीच में अवैध आरा मशीन का संचालन राम किशोर करने में सफल रहता है लेकिन अबकी बार तेज तर्रार डीएफओ डा0 शिरीन सिद्दकी ने चेतावनी दिया है कि सील अवैध आरा मशीन का पुनः संचालन होने पर संचालक के विरुद्ध सम्बंधित थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही की जायेगी ।

## सल्टौवा पीएचसी पर आशाओं का धरना सीएमओ के आश्वासन के बाद समाप्त , काम पर लौटी आशाएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केरूधौली विधानसभा क्षेत्र के सल्टौवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर शुक्रवार को आशा बहुओं ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज़ आशाओं ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओपीडी पर ताला जड़ दिया, जिससे स्वास्थ्य केंद्र की सभी सेवाएं ठप्प हो गई थीं। धरना स्थल पर पहुंचकर सपा से रूधौली विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए उन्होंने कहा कि आशाएं सरकार की सबसे मजबूत कड़ी हैं, जो दिन-रात जनता के स्वास्थ्य की सेवा में लगी रहती हैं। "24 घंटे जनता की सेवा के बाद भी इन्हें समय पर मानदेय नहीं मिलता, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है"। काफी देर तक रूधौली विधायक खुद धरना स्थल पर आशाओं के साथ बैठे रहे और शासन-प्रशासन पर संवेदनशील रवैया अपनाने का आग्रह किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीएमओ राजीव निगम ने आशाओं से बात की और एक सप्ताह में वेतन मिलने के आश्वासन के बाद आशाओं ने प्रदर्शन बंद कर दिया। आशाओं ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार सुबह प्रदर्शन शुरू करते हुए ओपीडी पर ताला लगा दिया था। जिसके बाद सेंटर पर चिकित्सकीय सेवाएं बाधित हो गई। आशा बहुओं की प्रमुख मांगों में नियमित मानदेय, कार्य अवधि में सुरक्षा, चिकित्सा बीमा, और अन्य भत्तों का समय पर भुगतान शामिल है।

## जालौन में पुराने झगड़े के बीच चली गोली, युवक के पैर में जा लगी, जांच में जुटी पुलिस

**जालौन।** रामपुरा नगर में राजा चित्तर सिंह विद्यालय के पास शनिवार की सुबह साढ़े 9 बजे के लगभग ग्राम मई व रामपुरा के युवकों के बीच दो दिन पहले हुए विवाद के बाद कहासुनी होने लगी थी। इसके बाद रामपुरा निवासी बउआ ठाकुर, कुलदीप पुत्रगण बबलू ठाकुर ने ने मई निवासी आशुतोष उर्फ छोटू के पैर में तमंचे से गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद ग्राम मई के 200 से अधिक ग्रामीण नगर में पहुंचे और बबलू ठाकुर के घर का घेराव कर दिया। सूचना पर रामपुरा, गोहन व माधौगढ़ थाने का फोर्स पहुंचा। सीओ अम्बुज यादव ने तुरंत घायल आशुतोष उर्फ छोटू को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा।

साथ ही घर से भागे बउआ ठाकुर, कुलदीप व उनके पिता बबलू ठाकुर की तलाश शुरु कर दी है। घटनास्थल पर आरोपित युवक अपनी बाइकें छोड़कर भाग गए हैं। सीओ अम्बुज यादव ने कहा कि दो दिन पहले दोनों पक्षों के युवकों में मारपीट हुई थी। शनिवार की सुबह फिर से दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। जिसमें एक पक्ष के युवकों ने गोली मार दी। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत




**रूद्रपुर, देवरिया।** शनिवार को अमिला मऊ निवासी अजय गुप्ता के भतीजे रवि गुप्ता पुत्र रामप्रीत गुप्ता उम्र 36 वर्ष अपने साथ अस्मित सिंह पुत्र रमेश सिंह के साथ अपने छोटे भाई राजन गुप्ता के शादी का कार्ड रिश्तेदारी मे बांटने कपरवार रुद्रपुर होकर देवरिया जा रहे थे। रुद्रपुर- मदनपुर रोड पर ग्राम दीनापार के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें रवि गुप्ता की मौत हो गई जबकि दो अन्य अश्मित सिंह उर्फ प्रिंस तथा विजयपुर निवासी विजेंद्र चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दो करोड़ से क्षेत्र पंचायत में होंगे विकास कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/गैसड़ी।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में सड़क, नाली, खड़ंजा और सीसी रोड निर्माण जैसे प्रस्ताव प्रमुख रूप से आए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह जगदंबा ने की। इस दौरान कृषि, स्वास्थ्य, बाल विकास, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सभी प्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने बताया कि संसाधन सीमित हैं, लेकिन सीमित बजट में भी विकास की गति को थमने नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया है। निर्देश दिया कि प्रत्येक विकास कार्य के पत्थर (शिलापट्ट) पर उस क्षेत्र के बीडीसी सदस्य का नाम अंकित किया जाए, ताकि लोगों को यह जानकारी रहे कि किस प्रतिनिधि की पहल से कार्य हुआ है। साथ ही हर ग्राम पंचायत में साइन बोर्ड लगवाने की योजना का भी एलान किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य का नाम अंकित होगा। बैठक में लौकी खुर्द, भोजपुर संतरी, पिपरा दुर्गानगर सहित दर्जनों गांवों में सीसी रोड व खड़ंजा निर्माण के प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिवजीत सिंह शिवा, खंड विकास अधिकारी नंदकुमार पांडेय, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, अफरोज अहमद, हैसियत अली, बृजमोहन मौर्य, पवन मौर्य आदि मौजूद रहे।

## चार्जशीट दाखिल होने के बाद जगी न्याय की उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गैड़ास बुजुर्ग थाने के सामने आत्मदाह करने वाले दलित राम बुझारत के परिवार को दो साल बाद उम्मीद की किरण नजर आई है। आरोपी दरोगा पवन कनौजिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब प्रकरण की सुनवाई अदालत में शुरू होगी। हाईकोर्ट के सख्त रुख और शासन की मंजूरी के बाद हुई इस कार्रवाई ने परिवार को न्याय की उम्मीद दी है। 23 अक्तूबर 2023 को थाने के सामने आत्मदाह करने वाले राम बुझारत की मौत के बाद से ही परिजन न्याय के लिए दर-दर भटक रहे थे। जांच से लेकर कार्रवाई तक कई बार मामला ठंडे बस्ते में चला गया। परिजनों का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि कभी आरोपी पर चार्जशीट दाखिल हो पाएगी। अब जब अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय की विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, तो परिवार को विश्वास है कि अब दोषी को सजा मिलेगी। मृतक की पत्नी कुसुमा देवी ने कहा कि मेरे पति को बेवजह प्रताड़ित किया गया था। हम गरीब लोग हैं, मगर अब भगवान और अदालत से न्याय की आस है। अगर दोषी को सजा मिलती है तो हमारे जैसे लोगों को भी हिम्मत मिलेगी।

**एक व्यक्ति की नहीं, व्यवस्था की लड़ाई**

राम बुझारत प्रकरण ने उस वक्त पूरे जिले में प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए थे। मृतक की जमीन पर पुलिस की भूमिका की पुष्टि होने के बाद शासन को दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी थी। अब जबकि मामला अदालत की दहलीज पर पहुंच गया है, जिलेभर में यह चर्चा है कि क्या आखिरकार राम बुझारत को न्याय मिलेगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शिवनाथ गौतम का कहना है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, व्यवस्था की लड़ाई है। अगर इस मामले में सख्त कार्रवाई होती है तो यह कई कमजोर लोगों के लिए मिसाल बनेगा।

## पंचायत भवन सरवनपुर पाण्डेय शराबियों के लिए बना शराब पीने का अड्डा

### ●ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्या ने पंचायत भवन के सुन्दरीकरण के नाम पर सरकारी धन का किया है लूट खसोट - सूत्रसीसीटीवी फुटेज, कम्प्यूटर सिस्टम, कुर्सी - मेज , आलमारी समेत अन्य सामाग्री पंचायत भवन से गायब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत सरवनपुर पाण्डेय के ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्या का काला कारनामा सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है । ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्या का पांच साल का कार्यकाल पूर्ण होने वाला है लेकिन ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम व अन्य सूचनाओं को लिखाना मुनासिब नहीं समझा । ग्राम पंचायत सरवनपुर पाण्डेय में पंचायत भवन शराबियों का शराब पीने का अड्डा बन चुका है । पंचायत भवन परिसर की चहारदीवारी टूट गया है और हर कमरे का दरवाजा एवं खिड़की 24 घण्टे खुली पड़ी रहती है । परिसर में कूड़ा करकट भरा पड़ा हुआ है । सैकड़ों शराब की खाली पैकेट पड़ी हुई है । सीसीटीवी फुटेज , कम्प्यूटर सिस्टम , कुर्सी मेज , आलमारी , सरकारी अभिलेख समेत अन्य सामाग्री पंचायत भवन से गायब हैं । पंचायत सहायक को घर बैठे प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है । सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्या ने पंचायत भवन मरम्मत / निर्माण कार्य के नाम पर सरकारी खाते से सरकारी धन को निकाल कर बंदर बांट कर लिया है । इस प्रकार स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान राजेश कुमार चौधरी के लापरवाही से ग्राम पंचायत में पंचायत भवन पर मिलने वाली सारी सुविधाएं नही मिल पा रही है । ग्रामीणों को किसी कार्य के लिए ब्लाक से लेकर जिला मुख्यालय तक चक्कर लगाना पड़ रहा है । अब बड़ा सवाल यह है कि कूड़े में तब्दील हो रही पंचायत भवन मामले का जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्यों नही संज्ञान लिया जा रहा है । इस सम्बंध में ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्या से जानकारी लेना चाहा तो ग्राम प्रधान का फोन स्वीच ऑफ निकला । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने कहा कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी ।

## राजकीय कार्यों के साथ-साथ गांव गांव चौपाल लगाकर महिलाएं बालिकाओं को जागरुक कर रही है उप निरीक्षक आकांक्षा

### ●मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत ग्राम पंचायत साहियापुर में छात्राओं को किया गया जागरूक – दहेज, बाल विवाह व महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना महराजगंज तराई की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत साहियापुर और में किया गया। उक्त कार्यक्रम शासन की पाहेल पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में की गई इस अवसर पर उप निरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने छात्राओं महिलाएं को संबोधित करते हुए दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं आत्मनिर्भरता दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा कानून तीन नए कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज लेना या देना दोनों ही दंडनीय अपराध हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृद्धा पेंशन योजना एवं विधवा पेंशन योजना पारिवारिक लाभ शौचालय प्रधानमंत्री आवास सामूहिक विवाह आदि की जानकारी दी गई, ताकि वे इनका लाभ प्राप्त कर सकें।

टीम ने छात्राओं महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, गर्भवती महिलाओं के लिए 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र व महिला साइबर सेल के कार्यो से भी अवगत कराया गया। टीम ने उपस्थित छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं, हालांकि किसी ने कोई शिकायत नहीं की। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल तेरस राम यादव, कॉन्स्टेबल सपना राज, कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार, कॉन्स्टेबल श्वेता मद्धेशिया, कॉन्स्टेबल पवनेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश की भूमिका सराहनीय रही। छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अंत में मिशन शक्ति टीम ने सभी को कानून का पालन करने और समाज में महिला सुरक्षा व सम्मान की भावना को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

## उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र का विधायक सुरेश पासी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

### ●कौशल विकास मिशन के तहत हेल्थ केयर का दिया जाएगा प्रशिक्षण

### सीटेड डायरेक्टर संजय सिंह, प्रधान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव सिंह, डीपीएमओ मृत्युंजय तिवारी,एएच इंटर कालेज प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर सहित संस्था के कर्मचारी रहे मौजूद

### प्रशिक्षण प्रदाता - सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड इण्टरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) जगदीशपुर अमेठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** मां वैष्णो देवी श्री सिद्धनाथ महिला महाविद्यालय शिक्षण एवं प्रशिक्षण सेवा संस्थान पाली रोड अंदीपुर शुकुल बाजार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री तथा 184 विधानसभा जगदीशपुर से विधायक सुरेश पासी ने फीता काटकर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण प्रदाता सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड जगदीशपुर अमेठी के डायरेक्टर संजय सिंह द्वारा जानकारी दी गई की कौशल विकास मिशन के तहत हेल्थ केयर स्किल इंडिया के तहत छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण तीन माह का है जो की पूरी तरह से निशुल्क है, जिसमें नर्स बनने का प्रशिक्षण दिया जाता है छात्र-छात्राओं की 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। कंपाउंड में प्लेसमेंट लगाकर प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, अभिभावक तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह में विधायक ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी उद्देश्य से इस केंद्र में युवाओं को हेल्थकेयर एवं स्किल इंडिया के विविध क्षेत्रों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।केंद्र के प्रशिक्षकों ने बताया कि यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी प्रोफेशनल ट्रेनिंग, प्रायोगिक ज्ञान और रोजगार मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों के शुरू होने से स्थानीय युवाओं को नए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य-सेवा कौशल का विस्तार भी होगा।समारोह के अंत में सभी प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए विधायक ने कहा, आज का युवा यदि कौशलयुक्त होगा तो रोजगार की कमी नहीं पड़ेगी। सरकार हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रमुख रूप से सीटेट के डायरेक्टर संजय सिंह उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के उपाध्यक्ष गौरव सिंह, एएचइंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर, डीपीएमओ मृत्युंजय तिवारी, सहित संस्था के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध मेले की तैयारियों का लिया जाएगा

### ●भव्य और सुरक्षित गोविन्द साहब मेले की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** आगामी 29 एवं 30 नवंबर से प्रारंभ होने वाले सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक गोविन्द साहब मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर, उप जिलाधिकारी आलापुर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लगभग एक माह तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने सफाई व्यवस्था, रेन बसेरा, कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था, फॉगिंग, पेयजल, टॉयलेट स्थापना एवं उसकी साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, साइकिल स्टैंड, चेंजिंग रूम, नाव व गोताखोर की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, खाद्य पदार्थ जांच व्यवस्था, खोया-पाया केंद्र, अलाव, साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, आवागमन एवं परिवहन व्यवस्था जैसी सभी व्यवस्थाओं को मेला प्रारंभ की तिथि से 10 दिन पहले ही पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने पार्किंग स्थलों पर रेट बोर्ड लगाने, प्रयाप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था को अपेक्षित समय में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मेला प्रारंभ होने से एक सप्ताह पूर्व ही सिंगल विंडो सिस्टम प्रारंभ किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जिससे परमिशन संबंधी कार्य सुगमता से संपन्न हों। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तालाब के निरीक्षण के दौरान तालाब के चारों तरफ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु हाई मास्ट लगाए जाने के निर्देश दिए। और जल सुरक्षा हेतु तालाब के अंदर उपयुक्त दूरी पर जल बैरिकेडिंग कर उसमें मजबूत जाली लगाई जाने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही तालाब में सुरक्षा की दृष्टिगत जल सुरक्षा कर्मी भी लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र को जोड़ने वाली समस्त सड़कों एवं उनकी पटरियों को मेला शुरू होने से 10 दिन पहले ही ठीक कराए जाने के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी आलापुर तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को मेला क्षेत्र में संचालित प्रमुख स्थलों/कैंपों का जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए।

## वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

**चित्रकूट-** प्रान्तीय योजनानुसार जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण का शनिवार को समापन हुआ। निरीक्षण दल में कानपुर सम्भाग निरीक्षक अजय दुबे, सरस्वती विद्या मंदिर कुरारा के प्रधानाचार्य गिरीश शुक्ला, रसायन विज्ञान प्रवक्ता शुभम द्विवेदी, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रीतम तथा कार्यालय प्रमुख आदित्य ने शनिवार को विद्यालय की जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित शाखा जानकी देवी दुलारी देवी सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण किया। इस मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, प्रबन्धक श्याम सुंदर मिश्रा, प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, शिवप्रकाश पाण्डेय, शिक्षण प्रमुख प्रमोद कुमार पाण्डेय, कार्यालय प्रमुख गोरेलाल, मीडिया प्रमुख विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवती का शव




**बिसवां (सीतापुर)** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा न्योराजपुर के ग्राम भीखपुर में एक युवती का शव फांसी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। मृतका की पहचान शालिनी चौरसिया पुत्री स्वर्गीय सियाराम चौरसिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना के समय शालिनी घर पर अकेली थी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस बीच मृतका के भाई राहुल ने गांव के ही युवक मो. मेहताब पुत्र मड़ई और उसके साथियों पर बहन को लंबे समय से परेशान करने, जबरन संबंध बनाने की कोशिश करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**सिधौली, सीतापुरः** कस्बा सिधौली स्थित प्रतिष्ठित महाविद्यालय श्री गांधी डिग्री कॉलेज, सिधौली की एनएसएस इकाई द्वारा ÷वंदे मातरम÷ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।,कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिधौली रेणुका यादव रहीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता, सेवा एवं संवेदनशील समाज की परिकल्पना पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। कार्यक्रम के पश्चात अधिशासी अधिकारी द्वारा महाविद्यालय परिवार से पुराने वस्त्र संग्रह किए गए, जिन्हें नगर के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों तक पहुँचाने का नेक कार्य किया गया। इस सामाजिक पहल की नगर में सर्वत्र सराहना की जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कर्तव्यों एवं सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं सफल आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय वर्मा ने किया, जबकि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. गोपाल सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

**आवश्यक सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेंस लि0 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की लल्लन बाबू तिवारी पुत्र हरीशचन्द्र तिवारी, निवासी-ग्राम- नेवादा, पो0- रसूलपुरग लखनऊ ने अपना भूखण्ड खसरा सं0-13 खसरा सं0-518 रकबा 1500 वर्गफिटग स्थित-गोयला, परगना-महोना, तहसील-बी0 के0टी0, लखनऊ, जिसकी चौहद्दी पूरब- शेष भाग विक्रेता (लल्लन बाबू तिवारी), पश्चिम -रास्ता 22 फिट चौड़ा, उत्तर- रास्ता 22 फिट चौड़ाग दक्षिण-भूखण्ड सं0-14 को श्री दिलेन्द्र ठाकुर पुत्र अमरेश को विक्रय का प्रस्ताव किया है। उपरोक्त भूखण्ड श्री दिलेन्द्र ठाकुर पुत्र अमरेश द्वारा उपरोक्त भूखण्ड आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड लखनऊ में बंधक किया जा रहा है उपरोक्त भूखंड विक्रेता की पैतृक सम्पत्ति है! यदि खसरे के सहखातेदार श्री अनूप कुमार तिवारीग अंजनी कुमार तिवारी, निर्मल कुमार तिवारी पुत्रगण लाल बिहारी व श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 लाल बिहारीग श्री उग्रसेन शाही पुत्र प्रहलाद शाही, श्रीमती एकता शाही पत्नी कमल सेन शाहीग श्याम रानी पत्नी स्व0 हरिशचन्द्रग मुन्ना बाबू तिवारी पुत्र हरिशचन्द्र तिवारी या किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था को उक्त प्रस्तावित बंधक अथवा क्रय, विक्रय से कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अंदर आपत्ति दर्ज कराने का कष्ट करे उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का दावा विचार योग्य नही माना जायेगा।

**आपत्ति हेतु संपर्क करे**
**ललित मोहन जोशी एडवोकेट**
**एमजी - 87 अलीगंज लखनऊ**
**मों - 95658 81290**

# रजाई फैक्ट्री में लगी आग लाखों का कपड़ा जलकर हुआ खाक, ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवई गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब इकबाल पुत्र बहादुर अली की रजाई फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई आग लगते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीण अपने-अपने घरों से निकलकर मौके पर दौड़ पड़े तेज लपटें और धुएं के गुबार से आसपास का इलाका दहशत में आ गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे फैक्ट्री से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया देखते ही देखते आग ने पूरी रजाई फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया कुछ ही देर में वहां रखी रजाइयां, कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया आग इतनी तेजी से फैली कि कोई सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग



बाल्टी, डिब्बे और पाइप लेकर पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने मिलकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट इसकी वजह हो सकता है। आगजनी की इस घटना में लाखों रुपए की रजाइयां और सामग्री जलकर खाक हो गई। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री मालिक इकबाल ने बताया कि फैक्ट्री में तैयार की गई रजाइयां बिक्री के लिए रखी थीं, जो पूरी तरह जल गई। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया अधिकारियों ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन आग से हुए आर्थिक नुकसान ने परिवार को गहरी चोट पहुंचाई है!!

## पीएम ने लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का किया शुभारंभ, सीतापुर में राज्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देशवासियों को बड़ी सौगात दी इस ट्रेन के शुभारंभ के साथ ही उत्तर प्रदेश को एक और तेज गति वाली ट्रेन की सुविधा मिल गई है लखनऊ से रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस जब सीतापुर पहुंची तो रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया। सीतापुर रेलवे स्टेशन पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एडीआरएम लखनऊ मण्डल रेलवे नीतू सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और सैकड़ों नागरिकों ने फूलमालाओं से ट्रेन का स्वागत किया इस दौरान स्टेशन परिसर में ÷वंदे भारत अमर रहे÷ और ÷जय भारत÷ के नारों से माहौल गूंज उठा। स्वागत समारोह के बाद नगर विकास राज्यमंत्री ने सीतापुर से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सहारनपुर के लिए रवाना किया जानकारी के अनुसार, लखनऊ से सहारनपुर के बीच लगभग 560 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन महज 7 घंटे में तय करेगी। यह ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा



रेलवे ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्टेशन पर कराया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे और गौरवान्वित महसूस किया वंदे भारत ट्रेन की इस नई सौगात से सीतापुर के लोगों में उत्साह देखने को मिला। दैनिक लोक जनसंदेश से बातचीत में यात्रियों ने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताया और कहा कि इससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी। एडीएम रेलवे नीतू कुमारी ने बताया कि यह ट्रेन फिलहाल ट्रायल रन के तहत चलाई गई है यात्रियों के लिए नियमित सेवा कब से शुरू होगी, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे जल्द ही समय सारिणी तय कर नियमित संचालन शुरू करेगा इस ट्रेन के शुरू होने से लखनऊ, सीतापुर, बरेली, सहारनपुर समेत कई जिलों के यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर का नया अनुभव मिलेगा!!

### इनोवेशन विज्ञान मेले में बनाये मॉडल


विजयी प्रतिभागी बच्चों के साथ अतिथि

**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग ने जीजीआईसी में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम 2025 में राजकीय पालीटेक्निक में सिविल अभियांत्रिकी अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं (रितिक, शिवम सिंह, महिमा, हेमा एवं प्रगति) द्वारा बनाए गये मॉडल स्मार्ट कार ने इनोवेशंस विज्ञान मेले में प्रथम पुरस्कार मेकेनिकल अभियांत्रिकी अन्तिम वर्ष के छात्र रामेश्वर द्वारा बनाए गये माडल आफिस रोबोट को द्वितीय पुरुस्कार एवं प्रथम वर्ष की छात्राओं अवनि दुबे, आध्या द्वारा बनाए गये स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं छात्रों का प्रोजेक्ट बनाने में मार्गदर्शन करने वाले अनुज कुमार, विवेक मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या घर में मचा कोहराम, भाई ने उत्पीड़न का लगाया आरोप पुलिस ने केस किया दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बिसवां कोतवाली इलाके में एक नाबालिग किशोरी का शव घर के अंदर लटकता हुआ मिलने से हड़कम्प मचा शनिवार सुबह घर के अंदर अकेली मौजूद किशोरी का शव लटकता देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरु कर दी है परिजनों ने गांव के ही एक नामजद युवक सहित चार अज्ञात लोगों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार ठहराया है मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में पुलिस तैनात है। जानकारी के अनुसार पीड़िता राहुल चौरसिया ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बहन शालिनी गांव के ही एक युवक से फोन पर बातचीत करती थी आरोप है कि इसी के चलते युवक लगातार किशोरी का उत्पीड़न कर रहा था। आरोप है कि जब घर में कोई मौजूद नहीं था तो किशोरी से मिलने गांव का ही व्यक्ति मेहताब पहुंचा और उसके बाद जब घर पर परिवार के सदस्य पहुंचे तो घर के अंदर किशोरी का शव लटकता हुआ मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों के बयान दर्ज किए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी मेहताब सहित 4 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है डॉक्टरों की निगरानी में हुए पोस्टमार्टम में डॉक्टरों ने आत्महत्या किए जाने की पुष्टि हुई है हालांकि परिजनों ने युवक और उसके



साथियों पर आत्महत्या कर लिए उकसाने और मौत का जिम्मेदार ठहराया है। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि किशोरी की आत्महत्या मामले में गांव के ही एक युवक से किशोरी बातचीत करती थी उसी के खिलाफ तहरीर आई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के केस दर्ज कर साक्ष्यों को आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

## दिल्ली एयरपोर्ट पर जीपीएस स्पूफिंग का खतरा, जानिए क्या है जीपीएस स्पूफिंग? क्या है इसका खतरा?

### ● उड़ानों का मार्ग बदला- जांच में जुटीं एजेंसियां

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) से एक बेहद चौंकाने वाली और सुरक्षा के लिहाज़ से गंभीर घटना सामने आई है। बीते कुछ दिनों से एयरपोर्ट के आसपास जीपीएस संकेतों में गड़बड़ी देखी जा रही है, जिसे जीपीएस स्पूफिंग का मामला माना जा रहा है। यह तकनीकी गड़बड़ी इतनी खतरनाक मानी जा रही है कि इससे विमानों की वास्तविक स्थिति की जानकारी गलत दिखने लगी, जिसके कारण कई उड़ानों को मार्ग बदलना पड़ा और हवाई यातायात पर असर पड़ा।

**क्या है जीपीएस स्पूफिंग?**

जीपीएस स्पूफिंग एक ऐसी तकनीकी गड़बड़ी है, जिसमें किसी स्रोत से नकली उपग्रह संकेत भेजे जाते हैं जो असली संकेतों की तरह दिखाई देते हैं। इससे विमान का नेविगेशन तंत्र भ्रमित हो जाता है और उसे लगता है कि वह किसी दूसरी जगह है, जबकि वह असल में कहीं और उड़ रहा होता है।

**इसे ऐसे समझिए—** जैसे किसी ने



आपके मोबाइल के नक्शे पर आपकी स्थिति बदल दी हो, और आपको यह एहसास ही न हो कि आप वास्तव में कहाँ हैं। विमान के मामले में यह बेहद खतरनाक और जानलेवा स्थिति बन सकती है, क्योंकि इससे गलत दिशा, ऊँचाई या रनवे की जानकारी मिल सकती है।

**दिल्ली हवाईअड्डे पर क्या हुआ?**

सूत्रों के अनुसार, पिछले दो से तीन दिनों से यह समस्या देखी जा रही है, ख़ास तौर पर तब जब हवा पूर्वी दिशा से चल रही होती है। इस गड़बड़ी के कारण कुछ पायलटों को विमान की सटीक स्थिति की गलत जानकारी मिलने लगी, जिससे उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा और कुछ विमानों को दूसरे हवाईअड्डों की ओर मोड़ना पड़ा। इस वजह से एयर ट्रैफिक नियंत्रण पर दबाव बढ़ गया और कुछ देर के लिए हवाई यातायात अव्यवस्थित हो गया।

**जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां–** यह पहला मौका है जब दिल्ली जैसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर इस तरह की घटना दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और हवाईअड्डा संचालक प्राधिकरण ने इस मामले की गंभीर जांच शुरू कर दी है। पायलटों को सतर्क रहने और वैकल्पिक दिशा-निर्देशन प्रणाली का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

**बड़ा सुरक्षा अलर्ट–** विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह घटना जानबूझकर की गई तकनीकी छेड़छाड़ साबित होती है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। फिलहाल तकनीकी विशेषज्ञ और हवाई यातायात नियंत्रण अधिकारी इस गड़बड़ी के स्रोत का पता लगाने में जुटे हुए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोका जा सके।

### खेत में ट्रैक्टर चला रहे किसान से घेरकर मारपीट




**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झरकौन के मजरा हरपुरा निवासी अंगद पुत्र स्व.थोवन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया है कि बीती 6 नव बर की शाम करीब 4 बजे वह अपने ट्रैक्टर पर बैठकर खेत बो रहा था। तभी गांव के ही करन व अमरचंद्र पुत्रगण लखन, ममता पत्नी लखन एकराय होकर आये और चारों तरफ से घेरकर षडयंत्र पूर्वक उसके साथ लाठियों से मारपीट करने लगे, जिससे उसके बांये पैर व दोनों हाथों और सिर में चोट लग गयी। कहा कि सौर्य प्लांट के पास बोर मिला तो उसे जान से मार देंगे और उसके खेत में लगा सौर्य प्लांट भी तोड़ देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## महिलाओं को प्रोत्साहन एवं स्वस्थ्य जागरूकता हेतु दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिधौली/सीतापुर।** मिलान फाउंडेशन के सौजन्य से आज ग्राम कबरन में महिलाओं को प्रोत्साहन एवं स्वस्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं एवं बच्चों को खेल भावना को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उन्हें निरंतर सक्रिय रहने एवं समाज में सकारात्मक प्रेरणा देने का संदेश दिया।

100 मीटर महिला दौड़ प्रतियोगिता में निम्न प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किए– प्रथम स्थानः गुड़िया यादव (इन्हें हार्ड केस भेंट कर सम्मानित किया गया), द्वितीय स्थानः पूनम मौर्या, तृतीय स्थानः सुनीता मौर्या इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रतिभागियों एवं बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए



गए।

मुख्य अतिथि डॉ. संदीप यादव ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिलन फाउंडेशन फैसिलिटेटर रजनीश कुमार पूजा पाल के द्वारा खेल एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े इस सराहनीय आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासियों ने आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां जारी रखने की अपेक्षा जताई।

## उपद्रवियों का हमला पिता-पुत्र समेत चार लोग घायल, 50 दबंगों ने किया लाठी-डंडों से हमला, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शहर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी चौराहे पर शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब करीब आधा सैकड़ा से अधिक उपद्रवियों ने लाठी-डंडों से लैस होकर उत्पात मचा दिया अचानक हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई। उपद्रवियों ने सड़क से गुजर रहे लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया, जिसमें एक बुजुर्ग महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है जानकारी के मुताबिक, पीड़ित कृष्णा गोपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार देर रात वह अपने घर से पुराना मकान देखने तिवारी चौराहे की ओर बेटे के साथ बाइक से जा रहे थे उसी दौरान वहां पहले से मौजूद करीब 50 अज्ञात लोग अचानक लाठी-डंडे लेकर हमला करने लगे। बताया गया कि उपद्रवियों



ने कृष्णा गोपाल सिंह और उनके बेटे पर जानलेवा हमला किया, जिससे पिता पुत्र सहित अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इस दौरान राहगीरों और घर के बाहर मौजूद लोगों पर भी उपद्रवियों ने हमला बोल दिया।

हमले की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को बचाया पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद कोतवाली नगर पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया डॉक्टरों के अनुसार पिता-पुत्र दोनों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना है कि हमलावर कौन थे और क्यों हमला किया, इसका उन्हें कोई अंदाजा नहीं है हमले के पीछे के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है वारदात ने इलाके में भय और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है स्थानीय लोग हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं!!

## विद्यालय की कोई भी छात्रा घरेलू महिला मात्र बनकर न रह जाए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद।** शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित कैरियर गाइडेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को कैरियर मेला आयोजित किया गया। इस मेले में छात्राओं को भविष्योन्मुली कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषतों की आमंत्रित किया ग किया गया था। प्रधानाचार्या रजिया खातून ने बठाया कि छात्राओं को उनकी रुचियों और उनके विषयों को आधार बनाकर अपने कैरियर की दिशा में आगे बढ़?ना चाहिए। इस अवसर पर एकेटीयू से प्रो0 आंजनेय रामी, इंजीनियर वंशज सक्सेना ने उपस्थित होकर बच्चों को इस दिशा में कैरियर बनाने के लिए अनेक उपयोगी जानकारियाँ दी। इन विशेषज्ञों ने संचार कौशल पर ध्यान देने पर विशेष बल दिया। इस मेले में डॉ. रुखसार खातून ने बच्चों की चिकित्सा के क्षेत्र में मौजूद कैरियर के विकल्पों पर जानकारी दी साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य का बिशेष ध्यान रखने पर बल दिया ताकि बच्चे कैरियर निर्माण के दौरान आने वाले तनान से निपट सकें। इस अवसर पर प्रबुद्ध सोनकर मर्चेन्ट नेवी में थर्ड ऑफिसर है इन्होंने बच्चों को नेवी और मर्चेन्ट नेवी जैसे क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने इस अवसर पर वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत आम उत्पादन और नर्सरी के क्षेत्र में मौजूद कैरियर के विकल्पों पर आकर्षक स्टाल्स लगाए। इजीनियरिंग, एक आई, मशीन लर्निंग, भारतीय शिक्षा प्रणाली सहित अनेक विषयों पर बच्चों ने कैरियर संबंधी स्टॉल लगाए



।इस अवसर पर अरि ड्रीम करियर से शिवेन्द्र सिंह ने बच्चों को पंख पोर्टल पर मौजूद 500 से अधिक कैरियर विकल्पों को देखने और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। विधालय की कैरिमर गाइडेन्स नोडल सोनी सिंह तथा विद्यालय के समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने बहुत उत्साह से इस मेले में भाग लिया।

## नवम दीक्षांत समारोहः कुलपति ने परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में 10 नवंबर को आयोजित होने वाले नवम दीक्षांत समारोह के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामयी आयोजन के लिए कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने शनिवार को संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत कुलपति ने अतिथियों के विश्राम स्थल से की, जहां उन्होंने राज्यपाल एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के ठहरने की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता और स्वागत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद कुलपति ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पंडाल व्यवस्था, मंच, तकनीकी प्रबंधन, बैठने की व्यवस्था, विद्युत एवं ध्वनि सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु मंच आदि का परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए गए।

कुलपति ने छात्रावासों का भी निरीक्षण किया तथा साफ- सफाई, पेयजल, स्वच्छ शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके उपरांत उन्होंने चंदन वाटिका, पदमा सरोवर, एवं ओपन जिम का भी अवलोकन किया, जिनका लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने परिसर की सौंदर्य-वृद्धि, उद्यान व्यवस्था तथा आगंतुकों के मार्गदर्शन हेतु संकेतक पट्टिकाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कुलपति ने विज्ञान संकाय, मुख्य प्रवेश द्वार, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय परिसर सहित पूरे विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण



कर तैयारियों की समीक्षा की। सभी संबद्ध अधिकारियों को समय-बाउंड कार्य पूर्ण करने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, और सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। कुलपति ने कहा कि नवम दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का प्रतीक है और इस अवसर पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने आयोजन समिति, अनुशासन समिति, स्वागत समिति, सुरक्षा समिति तथा अन्य सभी विभागीय टीमों को समन्वयपूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

## संगठन मजबूती पर जोर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने तय की आगामी रणनीति



**मलिहाबाद, लखनऊ।** विधानसभा मलिहाबाद क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रहीमाबाद के भतोइया स्थित ब्लॉक प्रमुख मीनू वर्मा के लॉन में बूथ अध्यक्ष एवं क्क्र-2 सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंडल मलिहाबाद से जुड़े सभी बूथ अध्यक्ष, क्क्र-2, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, वरिष्ठ एवं पूर्व पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की असली शक्ति बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी ही संगठन की मजबूती का आधार है। सम्मेलन के दौरान पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर अधिक सक्रिय रहकर जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, क्षेत्रीय विधायक मा जयदेवी कौशल, जिला उपाध्यक्ष हंस राज लोधी, मण्डल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, नेकपाल यादव, गोपी राजपूत, सोशयल मीडिया संयोजक नमन द्विवेदी सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर अल्फ़ाज़ में जादू, हर तर्ज़ में एहसास — यही है उर्दू

**जहाँ हर लफ़्ज़ कहे दिल की कहानी, वहीं उर्दू है**

**विश्व उर्दू दिवसः लफ़्ज़ों में रूह और अल्फ़ाज़ों में प्यार**




जहाँ तहज़ीब और अदब की छाया मिले, वहाँ उर्दू खिलती है, हर लफ़्ज़ में रूह की खुशबू, हर तर्ज़ में ज़िंदगी महकती है। उर्दू यह महज़ एक ज़ुबान नहीं, एक रूहानी धड़कन है – जिसमें मोहब्बत की महक है, अदब की नर्मी है, और इंसानियत की गर्माहट है। इस ज़ुबान के लफ़्ज़ होंठों से नहीं, दिल से निकलते हैं – जब कोई "जान-ए-मन" कहता है, तो उसकी आवाज़ में जो नज़ाकत और मिठास होती है, वो सिर्फ़ उर्दू ही बख़्श सकती है। यही वजह है कि 9 नवंबर का दिन पूरी दुनिया में "विश्व उर्दू दिवस" के नाम से रौशन होता है – उस ज़ुबान की ख़ातिर, जिसने सदियों से दिलों के दरमियान मोहब्बत के पुल बनाए हैं, अदब को ज़िंदा रखा है, और हर तक़रीर को तरन्नुम का जादू दिया है। यह दिन उर्दू के उस अज़ीम शायर, फ़िलॉसफ़र और दूरदर्शी विचारक डॉ. मोहम्मद इक़बाल की याद (जयंती) में भी मनाया जाता है – वही इक़बाल, जिन्होंने इंसान को उसकी ख़ुदी का एहसास दिलाया, और कहा था, "ख़ुदी को कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले, ख़ुदा बंदे से ख़ुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है।" उर्दू की दास्तान उस सरज़मीन से शुरू होती है, जहाँ हिंदुस्तान की मिट्टी में मोहब्बत, रूहानियत और विविधता की खुशबू घुली हुई थी। जब संस्कृत की गहराई, फ़ारसी की नज़ाकत, अरबी की रोशनी, तुर्की की ठाठ और हिंदवी की सादगी एक साथ मिले – तब उर्दू ने अपनी पहली साँस ली। यही वजह है कि इसे "गंगा-जमुनी तहज़ीब की ज़ुबान" कहा जाता है – एक ऐसी ज़ुबान, जिसने मज़हबों, जातियों और सरहदों की दीवारों को तोड़कर इंसानियत के दिलों को जोड़ दिया। दिल्ली के क़सीदों से लेकर लखनऊ की नज़ाकत भरी महफ़िलों तक, और हैदराबाद की चौपालों से लेकर कराची की गलियों तक – उर्दू ने हर जगह अपनी नर्म आवाज़ और मीठे लफ़्ज़ों से दिलों को जीत लिया। इसकी बोलचाल में ऐसा जादू है कि सुनने वाला भी ख़ुद-ब-ख़ुद शायर बनने लगता है। यही तो उर्दू की असल ताक़त है – ये सियासत की नहीं, जज़्बात की ज़ुबान है; ये हुकूमतों से नहीं, मोहब्बतों से चलती है। उर्दू का हर लफ़्ज़ जैसे किसी फ़नकार की कूची से निकला हुआ लगता है। जब कोई कहता है "ज़िंदगी गुलज़ार है" या "दिल-ए-नादान तुझे हुआ क्या है", तो ये महज़ शब्द नहीं, एहसास हैं – जो दिल में उतर जाते हैं। यही वह भाषा है जिसने मीर, ग़ालिब, फ़ैज़, जोश, इक़बाल और साहिर जैसे अज़ीम शायरों को जन्म दिया। इन शायरों ने उर्दू को वो ऊँचाई दी कि यह सिर्फ़ एक भाषा नहीं रही, बल्कि एक तहज़ीब, एक रवायत, एक जीवन-दर्शन बन गई। ग़ालिब के शेर में ग़म की शिद्दत है, फ़ैज़ की नज़्म में इंक़लाब की आवाज़ है, और इक़बाल की कविता में आत्म-साक्षात्कार की प्रेरणा। विश्व उर्दू दिवस हमें याद दिलाता है कि यह ज़ुबान सिर्फ़ अतीत की नहीं, बल्कि आज की और आने वाले कल की भी है। डिजिटल युग में, जहाँ संचार की गति बढ़ रही है, उर्दू का सौंदर्य आज भी सोशल मीडिया, फ़िल्मों, ग़ज़लों और साहित्यिक मंचों पर ज़िंदा है। बॉलीवुड के गानों में अगर इश्क़ की नर्मी है, तो उसकी जड़ें उर्दू में ही हैं। आज की पीढ़ी के लिए उर्दू सीखना सिर्फ़ एक भाषा सीखना नहीं, बल्कि अपने सांस्कृतिक अतीत से जुड़ना है। यह वह भाषा है जो "आप", "जनाब", "मेहरबानी", "शुक्रिया" जैसे शब्दों से आदर का सबक देती है। इसमें तल्ख़ी नहीं, मिठास है; तकरार नहीं, तहज़ीब है। उर्दू का लहजा सिखाता है कि बात कहना भी एक कला है – जिसे बोलते वक्त आवाज़ ऊँची नहीं, लफ़्ज़ गहरे होने चाहिए। डॉ. इक़बाल का जीवन और उनकी रचनाएँ इस दिवस का आधार हैं। उन्होंने उर्दू को न सिर्फ़ एक काव्यात्मक स्वर दिया, बल्कि उसे आत्मनिर्भरता और आत्म-गौरव की आवाज़ भी बनाया। उनके विचारों में इंसानियत, ज्ञान और ख़ुदी का दर्शन बसता है। उन्होंने उर्दू के ज़रिए एक पूरी पीढ़ी को सोचने का नया तरीक़ा दिया – ऐसा तरीक़ा जो सीमाओं से नहीं, सपनों से बंधा था। आज जब भाषाओं के अस्तित्व पर तकनीक का साया है, तब उर्दू को बचाए रखना हमारी ज़िम्मेदारी बनती है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में उर्दू पढ़ाई जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी यह समझ सके कि उर्दू केवल शेर-ओ-शायरी नहीं, बल्कि सभ्यता का आईना है। उर्दू पढ़ना एक नई दृष्टि पाना है – जो दुनिया को मोहब्बत के चश्मे से देखती है। इस ज़ुबान की सबसे ख़ास बात यह है कि यह किसी एक मज़हब, इलाक़े या वर्ग की नहीं है। यह उन सबकी है जो दिल से बोलते हैं, जो इंसानियत में यक़ीन रखते हैं। चाहे "मिर्ज़ा ग़ालिब" की शायरी हो या "फ़ैज़ अहमद फ़ैज़" की नज़्में – हर लफ़्ज़ में एक जज़्बा है जो इंसान को इंसान से जोड़ता है। विश्व उर्दू दिवस पर हमें यह सोचना चाहिए कि हम इस भाषा को अपनी दिनचर्या में कैसे ज़िंदा रख सकते हैं। किसी बच्चे को एक शेर सिखाना, किसी पोस्ट में उर्दू का एक ज़ुमला लिखना, या किसी बुज़ुर्ग से उनकी ज़ुबान में बात करना – ये छोटे कदम इस विरासत को आगे बढ़ा सकते हैं। उर्दू सिर्फ़ बोलने की नहीं, महसूस करने की चीज़ है। अगर दुनिया की तमाम ज़ुबानों में कोई ऐसी ज़ुबान है जो दिल की बात को सबसे ख़ूबसूरत और एहसासों से लबरेज़ अंदाज़ में बयां कर सके, तो वो उर्दू है। इसके हर लफ़्ज़ में मोहब्बत की महक है, हर तर्ज़ में एहसास की नरमी, और हर लम्हे में इंसानियत की धड़कन। यही वजह है कि जब उर्दू बोलती है, तो दिल सुनता है – और जब सुनाई देती है, तो रूह मुस्कुराती है। विश्व उर्दू दिवस दरअसल एक तारीख़ नहीं, बल्कि एक एहतराम है – उस ज़ुबान के नाम, जिसने सदियों से मोहब्बत को अल्फ़ाज़ दिए, इंसानियत को आवाज़ दी, और दिलों को जोड़ने का हुनर सिखाया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लफ़्ज़ जब उर्दू के लहजे में ढलते हैं, तो वो महज़ शब्द नहीं रहते – वो रूह बन जाते हैं, और वही रूह दुनिया को ख़ूबसूरत बना देती है।

**प्रो. आरके जैन**

# सहजीवन की सहजता के विपरीत है शीर्ष अदालत का फैसला

सदियों सहस्त्राब्दियों से इंसान और जीव पशु मवेशी सहजीवन जीते आए हैं। मानव ने अपनी ईश्वर प्रदत्त बौद्धिक क्षमता से पशुओं जीवों को अपने नियंत्रण में लेकर उनका उपयोग किया। सामान की आवाजाही से लेकर यात्रा परिवहन तक पशुओं पर आश्रित रहे कभी इंसान अपने भोजन को जुटाने के लिए शिकार के लिए कुत्तों का इस्तेमाल करते थे लेकिन समय के साथ साथ पशुओं के स्थान पर मशीनों का उपयोग विकसित हो गया। अब पशुओं जीवों की उपयोगिता कम हुयी तो अदालतें उनके लिए सीमाएं भी स्थापित करने लगी हैं। हाल ही में देश में विभिन्न राज्यों में आवारा कुत्तों व अन्य मवेशियों की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, यह फैसला सार्वजनिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां, नैतिक वैज्ञानिक प्रश्न, कार्यान्वयन संबंधी रस्साकशी भी जुड़ी हुई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में आवारा कुत्तों और पशुओं से बढ़ते खतरे पर संज्ञान लेते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और खेल परिसरों जैसे सार्वजनिक स्थलों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाना अनिवार्य है। साथ ही, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राज्यों को आदेश दिया गया है कि राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा मवेशियों और पशुओं को हटाया जाए। यह फैसला, एक ओर जहां नागरिक सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से स्वागत योग्य है, वहीं दूसरी ओर इसने पशुप्रेमियों और पशु-अधिकार संगठनों के बीच चिंता और असंतोष भी पैदा किया है। हालांकि देखा जाए तो आवारा कुत्तों-पशुओं से होने वाले हादसे, विशेष रूप से बच्चों पर हमले व रेबीज के बढ़ते मामलों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी प्रबंधन और पशु कल्याण की चुनौतियों को एक नए सिरे से उजागर किया है। इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को जारी सख्त निर्देशों का महत्व अनायास ही बढ़ गया है। इस आदेश का उद्देश्य निस्संदेह सराहनीय है। सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता, कब-किसने, किस स्थान पर, कितनी बार आवारा जानवरों ने मानवों पर हमला किया है, उन घटनाओं में बच्चों और बुजुर्गों का सुरक्षा-झुकाब पहले से ही अधिक रहा है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर जानवरों को उपस्थिति न सिर्फ भय का कारण है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिम जैसे रेबीज का प्रसारण का भी जरिया बन सकती है। अगर देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कुतों के काटने के मामलों में भयावह वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में ही देशभर में लगभग 37 लाख से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा, जबकि रेबीज से हर वर्ष 18 से 20 हजार मौतें होती हैं। अकेले दिल्ली में पिछले वर्ष रेबीज से 54 लोगों की जान गई। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह केवल पशु अधिकार का नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य का गंभीर प्रश्न बन चुका है। शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों में बढ़ते हमले न केवल बच्चों और बुजुर्गों के लिए भय का कारण बने हैं, बल्कि संस्थागत कार्यप्रणाली को भी बाधित कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि ऐसे परिसरों को आठ सप्ताह के भीतर 'डॉग-फ्री जोन' बनाया जाए, इसी बढ़ते संकट का जवाब है। इस आदेश के विरोध में पशु-अधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों ने भी मुखर प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी सांसद और पशुप्रेमी मेनका गांधी ने इस फैसले को %व्यवहारिक रूप से असंभव% बताया है। उनका तर्क है कि यदि किसी शहर से 5000 कुत्तों को हटाया भी जाए, तो उन्हें रखा कहां जाएगा? देश में फिलहाल इतने आश्रय गृह नहीं हैं, और न ही उनके संचालन के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति। पेटा इंडिया ने भी इसी तर्क के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध किया है। उनका मानना है कि यह फैसला पशुओं के साथ क्रूरता को बढ़ावा देगा और 'कैच एंड कन्फाइन' नीति लंबे समय में समाधान नहीं है। विशेषज्ञों की भी राय माने तो शेल्टर होम्स का निर्माण, संचालन, रख-रखाव संसाधन-गहन होगा। अनुमान है कि बड़े पैमाने पर कुत्तों को शेल्टर में स्थानांतरित करना भौतिक रूप से कठिन है। पशु कल्याण के दृष्टिकोण से यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पर्याप्त शेल्टर लॉजिस्टिक तैयार हैं और वहां जाकर कुत्तों के स्वास्थ्य, देखभाल, मानदंड ठीक से बचे रहेंगे कि नहीं इस पर चिंताएं उठ रही हैं। जिसमेंपशु-भोजन, सामुदायिक देखभाल, पड़ोसियों द्वारा खिलाने-पानी देने आदि शामिल हैं, अपनी जड़ों में गहरी हैं। यदि इसे अचानक खत्म किया गया तो प्रतिरोध, हिंसा, अनुकूल व्यवहार में गिरावट संभावित है। इसलिए इस आदेश को 'मानव सुरक्षा' बनाम 'पशु कल्याण' की द्वंद्वात्मक विमर्श में देखा जा सकता है। दोनों ही दृष्टिकोण अपनी-अपनी जगह से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि हम मानव जीवन, विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हैं, तो निःसंदेह यह कदम जायज ठहरता है। लेकिन अगर हम पशुओं के अधिकार हक, उनकी सामाजिक पारिस्थितिकी तथा मानवीय सहयोग-व्यवस्थाओं को भी महत्व देते हैं, तो हमें यह देखना होगा कि समाधान सख्ती के साथ-साथ संयम और दीर्घकालीन रणनीति पर आधारित हो। मगर यह बात तय है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को केवल पशुओं के खिलाफ कदम समझना भूल होगी। यह कदम मानव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। अदालत ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जो भी कुत्ते पकड़े जाएं, उनका बंध्याकरण, टीकाकरण और देखभाल पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अनुरूप ही किया जाए। इसका मतलब है कि अदालत ने 'हत्या या उन्मूलन' नहीं, वल्कि 'प्रबंधन' की दिशा में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। परंतु इसके साथ यह भी सच है कि इस आदेश को लागू करने के लिए जिस प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारी की जरूरत है, वह फिलहाल राज्यों के पास नहीं है। आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या केवल प्रशासनिक विफलता का नतीजा नहीं, बल्कि मानव विस्तार की कीमत है। इंसानी बस्तियों के फैलाव ने जंगलों, चारागाहों और प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ दिया है। इसके चलते न केवल वन्यजीव, बल्कि पालतू पशु भी विस्थापित हुए हैं। कई शहरों में ठोस कचरे के ढेर और खुले नालों ने कुत्तों के लिए कृत्रिम आवास तैयार कर दिए हैं। ऐसे में आवारा पशुओं का व्यवहार भी आक्रामक हुआ है यह उनका स्वभाविक नहीं, बल्कि प्रतिक्रिया जन्य व्यवहार है। इसलिए समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब इसे केवल सुरक्षा के नहीं, वल्कि पारिस्थितिक संतुलन के दृष्टिकोण से देखा जाए। भारत के लिए यह समय एक समग्र नीति पर पुनर्विचार का है। केवल पकड़ने और हटाने की रणनीति टिकाऊ नहीं होगी।

कुछ व्यावहारिक कदम इस दिशा में उठाए जा सकते हैं कि प्रत्येक जिले में कम-से-कम एक उब्ब मानक वाला पशु आश्रय गृष्ठ स्थापित किया जाए, जिसमें चिकित्सा सुविधा और प्रशिक्षित स्टाफ हो। कुत्तों को नियंत्रित स्थानों पर नियमित भोजन और पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि वे संवेदनशील परिसरों में न घुसें। देश में केवल 30 प्रतिशत कुत्तों का ही टीकाकरण हुआ है। इस अनुपात को 90 प्रतिशत तक पहुंचाना आवश्यक है। नागरिकों को यह सिखाना कि कुत्तों के प्रति सहानुभूति के साथ व्यवहार करते हुए भी उनकी आक्रामकता से कैसे बचा जाए। नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में कुत्तों की सटीक जनगणना करनी चाहिए, ताकि संसाधनों की सही योजना बन सके। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के माध्यम से यह संकेत दिया है कि संवेदना और सुरक्षा के बीच संतुलन आवश्यक है। न तो पशुओं के प्रति क्रूरता को स्वीकार किया जा सकता है, न ही मानव जीवन को जोखिम में डाला जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इसी संतुलन की ओर एक कदम है कि एक ऐसी व्यवस्था की ओर, जहां न तो किसी बच्चे को डर में जीना पड़े, न किसी पशु को भूख और हिंसा में मरना पड़े।इंसान और पशु दोनों का अस्तित्व जीवन सुरक्षित रहना चाहिए वरना अदालतों के अस्तित्व और न्याय पर अंगुली उठना लाजिमी है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# आखिर कब तक जातिवाद के सहारे सत्ता स्वार्थ की रोटियां सेकते रहेंगे - राजनेता

बिहार मे हो रहे विधानसभा चुनावों के दौरान सत्ता स्वार्थ की लालसा मे राजनीतिक दलों के कुछ जिम्मेदार राजनेताओ द्वारा जातिवाद को केंद्र मे रखकर मतदाताओं को लुभाने का कार्य किया जा रहा है। बेशक देश मे जब भी लोकसभा या विधानसभाओं के चुनाव होते हे या फिर स्थानीय पंचायतों के ही चुनाव क्यो न हो वहाँ भी जातिवाद ही अक्सर सब मुद्दों पर भारी पड़ते हुए दिखाई देता है। देश मे चुनाव के दौरान जातिवाद के आगे राष्ट्रीय विकास गोण हो जाता है इसीलिए तो किसी भी दल के लिए विकास के नाम पर चुनाव मे उतरना चुनौती भरा होता है। देश मे सभी दल चुनाव के समय धनबल बाहुबल के साथ जातीय समीकरण को बड़ी बारीकी से साधते है। देश मे बिहार राज्य जातिवाद का सबसे बड़ा उदाहरण रहा हे जहा पर राजनेताओ के द्वारा जातिगत राजनीति के चलते अकुत खनिज भंडारों से भरा बिहार राज्य आज विकास कि दोड़ से देश के अन्य राज्यों से बहुत पीछे रहा गया है। धनबल ओर बाहुबल के आसरे जातिवाद की राजनीति करने वाले नेताओ ने सत्ता पाकर हमेशा अपना ही विकास किया है जिसके कारण देश के कई राज्य अति पिछड़ेपन के श्राप से इस आधुनिक विकसित जमाने मे भी मुक्त नहीं हो रहे है। इसे इस देश की विडंबना कहे या फिर दुर्भाग्य कहे कि देश के जिम्मेदार राजनेता अपने सत्ता स्वार्थ के चलते देश की संवैधानिक संस्थाओं को भी चोट पहुंचाने से नहीं चूकते है। वोटबैंक की राजनीति करने वाले राजनेता अब इतने हल्के स्तर की राजनीति करने लग गए हे कि वह देश की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाली सेना को भी अब जातिवाद के चश्मे से देखने लग गए हे जो कि भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद ही गंभीर चिंतन का विषय है। देश की सुरक्षा और संवैधानिक संस्थाओं को जात पात के चश्मे से देखने वाले चाहे वह कितना भी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति क्यों न हो देश की जनता ऐसे तत्वों का सरेआम विरोध करना चाहिए और जातिवाद की राजनीति करने वाले जरा अपने अंदर भी झांक कर देखे की जब भी उनकी अपनी पार्टियों मे चुनाव के समय या सता मे रहते जिम्मेदारियों देने की बात आती हे तो क्या वे खुद उसका पालन करते है?आज जो भी राजनीतिक दल के नेता जातिवाद की बात करते हे वह जब जब भी सत्ता मे रहे तब तब क्या उन्होंने अपनी बातो का पालन किया है? आज जातिवाद सिर्फ अशिक्षित, कट्टरपंथियों ओर गरीब तबके के लोगों का वोट अपनी ओर करने का साधन मात्र रह गया है। सत्ता पाते ही जातिवाद के नाम पर राजनीति करने वाले राजनेताओ द्वारा गरीब और पिछड़ी जातियों के लोगो को भुला दिया जाता हे ओर लाभ के पदों पर अपने ओर अपने चहेतों को जिम्मेदारियों से नवाजा जाता है।

देश की जनता को भी अब यह तय करना होगा कि उन्हे क्या चाहिए जातिवाद या फिर अपना विकास ओर राष्ट्र की हिफाजत ! बेकोल देश के कमजोर गरीब वर्ग के हर जाती के लोगों के विकास के लिए सरकारों को प्रतिबद्ध होना चाहिए ओर विकास की योजनाओ का सही क्रियांवन भी किया जाना चाहिए ताकि देश गरीबी ओर पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्त सके ! इसे दुर्भाग्य ही कहे भारत का कि आजादी के बाद से अब तक देश न तो गरीबी से मुक्त हुआ हे ओर न जातिवाद के श्राप से ! आजादी के इतने सालों बाद भी यदि देश जातिवाद ओर गरीबी के श्राप से मुक्त नहीं हुआ है तो यह हमारे राजनेताओ की इच्छा शक्ति की कमजोरी का परिणाम है। यदि देश के सभी दलों के राजनेता एकमत से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जातिवाद की बजाय विकास की बात करते तो देश आज विश्व का सबसे शक्तिशाली विकसित राष्ट्र बन गया होता लेकिन अफसोस तो इस बात का हे कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक युग मे भी हमारे देश मे राजनेताओ द्वारा जात पात की राजनीति की जाती हे जो विकसित भारत के विकास के ध्येय मे बाधक बनी हुई है। आज देश की जनता को भी चिंतन करना होगा कि वह आखिर कब तक जातिवाद कि बेड़ियों मे बंधकर राजनेताओ के इशारों पर अपना ओर अपने देश का विकास अवरुद्ध करने वाले नेतासो को विधानसभाओ में भेजते रहेगे ! देश की सीमाएं जातिवाद के आसरे ज्यादा दिन सुरक्षित नहीं रह सकती हे ओर न ही जातिवाद के आधार पर राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। देश को विकसित करना हे तो हमारे राजनेताओ को संकीर्ण जातिवाद कि सोच से ऊपर उठ कर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की बात करना होगा ओर जनता को भी ऐसे ही राजनेताओ को जनादेश देना चाहिए जो जातिवाद से ऊपर उठकर देश के विकास ओर सुरक्षा की बात करते हो ! देश कि जनता इक्कीसवी सदी मे जी रही हे ओर नई पीढ़ी के लोग अपना विकास चाहते हे ! देश मे जात पात की राजनीति करने वाले नेताओं को भी चिंतन करना होगा कि आखिर कब तक वह जातिवाद के सहारे सत्ता स्वार्थ की रोटिया सेकते रहेंगे ओर जनता को झूठे सब्जबाग दिखाते रहेंगे !

**अरविन्द रावल**

# संपादकीय

## मौन सर्वप्रियता का एक अचूक साधन,वाकशक्ति का सुनियोजन है वाणी

भारतीय मनीषियों ने हमारी वाणी को वाक्शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य है और जब मौन हो जाता है तो वह देवता है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन देवताओं की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है, परन्तु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है, इसलिए जो साधक साधनाकाल में वाणी पर संयम रखकर मौन साधना करते हैं, मौन के द्वारा उनकी आत्मा के भीतर सुप्त शक्ति प्रचंड बनती है।हमारे प्राचीन साहित्य में वाक्शक्ति वाणी के चार भेद बताये गये हैं। साधारण मनुष्य अपने अन्तःकरण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर ही बिखेर देता है किन्तु साधक मौन रहकर उस शक्ति को आत्म-शक्ति के संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देते हैं।बिहार में के विधानसभा चुनाव की ही बात कीजिये।अनर्गल और जूठी वाणी बोलकर राजनेता लोगो से दूर होते जा रहे है।कांग्रेस नेता राहुल,प्रियंका और तेजस्वी जैसे नेता अनर्गल बयानबाजी करते नजर आए।राहुल ने तो बिहार चुनाव में जूठे आरोपो की झड़ी लगा दी।उनकी मन की शक्ति को कारण बिना ही बिखेरते नजर आए।मोदी और भाजपा पर असीमित आरोपो से उनके मन की शक्ति को अनायास बिखेरते नजर आए।कई बार चुनाव आयोग और सतारूढ़ सरकार पर आरोपो की झड़ी लगा दी।लेकिन मोदी पर और चुनाव आयोग पर लगाए जूठे आरोपो पर कभी भी मोदी में पलटवार नही किया।क्योंकि मोदी जानते है कि जूठे लोगो के मुह नही लगकर वे अपने देश के विकास कार्यों में समय और शक्ति खर्च करने में अपनी देशभक्ति समझते है।लेकिन विपक्ष जूठे आरोप लगाकर उनको बदनाम करने की कोशिश करते है।मोदी कहते है वे नामदार है और मैं कामदार हूँ।मुझे तो 140 करोड़ लोगों की फिक्र है।लेकिन उनको पांच सात लोग अपने परिवार की चिंता है।बिहार में राहुल ने हरियाणा के नाम पर चुनाव आयोग को घेरा है।

उससे कांग्रेस की बिहार में बुरी दशा होगी।मौन रहते तो शायद फायदा होता,लेकिन अब चिडिया चुग गई खेत वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।इसलिए कहा गया है कि मौन व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और अधिक लोकप्रिय बनाती है। जो जितना कम बोलता है उसकी वाणी उतनी ही अधिक प्रभावशाली होती है और लोग उसके संकेतों पर, उसके विचारों पर चलने को उद्यत हो जाते हैं। जब मौन टूटता है तो वाणी की शक्ति बिखर जाती है।चिन्तन-शक्ति भी बिखर जाती है और प्राण-शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। मोदी की बात का प्रभाव इसलिए पड़ता है कि मोदी जूठे आरोप नही लगाते है,जैसे तेजस्वी और राहुल लगा रहे है। कई बार देखा सुना है, मौनी साधक जब दीर्घकाल का मौन खोलते हैं तो उनका पहला शब्द, पहला मंगलपाठ, उनके मुख से निःसृत प्रथम वाणी कुछ अलग ही प्रभावकारी होती है। क्योंकि दीर्घकाल की संचित शक्ति उस वाणी से व्यक्त होती है, जिसका लाभ सुनने वालों को मिलता है। धीरे-धीरे उस मौन की चमत्कारी शक्ति क्षीण पड़ जाती है। सोनिया गांधी जब तक चुप थी, अजेय थी। सर्वप्रिय थी और आलोचनाओं से बची थी। जब बोलने लगी है। उनकी क्या दशा बनी है यह हमारे सामने है। क्योंकि सोनिया और राहुल आलोचनाओं से वह कैसे अपना बचाव कर सकते है।क्योंकि कोर्ट से जमानत पर है। बीरदास जी का कहना है- वाद विवादे विष वर्धना, बोले बहुत उपाध। मौन गहै सबकी सहे, सुमिरै नाम अगाध ॥ बोलने से विवाद बढ़ता है। मौन से सबके साथ मित्रता बनी रहती है।मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। संस्कृत की सूक्ति है-"मौनिनः कलहो नास्ति।" मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है। मौन एक रक्षा कवच है, ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी। ज्ञानी मौन रहता है, तो उसका वह गुण है, भूषण है और वह अपने सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाये रख सकता है। मूर्ख जब तक मौन रहता है, लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन।मौन रहने से मन को ताजगी मिलती है। जैसे एक-दो घण्टा की नींद लेने से खोई हुई शक्ति वापस मिल जाती है। थकावट दूर होकर शरीर में ताजगी आ जाती है। उसी प्रकार मौन रहने से विचारों में, मन में ताजगी भर जाती है। विवेक में स्फूर्ति आ जाती है। वाणी में जोश आ जाता है। बोलने में शक्ति का सर्वाधिक क्षय मौन का अर्थ है,ऊर्जा के बिखराव को समेटना। अपनी भीतरी शक्ति को संगृहीत कर उच्च-स्तरीय पुरुषार्थ में, आत्म-अभ्युदय के श्रेष्ठ मार्ग में लगाना। एक घण्टा बोलने से जितनी शक्ति नष्ट होती है, उसे वापस प्राप्त करने में कई घण्टा लग जाते हैं। जैसे शरीर को शक्तिमान और बलवान बनाये रखने के लिए ब्रह्मचर्य की महिमा है। उसी प्रकार वाणी को प्रभावशाली बनाये रखने के लिए मौन-साधना का महत्त्व है। घण्टों की संचित शक्ति को क्षीण कर देता है। हम देखते है, अन्तिम समय में मरने से पहले मनुष्य की बोली बंद होती है। वह हाथों व आँखों के इशारे से अपना भाव जताने की चेष्टा करता है। मतलब यह है जब चेतना शक्ति क्षीण होने लगती है तो सबसे पहले वाणी की शक्ति क्षीण होती है। जन्मता बच्चा बोल नहीं पाता, परन्तु हाथ-पैर हिलाकर अपनी पीड़ा व हर्ष की अभिव्यक्ति करता है। सात-आठ महीने बाद बच्चा बोलने लगता है। परन्तु बाकी चेष्टाएँ जन्मते ही शुरू कर देता है। इसका मतलब है-बोलने में सबसे अधिक शक्ति लगानी पड़ती है।

जबकि जीभ से सिर-हाथ कितना भारी होता है। अर्थात् इतना बड़ा सिर हिलाने में जितनी शक्ति लगती है उससे भी ज्यादा शक्ति खर्च होती है टके भर की जीभ हिलाने में। मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुँचा सकता, जबकि मनुष्य बोलकर समाज में कलह, विग्रह, विद्वेष, फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है। जितने दंगे, फसाद, खून-खराबा होता है, उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है।अण्डे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लगती है। उसकी चहचहाहट सुनकर डोम कौआ आ जाता है। वह उसके अण्डे छीन लेता है और जो वस्तुएँ उसने अपनी भावी सन्तान के खाने के लिए रखी थीं उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो इन दोनों आफतों से बच सकती थी। संसार का इतिहास उठाकर देख लो, जितने भी अनर्थ हुए हैं, युद्ध हुए हैं, नर-संहार हुए हैं, उनके पीछे सबसे बड़ा कारण यह वाणी रही है। बोलने से ही अनर्थ हुए हैं। द्रौपदी अगर एक कटु वचन नहीं बोलती तो महाभारत की विनाश लीला नहीं होती। कुरुक्षेत्र में खून की नदियाँ नहीं बहतीं। अठारह अक्षौहिणी विशाल सेना का विनाश क्यों हुआ ? एक द्रौपदी के बोलने के कारण। दशरथ यदि कैकेयी को एक वचन नहीं देते, तो न तो राम की जगह भरत का राजतिलक होता, न ही राम वनवास जाते और न ही रावण के साथ युद्ध होता। भगवान महावीर के समय का प्रसंग देख लो, गोशालक भगवान महावीर से संघर्ष करने के लिए आता है। क्रोध में उन्मत्त हुआ भगवान को गालियाँ देता है। अपशब्द कहता है। भगवान को झूठा बताता है। खुद को सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान बताता है। गोशालक का यह प्रलाप सुनकर अनेक लोग उत्तेजित हो जाते हैं। अपने भगवान का अपमान कौन सह सकता है। किन्तु भगवान महावीर स्वयं मौन धारण किये रहते हैं। सबको शान्त करते हैं। कहते हैं-कोई भी साधु नहीं बोलेगा। धर्मसभा में भगवान के दो शिष्य सर्व तू भगवान का शिष्य बना था। इनके साथ-साथ रहा था। इनको अपना धर्म-गुरु माना था और आज तू इनका ही अपमान कर रहा है ! अपने धर्म-गुरु की अवहेलना कर रहा है ! आज भी परिवार, समाज व राष्ट्र के किसी भी क्षेत्र में चले जाइये जितने विग्रह होते हैं, संघर्ष होते हैं, परिवार टूटते हैं, पार्टियाँ टूटती हैं, उनके मूल में कहीं न कहीं बोलना ही मुख्य कारण रहता है। सास-बहू के कलह में यदि सासु मौन रख ले तो बहू अकेली कितनी देर बक-बक करेगी। अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। बिना घास के चिनगारी किसको जलायेगी।सूखी जगह पर गिरी आग अपने आप बुझ जाती है।

अकेला व्यक्ति कलह नहीं कर सकता। झगड़ा तभी होता है जब दो मिलते हैं। दोनों में एक मौन साधकर बैठ जाये तो दूसरा अपने आप थोड़ी देर में शान्त होकर चला जायेगा। कलह के प्रसंग पर मौन शान्ति का उपाय है। विपत्ति के समय मौन धीरज देता है और मन के भीतर नया प्रकाश फैलाता है। मौन से आत्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। भगवान महावीर ने अपने साधनाकाल में साढ़े बारह वर्ष तक मौन तप किया था। दीक्षा लेते ही उन्होंने संकल्प कर लिया था कि मैं आवश्यकता होने पर केवल पाँच वाक्य ही बोलूँगा। भगवान ऋषभदेव ने 12 मास तक मौन व्रत धारण किये रखा। शिष्यों ने कितना ही पूछा "प्रभु ! हमें बताइये हम क्या ग्वायें कहाँ रहें?" परन्तु भगवान कुछ भी नहीं बोले। ऐसा कठोर मौन व्रत धारण किये रहे। जितने भी तीर्थंकर होते हैं छद्मस्थ काल में दीक्षा लेने के बाद जब तक केवलज्ञान प्राप्त नहीं होता मौनपूर्वक तप करते रहते हैं। इस अखण्ड मौन तप के पीछे क्या उद्देश्य है। यही कि मौन से वाणी का संयम होता है, ध्यान में एकाग्रता बढ़ती है और आत्मिक ऊर्जा प्रगट होती है। मौन योग साधना, ध्यान साधना है।

हमारे मुँह से निकला प्रत्येक शब्द मन पर गहरा प्रभाव डालता है। एक संस्कार छोड़ता है, उस संस्कार से वातावरण निर्मित होता है। वातावरण से जीवन बनता है। हमारी जिह्वा से निकला प्रत्येक शब्द हमारे भाग्य का निर्माण करता है। हमारे आसपास केवायुमण्डल का निर्माण करता है। मुँह से निकला शब्द एक बीज है, जो मन की भूमि पर धीरे-धीरे अंकुरित होता है। इसलिए शब्द का प्रयोग करते समय बहुत सावधानी बरतना है। अच्छे शब्द बोलने वाले परिवारों के बालकों में अपने आप अच्छे संस्कार निर्माण होते हैं। जबकि बुरे, गंदे शब्द बोलने वाले परिवारों के बच्चों में माता-पिता, परिवार की बोली सुनकर वैसे ही संस्कार पनपने लगते हैं। इसलिए बोलने में विवेक और संयम रखना हमारे अपने ही कल्याण के लिए आवश्यक है।

**कांतिलाल मांडोत**

# विज्ञान में करुणा का समावेश ही विश्वशांति का सूत्र

हर वर्ष 10 नवम्बर को विश्वभर में "शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस" मनाया जाता है। यह दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों के उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उस आत्ममंथन का क्षण भी है जब विश्व के विभिन्न देशों के शासक और राजनेता यह विचार करे कि क्या विज्ञान का प्रयोग वास्तव में मानव कल्याण, प्रकृति-संतुलन और विश्वशांति के लिए हो रहा है? विज्ञान की सबसे बड़ी शक्ति उसकी तटस्थता में निहित है।वह न तो स्वभावतः शुभ है, न अशुभ। उसकी दिशा मनुष्य की नीयत और मूल्यनिष्ठा निश्चित करती है। जब विज्ञान में करुणा और नैतिकता का समावेश होता है, तब वही ज्ञान विश्वशांति का सूत्र बन जाता है।आज विज्ञान ने मानव जीवन को जितनी सुविधाएँ और संभावनाएँ दी हैं, उतने ही गंभीर प्रश्न भी उपस्थित किए हैं। चिकित्सा, सूचना, अंतरिक्ष, ऊर्जा और संचार आदि के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, पर उसी विज्ञान के दुरुपयोग ने परमाणु हथियार, जैविक युद्ध, साइबर अपराध और पर्यावरणीय विनाश जैसी भयावह स्थितियाँ उत्पन्न की हैं। यह विरोधाभास बताता है कि विज्ञान का मूल्य उसकी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि उसके प्रयोग की भावना में निहित है। जब विज्ञान करुणा और विवेक से संचालित होता है, तब वह सृजन का पर्याय बनता है; किंतु जब उसमें लोभ, सत्ता और अहंकार प्रवेश कर जाते हैं, तो वही विज्ञान विनाश का साधन बन जाता है। 21वीं सदी के इस तकनीकी युग में विज्ञान की उपलब्धियाँ अभूतपूर्व हैं, पर उसी अनुपात में उसका दुरुपयोग भी बढ़ा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जीन-संपादन, निगरानी तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग जहां जीवन को आसान बना रहा है, वहीं इनका अनियंत्रित और अनैतिक प्रयोग मानव गोपनीयता, स्वतंत्रता और अस्तित्व पर प्रत्यक्ष संकट बनकर उभरा है। डीपफेक, डिजिटल हथियारकरण, सूचना-प्रवंचना और साइबर युद्ध जैसे आयामों ने विज्ञान को भय का प्रतीक बना दिया है। पर्यावरण में बढ़ता कार्बन, प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन, और स्वास्थ्य के नाम पर रचित कृत्रिम विषाक्तता इस बात की चेतावनी देते हैं कि यदि विज्ञान से संवेदना और जिम्मेदारी का तत्व विलुप्त हो गया, तो उसकी प्रगति स्वयं मानवता के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न बन जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि विज्ञान का हर नवाचार जीवन के प्रति आदर और नैतिक सीमाओं के भीतर रहे।विज्ञान का जन्म जिज्ञासा से हुआ, पर इसका चरम उद्देश्य करुणा और कल्याण होना चाहिए। जब विज्ञान ने मानव सेवा का रूप लिया, तब उसने रोगों को हराया, अंधकार को प्रकाश में बदला, और जीवन को दीर्घ, सुरक्षित और सहज बनाया। पर जब यही विज्ञान स्वार्थ, सत्ता और प्रभुत्व की राजनीति के अधीन हुआ, तब उसने युद्ध, भय और अविश्वास को जन्म दिया। परिषदों, नवाचार मंचों और प्रयोगशालाओं में अब समय है कि तकनीक की दिशा को नैतिक बुद्धिमत्ता से जोड़ा जाए।विकास का अर्थ केवल तकनीकी वृद्धि या औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि नहीं, बल्कि उस प्रगति का मानवीय लाभ है। विज्ञान तभी सार्थक है जब उसकी उपलब्धियाँ सबके लिए सुलभ हों। चिकित्सा, कृषि, ऊर्जा और डिजिटल नवाचार तब ही अपने उद्देश्य तक पहुँचते हैं जब वे पीड़ित मानव तक राहत और सशक्तिकरण का साधन बनें। हरित ऊर्जा तभी अर्थपूर्ण है जब वह पृथ्वी के संतुलन और पर्यावरण की रक्षा करे। जब विज्ञान में संवेदना और उत्तरदायित्व का संगम होता है, तब विकास स्थायी बनता है और समाज में शांति का वातावरण निर्मित होता है। युनेस्को द्वारा वर्ष 2001 में आरंभ किया गया विश्व



विज्ञान दिवस इस विश्वास का प्रतीक है कि विज्ञान सीमाएँ नहीं, बल्कि सेतु बनाता है। जब विश्व के वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन, महामारी या ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों के समाधान हेतु एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब वे मानवता के साझा भविष्य की रक्षा करते हैं। यही सहयोग और सहानुभूति विश्वशांति की वास्तविक नींव है। सच्चा वैज्ञानिक वही है जो अपने अनुसंधान में मनुष्य की करुणा और पृथ्वी की पुकार को एक साथ सुन सके। भारत की वैज्ञानिक ज्ञान परंपरा सदैव "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना से प्रेरित रही है। हमारे प्राचीन ग्रंथों और दर्शन ने विज्ञान को लोककल्याण, पर्यावरण-संरक्षण और मानव सेवा का माध्यम माना है। आज भारत हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल नवाचार तथा चिकित्सा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में न केवल नवाचार कर रहा है, बल्कि यह संदेश भी दे रहा है कि विज्ञान तभी महान है जब उसमें करुणा, नैतिकता और वैश्विक हित की भावना जीवित रहे।विज्ञान शक्ति प्रदान करता है, पर दिशा नहीं। दिशा देती है करुणा। यदि विज्ञान का मार्ग करुणा और संवेदना से आलोकित हो, तो वह मानवता का रक्षक और विश्वशांति का सबसे प्रबल सूत्र बन सकता है।

**डा मनमोहन प्रकाश**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग़ोला क्षेत्र में दबंगई कर रहे युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिलवा में एक मनबढ़ किस्म के युवक द्वारा दबंगई के मामले में पीड़ित द्वारा थाना गोला में तहरीर दिया गया। गोला पुलिस लिखित तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृतकर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम चिलवा निवासी शिवप्रसन्न चंद पुत्र स्व राजबहादुर चंद ने अपने ही गांव के अरुण चंद पुत्र स्व हरिशंकर चंद के खिलाफ ईंट पत्थर फेंकने व गाली गलौज का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है।। पीड़ित के अनुसार उक्त आरोपी मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है और आए दिन उसके तथा अन्य कई लोगों के घरों पर पत्थर फेंकता रहता है और विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो जाता है। दिनांक 3 नवंबर को पीड़ित का भतीजा पट्टीदार के घर खाना खाने गया था वहीं उक्त अरुण चंद पीड़ित के भतीजे जितेंद्र को गंदी गंदी गालियां देते हुए भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर में अपने तथा अपने परिवार पर जान माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग किया। उक्त संबंध में थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अरुण चंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 352,351(3) व 125 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है।

### पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु निकली भव्य कलश यात्रा

**-महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र में किया भ्रमण**

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के दुग्धेश्वर नाथ वार्ड में आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।लगभग एक सौ एक कन्याओं ने पीत वस्त्र धारण कर सर पर कलश रखकर नगर के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण किया। शोभायात्रा वार्ड के काली मंदिर परिसर से निकालकर खजुहा इमामबाड़ा चौराहा, पुन्नी साहुतिराहा कोतवाली गेट मुख्य बाजार व जामुन चौराहा होते हुए सेमरौना तिराहा के रास्ते आदर्श चौराहा वह पुनः खजुहा चौराहे से होते हुए वापस यज्ञ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। सभी कलशो को यथास्थान रख दिया गया। कलश यात्रा के समय भक्ति गीत बजते रहे तो वहीं रथ पर वेद माता गायत्री की प्रतीकात्मक प्रतिमा भी लगाई गई। कलश यात्रा से पूरे नगर का माहौल भक्ति मय हो गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान महेश नाथ जायसवाल सुजल जायसवाल शेष जायसवाल त्रिलोकी जायसवाल परीवाजक प्रेमशंकर मिश्र,अजय गिरी, जनार्दन पाण्डेय दिलीप जायसवाल शशांक शेखर गुप्ता सुशील चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे। गायत्री महायज्ञ का समापन 10 नवंबर सोमवार को होगा। कलश यात्रा में सुरक्षा के कमान कोतवाली पुलिस ने संभाली जिसमें पुरुष व महिला सिपाहियों का काफी योगदान रहा।

### विज्ञान एवं कला शिल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**मनकापुर गोण्डा-** श्री बाबूलाल कमलापुरी इन्टर कालेज बभनजोत, गौराचौकी - गोण्डा में विद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा विज्ञान एवं कला - शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आकर्षक प्रोजेक्ट के माध्यम से वर्तमान समय के लिए उपयोगी बताया इस आयोजन में विद्यालय परिवार की तरफ से उपप्रबंधक राजेन्द्र कुमार मित्तल (रिंकू जी) प्रधानाचार्या श्रीमती एकता गुप्ता समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने बच्चों की प्रतिभावों की हृदय से सराहना की । अभिभावकगण ने भी बच्चो के मॉडल को देखा और बातचीत करके उसकी उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने उत्साहित होकर मॉडल के बारे में पूरी जानकारी दी। बच्चों के द्वारा कंजर्वेशन ऑफ एनीमल, वाटर प्यूरीफायर , Food Chain, माडल ऑफ हार्ट सेंसर टैप इत्यादि मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में रिंकू जी ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में ऐसे आयोजन कराता रहेगा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या एकता गुप्ता सहित समस्त स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

## ख़जनी थाना समाधान दिवस पर डीआईजी ने सुनी फरियादें, थाने में औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कड़े निर्देश

**●समाधान दिवस पर कुल 12 मामले आए निस्तारण शून्य रहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** थाना खजनी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र गोरखपुर शिवा सिप्पी चनप्पा पहुंचे और फरियादियों की समस्याओं को स्वयं सुना। इस दौरान कुल 12 आवेदन आए, जिनमें से किसी का भी निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। डीआईजी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी ने फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए प्रत्येक मामले में शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निपटारा किया जाए। डीआईजी ने पूर्व में समाधान दिवस पर आए पीड़ितों से फोन पर बात कर उनके मामलों की प्रगति के बारे में भी फीडबैक लिया।

इसके बाद डीआईजी ने थाना खजनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, आगन्तुक कक्ष, मालखाना, थाना परिसर और आवासीय परिसर का स्थलीय अवलोकन किया। कई स्थानों पर सुधार की आवश्यकता पाई गई, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने निर्देशित किया कि थाना कार्यालय के सभी रजिस्टर व्यवस्थित और अद्यतन रखे जाएं। थाना परिसर और शौचालयों की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित हो। साइबर हेल्प डेस्क पर डीजी सर्कुलर के अनुसार कर्मियों की तैनाती हो और सभी शिकायतों का विवरण रजिस्टर में दर्ज कर नियमपूर्वक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन क्लीन अभियान चलाकर जब्त वाहनों के मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाए।

डीआईजी ने स्पष्ट कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो और शिकायतों की तह तक जाकर नियमानुसार कार्यवाही हो, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी खजनी कुमारी शिल्पा, तहसीलदार खजनी, थाना प्रभारी अनूप सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा थाने के सभी उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।

### थाना समाधान दिवस पर सुनी गई 125 शिकायतें, 31 का हुआ मौके पर निस्तारण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से मौजूद रहे और जनता की समस्याओं को सुनकर कई मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। थाना दिवस पर बेहतर जनसुनवाई, पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से डेस्क सिस्टम लागू किया गया। इसके तहत प्रत्येक थाने में हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्र की डेस्क लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया। समाधान दिवस के दौरान जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 125 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 31 मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। इस अवसर पर दोनों विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और जनता को निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान का भरोसा दिलाया गया।

## दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) ज्ञानेन्द्र सिंह की देखरेख में प्राथमिक विद्यालय पुरैना, सलेमपुर में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड (एएलआईएमसीओ), कानपुर के सहयोग से हुआ। शिविर में 182 बच्चों का परीक्षण किया गया। पात्र बच्चों को ट्राइसाइकिल 28, व्हीलचेयर 36, बैशाखी 4, रोलेटर 10, एम.आर. किट 25, ब्रेल किट 6, स्मार्ट केन 6, सीपी चेयर 16, हियरिंग एड 68 और कैलीपर 30 सहित कुल 228 उपकरणों के वितरण हेतु टोकन एलिम्को के प्रतिनिधियों फैजल, आनन्द सिंह, अभिषेक, नरेन्द्र कुमार और गजेन्द्र कुमार ने जारी किए। जिला समन्वयक श्री सिंह ने बताया कि जनपद में 4057 दिव्यांग बच्चे चिन्हित हैं, जिनमें 4056 परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को 50 स्पेशल एजुकेटर और एक फिजियोथेरेपिस्ट के माध्यम से नियमित शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपकरण मिलने से दिव्यांग बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी और वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर राजाराम दूबे, नीलम त्रिपाठी, दुर्गावती, वेद प्रकाश दूबे, बृजेन्द्र तिवारी, रजनी शुक्ला, परमात्मा सिंह, मणिन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, ओंकार पाण्डेय और विनोद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## भूपगढ़ जोत में 45 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने ससुराल पर लगाया हत्या का आरोप, दो आरोपी जेल भेजे गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के भूपगढ़ जोत गांव में शुक्रवार की सुबह 45 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार भूपगढ़ जोत निवासी राजकुमारी देवी (45) पत्नी सुरेश यादव की अचानक मौत की सूचना सुबह करीब छह बजे उनके मायके पक्ष को मिली। मृतका के भतीजे ईश्वर चंद यादव निवासी सिहोड़वा, थाना झंगहा ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भतीजे द्वारा दी गई तहरीर में ससुराल पक्ष के सुरेश यादव उर्फ गुड्डू, सुबाष यादव, गीता देवी, गोलू उर्फ अमित यादव, मुन्नी देवी, उमेश यादव, अभिषेक यादव, विपिन यादव और सवाती देवी पर राजकुमारी देवी को लंबे समय तक प्रताड़ित करने और साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतका की बेटी अंकिता ने भी आरोपों की पुष्टि करते हुए कहा कि पिता सुरेश यादव समेत परिवार के लोग लगातार उसकी माँ को प्रताड़ित करते थे। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक (अपराध) विनय कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 85, 103(2) व 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में से सुरेश यादव और गोलू उर्फ अमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

## एम सी ए विद्यालय परिसर में चलाया गया गोला पुलिस द्वारा मिशन—शक्ति जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला पुलिस द्वारा एम सी ए विद्यालय सुअरज परिसर में शनिवार को सशक्त जागरूकता कार्यक्रम "मिशन–शक्ति" आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में एसआई प्रियंका मौर्या, एसआई आदित्य सिंह व एसआई राममुकुंद कुमार मौजूद रहे । उन्होंने बच्चियों को समय पर किन नंबरों का उपयोग करना चाहिए, सुरक्षा के क्या कदम हैं और किस तरह सतर्क रहना चाहिए, विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में पुलिस ने बार-बार यह संदेश दिया कि "पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है"। पुलिस टीम ने वारंटेड स्थितियों, आपातकालीन नंबरों और छोटे-बड़े संकट में किस तरह व्यवहार करें–इस पर सरल, प्रभावी और उपयोगी जानकारी साझा किया। बच्चों के लिए आसान फ़्लैशलाइट-स्टाइल स्लोगन और यादगार नारे भी बताए गए ताकि वे आपात स्थिति में तुरंत सही कदम उठा सकें।

स्कूल में सुरक्षा, सड़क पर सावधानियाँ, अजनबियों से कैसे निपटें और मोबाइल/इंटरनेट सुरक्षा से जुड़े सवाल पर प्रकाश डाला गया। पुलिस ने कानूनी पहलू के साथ साथ व्यवहारिक टिप्स–जैसे किसी संकट में शांत रहना, भरोसेमंद वयस्कों को सूचित करना, और आपातकालीन नंबर तुरंत डायल करना–भी बताए। इस पहल को शिक्षकों ने बेहद सकारात्मक और संरक्षकात्मक बताया। कई शिक्षकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सुरक्षित रहने की आदत सिखाते हैं और समाज में एक जागरूक पीढ़ी तैयार करने में मदद करते हैं। अंत मे एसआई प्रियंका मौर्या ने बच्चों से कहा कि वे किसी भी तरह की डर या असुरक्षा की स्थिति में बिना हिचकिचाहट पुलिस से संपर्क करें – "हम आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं" – और कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक के साथ हुआ।

## गुजरात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव घर पहुंचा तो मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदवार निवासी उमेश यादव पुत्र हरिश्चंद्र (38) का शव गुजरात के रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। वहीं रेलवे पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी हुई थी। मृतक के दो अन्य भाई गुजरात के अलग-अलग जगहों में रहकर काम करते थे। वहीं जब मृतक के दोनों भाइयों को उमेश के मौत की जानकारी हुई तो दोनों आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और शव का शिनाख्त अपने भाई उमेश के रूप में किए। वहीं भाइयों के शिनाख्त के बाद रेलवे पुलिस ने कागजी कार्यवाही के बाद शव को दोनों भाइयों को सुपुर्द कर दिया। वहीं शव जब घर पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदवार निवासी उमेश यादव, विश्वनाथ यादव तथा विनोद यादव आदि तीनो भाई जीविकापार्जन के लिए गुजरात के अलग-अलग जगहों पर रहकर फैक्ट्री में काम करते थे। वहीं उमेश अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गुजरात रहता था। बीते बुधवार की रात करीब आठ बजे उमेश यादव का शव गुजरात के एक रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने में जुट गई। जब उमेश का शव मिलने की सूचना विश्वनाथ तथा विनोद को हुई तो दोनों भाई आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। दोनों भाइयों ने शव की शिनाख्त अपने भाई उमेश यादव के रूप में किए। भाइयों के मांग पर जीआरपी पुलिस ने कागजी कार्यवाही के बाद शव को भाइयों को सुपुर्द कर दिया। वहीं शनिवार को जब शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

**पांच भाइयों में सबसे बड़ा था मृतक उमेश**

मृतक उमेश यादव पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गुजरात में रहकर एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करता था। वहीं दो भाई विश्वनाथ तथा विनोद भी गुजरात के अन्य फैक्ट्री में काम करते थे। इसके अलावा दो भाई दिनेश तथा सुरेश घर रहकर खेती-बाड़ी व अन्य परिवारिक जिम्मेदार संभाल रहे हैं। उमेश के मौत के बाद पत्नी सुमित्रा पुत्र आकाश (13) व पुत्री अंकिता (10) तथा माता रेशमा तथा पिता हरिश्चंद्र का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं उमेश के मौत से ग्रामीण गमगीन हैं। शनिवार को रोहिन नदी घाट पर उमेश का अंतिम संस्कार किया गया।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**●पांच माह पूर्व पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के हरैया गांव में देवकी के साथ हुई थी शादी, पति के मौत के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया टोला सोहनी निवासी शिवनन्दन पुत्र कमलेश चौधरी (21) का शव शनिवार की सुबह करीब नौ बजे उसके कमरे में रस्सी के सहारे लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने दरवाजा की कुंडी तोड़कर कमरे में पहुंची व शव को नीचे उतारा। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया टोला सोहनी निवासी 21 वर्षीय शिवनन्दन चौधरी पुत्र कमलेश शनिवार की सुबह करीब नौ बजे अपने कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों के मुताबिक शिवनन्दन सुबह अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों को किसी प्रकार की अनहोनी का जरा सा भी अंदेशा नहीं था। जब कुछ देर बाद तक शिवनन्दन दरवाजा नहीं खोला तो परिजन रोशनदान से कमरे में देखने लगे जहां शिवनन्दन फंदे से लटकता हुआ नजर आया। अंदर का दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गया। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची भगवानपुर चौकी पुलिस व फोरेंसिक टीम दरवाजे की कुंडी तोड़कर कमरे के अंदर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिवनन्दन दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। शिवनन्दन परिवार के जीविकापार्जन के लिए मुम्बई में रहकर काम करता है। वहीं बड़ा भाई जनार्दन घर पर रहकर खेती-बाड़ी का काम करता है।

**पांच माह पूर्व हुई थी मृतक की शादी**

मृतक शिवनन्दन की शादी इसी वर्ष जून माह में पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के हरैया में देवकी के साथ हुआ था। शादी के बाद से मृतक शिवनन्दन घर ही रहता था। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व शिवनन्दन की पत्नी देवकी अपने मायके हरैया चली गई। पत्नी के मायके चले जाने के बाद से मृतक शिवनन्दन उदास रहता था। शिवनन्दन के मौत के बाद पत्नी देवकी व माता शुशीला, पिता कमलेश सहित बड़ी बहन मीना तथा भाई जनार्दन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में भगवानपुर चौकी प्रभारी जटाशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लाखों की लागत से बन रहा खड़ंजा पीली ईंटों का जमकर प्रयोग गुणवत्ता पर उठे सवाल

**●बेलहा गांव में चल रहे निर्माण में खानापूर्ति का आरोप, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह की ग्रामसभा रूकमंगदपुर के अंतर्गत बेलहा गांव में इन दिनों खड़ंजा निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। यह निर्माण पक्की सड़क से हनुमान मंदिर, पन्ना लाल के घर और राम समुझ के घर तक कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस कार्य पर लाखों रुपये की लागत स्वीकृत की गई है।हालांकि, ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण में पीली ईंटों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है, किंतु उनकी मजबूती और टिकाऊपन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कई स्थानों पर ईंटें कमजोर दिखाई दे रही हैं और लेवलिंग कार्य भी मानक के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कार्य केवल खाना पूर्ति के लिए किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता के संकेत मिल रहे हैं। निरीक्षण के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है ताकि सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान से सम्पर्क किया गया लेकिन मोबाइल फोन स्विच आफ रहा जिससे पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अभय कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था वही मुख्य विकास अधिकारी से भी इस संबंध में जानकारी लेने की प्रयास किया गया तो उनका भी नंबर बंद बता रहा था इसलिए किसी भी विभागीय अधिकारी की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष तरीके से की गई, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## रस्सा कस्सी : विजेता उप विजेता टीम को ट्राफी देकर नपाध्यक्ष ने बढ़ाया मान

**●- रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता के मुख्य सचेतक रहे मनीष जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना विधानसभा के बिशनपुरा खुर्द में जय मां काली सेवा समिति एवं बालाजी अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पारंपरिक रास्ता कस्सी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मनीष (बुलबुल) जायसवाल द्वारा फीता काटकर एवं मां काली के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में मनीष (बुलबुल) जायसवाल ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा जैसे पावन अवसरों पर आयोजित पारंपरिक खेल ग्रामीण जीवन की आत्मा हैं। यह न केवल हमारी लोक संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में भाईचारा, अनुशासन और सौहार्द की भावना को भी मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं और उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी बनाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद सदैव क्षेत्र के युवाओं और खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए तत्पर है। आने वाले समय में नगर क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी ऐसे खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निरंतर समर्थन दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने जय मां काली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने अद्भुत ऊर्जा और टीम भावना का परिचय दिया। दर्शक दीर्घा में मौजूद सैकड़ों लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा मनीष (बुलबुल) जायसवाल का अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में उपविजेता टीम दौनहा व विजेता टीम चैती मुसहरी (विशुनपुरा टीम) रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान ओमप्रकाश प्रसाद अध्यक्ष पिंटू यादव उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता मंत्री भरत यादव महामंत्री शैलेश यादव संचालक राजू मुखिया फेकू यादव छोटे लाल यादव सुदामा गुप्ता शारदा यादव परम गुप्ता प्रहलाद यादव मुन्ना यादव अशोक यादव ललन निषाद धवन जायसवाल रामदास जायसवाल आलोक विश्वकर्मा शिव मद्धेशिया चंचल चौबे धर्मेंद्र मद्धेशिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सौ रुपये अधिक लेकर दिया गया गेहूं बीज, किसानों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**●कृषि विभाग के डीके गोदाम पर अनियमितता की गूंज, प्रभारी बोले सभी आरोप निराधार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के कृषि विभाग गोदाम पर किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली किए जाने का आरोप सामने आया है। किसान सीताराम निवासी कीनूबरा मरवाटिया, खरगूपुर ने बताया कि उन्होंने दो बोरी गेहूं बीज खरीदने के लिए केंद्र पर पहुंचकर ई-पास मशीन से पंजीकरण कराने का प्रयास किया, लेकिन मशीन पर उनका अंगूठा सत्यापित नहीं हो पाया। किसान के अनुसार, इसके बाद केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने उनसे 300 सौ रूपयेअतिरिक्त राशि की मांग की। अंततः 100 रूपये अधिक देने पर उन्हें बीज उपलब्ध कराया गया। किसान ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, किसानों को DBW-327 किस्म का गेहूं बीज 1050 रुपए प्रति बोरी की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस बीज में ट्राइकोडर्मा, कल्चर सहित बीज शोधन भी सम्मिलित है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी दर के बावजूद अतिरिक्त वसूली किसानों के साथ सीधा अन्याय है और यह विभागीय स्तर पर भ्रष्टाचार का संकेत देता है। इस संबंध में केंद्र प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि सभी आरोप निराधार हैं, बीज वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है और प्रत्येक किसान को नियमानुसार ही बीज दिया जा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर किया गया रक्तदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया एवं उपस्थित लोगों से समय- समय पर रक्तदान करने से होने वाले सकारात्मक प्रभावो को बताते हुये रक्तदान करने की अपील की गई । रक्तदान को महादान कहा गया है, क्योंकि रक्तदान करने से जरुरतमन्द की जान बचाई जा सकती है । इस शिविर का उद्देश्य जागरूकता फैलाते हुए अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीकरण कर और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है । इसका लक्ष्य जरूरतमंदों, जैसे गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों, एच.आई.वी., हीमोफीलिया/थैलीसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों को समय पर बिना किसी प्रतिस्थापन के रक्त या रक्त उत्पाद उपलब्ध कराना होता है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । उक्त रक्तदान शिविर में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया एवं स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने मृत बंदर का किया अन्तिम संस्कार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली गोला के अंतर्गत बस्तौली पेट्रोल पम्प के पास में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक और बंदर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा फिर से एक बार मृत बंदर का किया विधि-विधान से अंतिम संस्कार। राष्ट्रीय बजरंग दल का संदेश एक मजबूत, संगठित और सांस्कृतिक रूप से जागरूक इस तरह के कल्याणकारी कार्य संगठन की छवि को बेहतर बनाने में मदद करते हैं और यह दिखाते हैं कि वे केवल विवादित मुद्दों पर ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सेवा कार्य भी करते हैं। इस तरह के प्रयास समाज में पशुओं के प्रति सकारात्मक संदेश देते हैं। अंतिम संस्कार के समय कमलजीत मंडल महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल बिजुआ, आकाश कनौजिया, मंडल उपाध्यक्ष बिजुआ, छोटू भाई संयुक्त मंत्री बिजुआ, हैप्पी गुप्ता मंडल मंत्री बिजुआ, विष्णु कश्यप ब्लॉक महामंत्री बिजुआ, शीतू कश्यप गुलरिया, नीरज पटेल गुलरिया और साथी टीम मौजूद रही।

### गुरुकुल एकेडमी पलिया में वॉलीबॉल कैम्प शुरू



**देशभर से पहुंचे ICSE स्कूलों के छात्र, पांच प्रशिक्षण के बाद बरेली पहुंचेंगे सभी छात्र**

**पलियाकलां-खीरी।** पलिया के प्रतिष्ठित गुरुकुल एकेडमी स्कूल में "स्पोर्ट्स एण्ड गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया" के तत्वावधान में पांच दिवसीय वॉलीबॉल प्रशिक्षण कैम्प का शुभारंभ हुआ है। इस कैम्प में तमिलनाडु, ओडिशा, केरल, सिक्किम, झारखंड एवं महाराष्ट्र सहित कई प्रान्तों के ICSE बोर्ड के स्कूलों से छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण के लिए पलिया पहुंचे। खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने के लिए गर्ल्स कोच शालिनी शर्मा, तथा जेंट्स कोच रमेशन और अरुण के विशेष रूप से आए हैं। पांच दिन के गहन प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राएं बरेली में आयोजित "स्कूल्स गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया" के वॉलीबॉल मुकाबले में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जहां देशभर के विभिन्न बोर्डों के छात्र/छात्राएं भाग लेंगे।गुरुकुल एकेडमी में इस आयोजन से जहां स्थानीय खिलाड़ियों को देशभर से आए खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिला, वहीं यह कार्यक्रम क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### हार्ट के डॉक्टर की मांग को लेकर यूथ वारियर ने किया प्रदर्शन

**जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती की उठाई मांग**

**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति को लेकर यूथ वारियर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट न होने से मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ता है।संगठन के सदस्यों ने बताया कि अक्सर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन से जल्द से जल्द हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग की।यूथ वारियर के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि मांग शीघ्र पूरी नहीं हुई तो संगठन बड़े आंदोलन की राह अपनाएगा।

# ब्लाक पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया मे मनरेगा घोटाला पर जिम्मेदार मौन

**● फर्जी हाजिरी लगाकर लाखो का गोलमाल किये जाने के प्रधान और पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक पर लग रहे आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी:** जिले के पसगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत खमरिया में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां ग्रामीणों ने ग्राम प्रधानऔर सचिव पर आर्थिक अनियमितता और गबन के गंभीर आरोप लगाए हैं। सैकड़ों ग्रामीणों और जानकार लोगो ने न्याय की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान ने अपने कार्यकाल के दौरान रोजगार गारंटी योजना और पंचायत निधि में जमकर हेराफेरी की है।

**फर्जी मास्टर रोल तैयार कर हड़पी राशि-**

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पूनम देवी व उनके देवर ने रोजगार गारंटी योजना के तहत फर्जी मास्टर रोल तैयार किए और अपने चहेते अपात्रोऔर अन्य रिश्तेदारों के नाम पर मजदूरी की राशि निकाल ली। इतना ही नहीं, कुछ स्कूली छात्रों और साधन संपन्न लोगो के नाम पर भी फर्जी भुगतान किया गया।

**गबन की रकम वापस ली जाए-**

ग्रामीणों का कहना है कि हम सबके सामने गांव में कोई काम नहीं हुआ, लेकिन पैसे निकाल लिए गएज् हम सी.डी.ओ.से मांग करते हैं कि जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो और गबन की रकम वापस ली जाए।

**चौदहवें और पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि का भी गबन-**

ग्रामीणों का कहना है कि चौदहवें और पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि का भी कागजों में हेरफेर कर गबन किया गया।

लोगों ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने खमरिया ग्राम पंचायत के इस कथित गबन प्रकरण पर जिला प्रशासन अब क्या कदम उठाता है, यह देखना होगा।

### थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचा राजस्व विभाग, फरियादियों में नाराजगी




**मैगलगंज (खीरी)।** थाना समाधान दिवस में इस बार राजस्व विभाग के अधिकारी नदारद रहे। केवल एक लेखपाल थोड़ी देर के लिए मौके पर पहुँचा, औपचारिकता निभाकर वापस चला गया।राजस्व संबंधी शिकायतें लेकर पहुंचे दर्जनों ग्रामीण, बुजुर्ग और महिलाएँ बिना निस्तारण के ही वापस लौट गई।थाना परिसर में केवल पुलिस विभाग की ओर से फरियादियों की समस्याएँ सुनी गई, लेकिन राजस्व विभाग की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में रोष देखने को मिला।फरियादियों ने कहा कि यदि अधिकारी समाधान दिवस में ही उपस्थित नहीं रहेंगे तो आम जनता की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा?अहम सबाल बना हुआ है।

## सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर केन्द्र प्रभारी खुद कर रहे दलालों के माध्यम से ठेकेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** मंडी समिति मैगलगंज मे सरकारी धान क्रय केंद्रों पर असली किसानों का धान न तौलकर रातों रात धान बिचौलियों से पंद्रह से सत्रह सौ तक खरीद कर रात में पहले से लगी ढेरियों पर डलवाकर अन्य किसानों के नाम से बने कागजों पर रातों रात हो रही तौल चर्चा का विषय बनी है।बताते चलें कि सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी ब्रजेश कुमार के यहां बिचौलियों के माध्यम से धान की तौल रात मे लगायी जाती है ऐसा आरोप क ई किसानो ने लगायाहै सूत्र बताते है कि उक्त दलालो और केन्द्र प्रभारी के सिंडीकेट को उच्चाधिकारियों का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है क्यों कि रात में ही हो जाती तौल और दलालों के मित्र या रिश्तेदारों के नाम से चढ़ाया जाता धान की खरीद का लेखा जोखा।सभी क्रय केंद्रों पर असली किसानों का धान न तौलकर फर्जी किसानों के नाम चढ़ाया जा रहा धान असली किसान सेंटरों पर न तुलने के कारण पंद्रह सौ रूपए कुंतल बेचकर परेशान हो रहे हैं। सूत्रों को माने तो कई दलाल प्रतिदिन फर्जी किसानों के नाम के पेपर लेकर मंडी क्रय केंद्रों पर जमावड़ा लगते देखे जा सकते है।यदि अब तक क्रय किये धान खरीद मे चढाये गये किसानो के नाम पिता का नाम पता व इनके कितने रकबा मे धान लगा था ।और इनके कुल रकबे की करा ली जाय जांच तो भारी फर्जीवाडा और लाखो करोडो का भ्रष्टाचार खुलकर आयेगा सामने।

### तालिब आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**सिंगाही खीरी।** कस्बे वार्ड नंबर तीन में पंद्रह दिन पहले तालिब आत्म हत्या प्रकरण में आत्म हत्या के प्रेरित करने वाली पत्नी उसके प्रेमी और और भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इसके संबंध में जानकारी देते हुए एस ओ अजीत कुमार ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर तीन रहने वाले तालिब बाबा जो कि मूलतः गौसपुर सिंघावली - जनपद बागपत के रहने वाले थे उन्होने बीते 23 अक्टूबर को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इसके बाद बागपत से आए तालिब के पिता इंतजार अली की तहरीर पर तालिब की पत्नी साबिहा उसका कथित प्रेमी फिरोज और भाई बब्बू के लिए आत्म हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करने के पश्चात तीनो को शनिवार के दिन इनके घरों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## कृतिका नर्सिंग कालेज में 'शपथ ग्रहण सामारोह एवं फ्रैशर पार्टी' का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** हाफिजगंज के गांव खाईखेड़ा स्थित कृतिका नर्सिंग कालेज, में शनिवार को बी0एस0सी0 नर्सिंग, ए0एन0एम0, ओ0टी0 एण्ड0 डी0 एम0 एल0 टी0 के छात्र-छात्राओं द्वारा सत्र 2025-26 में प्रवेशित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण सामारोह एवं फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि डा0 आशुतोष गंगवार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, कालेज चेयरमैन डा0 के0पी0 गंगवार के साथ।

नर्सिंग प्राचार्य प्रोफेसर जिंसी एम0 वार्गीज एवं पैरामेडिकल प्राचार्य डा0 स्मृति गंगवार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डा0 आशुतोष गंगवार ,चेयरमैन डा0 के0 पी0 गंगवार ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया एवं नर्सिंग के कर्तव्यों के लिए शपथ दिलाई इसके साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है जिसको करने के बाद आप भविष्य में बेरोजगार नहीं रह सकते हैं और आगे चल कर मानव जाति की सेवा करने का मौका उन्हें मिलता रहेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें रैम्प वॉक, लोक नृत्य, सांस्कृतिक नृत्य, पहाड़ी नृत्य, गायकी, शायरी, नाटक प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्या प्रोफेसर जिंसी एम0 वार्गीज पैरामेडिकल प्राचार्या डा0 स्मृति गंगवार, त्रिभुवन गंगवार, आयुर्वेद निदेशक नितेश राणा, आयुर्वेद प्राचार्य डा0 सतीश कुमार पांडा, आयुर्वेद उपप्राचार्य डा0 संजय श्रीवास्तव, फॉर्मेसी निदेशक डा0 प्रेम सिंह, प्रीती तोमर,प्राचार्य वरुण पटेल ,मीतू भटनागर, मयंक सक्सेना सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# जनप्रतिनिधियों ने नहीं सुनी फरियाद, तो ग्रामीणों ने चंदा लगाकर बना डाला लकड़ी का पुल

**● हर साल चंदा लगा कर लकड़ी का पुल बनाते हैं ग्रामीण,जान जोखिम में डालकर करते हैं नदी पार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** हुक्मरान और हाकिम से मदद नहीं मिली तो ग्रामीणों ने चंदा लगाया और श्रमदान कर जौरहा नदी पर लकड़ी का अस्थाई पुल बना डाला। कुछ लोग सोंचते होंगे कि पुल बनाने में कितना समय लगता है? आप कहेंगे कुछ महीने या फिर कुछ साल, लेकिन तहसील निघासन की ग्राम पंचायत मांझा से मिलने वाला जवाब आपको चक्कर में डाल देगा। यहां पुल निर्माण की आस लगाए बैठे लोगों की पीढ़ियां गुजर गई, परंतु जौराहा नदी पर पुल निर्माण का सपना अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। पुल निर्माण न होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। बरसात के समय में चारों ओर पानी ही पानी होने के कारण मांझा के ग्रामीणों का तहसील व जिला मुख्यालय से संपर्क कट जाता हैं। फिर भी वहां के लोगों का मजबूत हौसला और समाज के लिये कुछ कर गुजरने के जज्बे के कारण लोगों ने बांस-बल्ली के सहारे खुद के प्रयास से लकड़ी का पुल बना डाला उसी से होकर छात्र/ छात्राएं अन्य ग्रामीण लोग नदी पार करने को लेकर मजबूर हैं।मालूम हो कि तहसील निघासन की ग्राम पंचायत मांझा, भैरमपुर, इच्छानगर, चौगुर्जी समेत करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग वर्षो से जौराहा नदी पर पुल का निर्माण करने का मांग कर रहे हैं, परंतु अभी तक उनकी इस मांग पर न तो जनप्रतिनिधियों ने, न ही शासन प्रशासन ने कोई ध्यान दिया हैं, जबकि यह पुल इन वांशिन्दों के लिए बेहद जरूरी हैं। क्योंकि यह गांव दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से सटा हुआ हैं और इन गांवों का तहसील और जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क नहीं है। बीच में जौराहा नदी बाधक बन कर खड़ी हैं। बरसात के समय में तो पूरा गांव जलमग्न होकर टापू बन जाता हैं। ग्रामीणों के लिए नाव ही आवागमन का एक मात्र जरिया बचती है। इन गांवों के लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय जाने के लिए या तो नाव से या फिर खुद के प्रयासों से बांस-बल्ली के सहारे बनाए गए पुल से नदी पार कर जाना पड़ता हैं। इसके अलावा एक रास्ता बेलरायां होकर दो किलोमीटर का फासला तय करने के लिए सोलह किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता हैं। इन गांवों के लोग अपनी रोजमर्रा की वस्तुओ की खरीददारी या तो बाढ़ आने से पहले कर लेते हैं या फिर बेलरायां व सिंगाही आकर अपनी जीविका के साधन एकत्र करते हैं। इस तरह के जीवन में इन ग्रामीणों को बीमारियां और भी परेशान करती हैं। क्योकि सरकारी चिकित्सा के नाम पर यहां सिर्फ पोलियो वाले ही दिखाई पड़ते हैं। इसके चलते इन लोगों का एक मात्र सहारा झोलाछाप चिकित्सक ही बचते हैं। इसके अलावा जंगल के किनारे ये गांव बसे होने के कारण इन गावों में आपराधिक वारदातें अक्सर हुआ करती हैं। क्योंकि जंगल का फायदा उठाकर अपराधिक प्रवृत्ति के लोग घटना को अंजाम देकर जंगल का रास्ता पकड़ लेते हैं। पुलिस को भी इन गांवो में पहुंचने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी पड़ती हैं। यहां के ग्रामीण नदी पर पुल बनवाने की मांग वर्षो से कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने अपने प्रयास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन पुल बनाने के नाम पर अभी तक इन ग्रामीणों को अगर कुछ हासिल हुआ हैं तो वह शासन-प्रशासन व जन प्रतिनिधियों का झूठा आश्वासन है।

## प्रधानाध्यापक ने कायम की मिसाल अपने पैसे से विद्यालय में पुस्तकालय खोला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** विकास खंड बिथरी चैनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बंजरिया में प्रधानाध्यापक डॉ विनय कुमार ने अपने निजी कोष से विद्यालय परिसर में एक पुस्तकालय कक्ष का निर्माण करवाकर उसमें लगभग एक लाख रुपये की पुस्तकें भी रखी हैं। ताकि ग्रामीण बच्चों को भी कांवेंट स्कूल जैसी लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। शनिवार को विधिवत रूप से प्रधानाध्यापक ने मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ब्रजेश कुमारी, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार को आमंत्रित कर शुभारंभ करवाकर छात्र -छात्राओं को समर्पित कर दिया। इसके अलावा अतिथियों ने सिद्धार्थ उपवन,ईको गार्डन का भी विद्यालय परिसर में शुभारंभ किया। मौके पर ब्लाक प्रमुख श्रीमती ब्रजेश कुमारी ने कहा पिछली सरकारों में माता सावित्रीबाई फुले के प्रति कोई काम नहीं हुए,हमारी सरकार में माता सावित्रीबाई फुले को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जन -जन तक उनके शिक्षा के योगदान को पहुंचाने का काम किया गया। वहीं शिक्षक डॉ विनय कुमार ने जो कार्य किया है।वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।लोग संसाधन होते हुए




उसका सही ढंग से उपयोग नहीं करते हैं। वहीं कोई निजी कोष से बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करने के लिए पुस्तकालय निर्माण करवाकर समाज को एक जनसंदेश भी दे रहे हैं। दृढ़ संकल्प से कुछ भी कठिन नहीं है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कहा अक्सर बेसिक शिक्षा के स्कूल कांवेंट स्कूलों की तरह। कार्य कर रहे हैं।और हमारे लगन-शील ,कर्मठ, दानवीर प्रधानाध्यापक ने निजी कोष से पुस्तकालय का निर्माण करवाकर मिसाल पेश की है।यह नयी क्रांति का सूचक है। प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार ने कहा भले ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश कर चुके हैं, कितना ही डिजिटलीकरण हो गया है। लेकिन पुस्तकें और पुस्तकालय की बराबरी कोई नहीं कर सकता। डॉ विनय की सोच समाज में सदैव कुछ नया करने की है। ताकि छात्र -छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम का संचालन शांतिस्वरूप ने किया।इस मौके पूर्व प्रधानाध्यापक सदाराम,बीना सक्सेना, सुदक्षिणा आर्या,पूर्व छात्र -छात्रा ब्रजेश श्रीवास्तव, तारावती शिक्षक रामप्रकाश शर्मा,कृष्ण कुमार सक्सेना, डॉ शिखा अग्रवाल,ममता वर्मा,पूनम, गायत्री देवी,असीमा बी, दीपमाला,सौरभ शुक्ला, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचा राजस्व विभाग, फरियादियों में नाराजगी

**मैगलगंज (खीरी)।** थाना समाधान दिवस में इस बार राजस्व विभाग के अधिकारी नदारद रहे। केवल एक लेखपाल थोड़ी देर के लिए मौके पर पहुँचा, औपचारिकता निभाकर वापस चला गया।

राजस्व संबंधी शिकायतें लेकर पहुंचे दर्जनों ग्रामीण, बुजुर्ग और महिलाएँ बिना निस्तारण के ही वापस लौट गई।थाना परिसर में केवल पुलिस विभाग की ओर से फरियादियों की समस्याएँ सुनी गई, लेकिन राजस्व विभाग की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में रोष देखने को मिला। फरियादियों ने कहा कि यदि अधिकारी समाधान दिवस में ही उपस्थित नहीं रहेंगे तो आम जनता की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा?अहम सबाल बना हुआ है।

## अलका यादव को भगवंत यूनिवर्सिटी से फार्मास्युटिकल साइंस में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली।** अलका यादव को भगवंत यूनिवर्सिटी, अजमेर (राजस्थान)से फार्मास्युटिकल साइंस में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित उपाधि उनके गहन शोध कार्य पाइराज़ोलिन रिंग और इसके डेरिवेटिव में रोगाणुरोधी गतिविधि की प्रबल क्षमता, मौजूदा दवाओं के प्रति बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध को देखते हुए, प्रभावी रोगाणुरोधी एजेंटों की खोज में एक महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति उनके योगदान को दर्शाती है। इस उपाधि को प्राप्त करने की लगभग पांच वर्ष की यात्रा, बहुत कड़ी मेहनत के साथ कई चुनौतियां थीं, जिन्हें उन्होंने धैर्य और लगन से पार किया। डॉ नीरज शर्मा सर के मार्गदर्शन में, अलका यादव ने अपने शोध को सफलतापूर्वक पूरा किया। अलका यादव कहती हैं, इस मुकाम पर पहुंचना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मेरे शोध को पहचान मिलना और इस क्षेत्र में योगदान देना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। अलका यादव ने कई महत्वपूर्ण पेपर पब्लिश किए हैं, वर्तमान में वह रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी,(मेडिकल कॉलेज कैंपस) में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं ।उनके पति राजेश कुमार, औषधि निरीक्षक, के पद पर तैनात हैं। इस उपलब्धि के लिए अलका यादव अपने परिवार, सीनियर्स और विश्वविद्यालय के शोध संस्थान को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## बेहजम में पहले खाद फिर बीज के लिए कालाबाजारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेहजम खीरी।** राजकीय बीज भंडार बेहजम में किसानों से गेहूं बीज और रसायन कल्चर के लिए निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूलने का मामला सामने आया आप है कि प्रभारी विनय कुमार कृषि विभाग के अधिकारियों की कथित मिली भगत से किसानों का शोषण कर रहे हैं सरकार ने 40 किलो गेहूं बोरी के दाम 936 निर्धारित किया है जबकि फसल की शुद्धिकरण के लिए 5 पैकेट प्रति तय है इसके बावजूद भी ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी की मिली भगत से निर्धारित इधर से अधिक कीमत पर बीज वह रसायन भेजा जा रहा है यह भ्रष्टाचार ब्लॉक और कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से किसानों को अधिक कीमत पर बीज वा रसायन उपलब्ध कराया जा रहा है मीडिया के सामने गोदाम प्रभारी विनय कुमार ने स्वयं में अधिक दरों को स्वीकार किया है उन्होंने बताया कि फाउंडेशन गेहूं का रेट 936 की जगह 975 वसूला जा रहा है और रसायन



कलर 5 प्रति पैकेट की जगह 25 पैकेट में वसूला जा रहा है यह भ्रष्टाचार कृषि विभाग के अधिकारियों ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारियों की कथित मिली भगत से खुलेआम चल रहा है सर्टिफाइड बीज को अधिक दामों पर बेचकर किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया उन्हें शिकायत मिली है इसके लिए उन्होंने एक टीम गठित कर दी है किसानों से बातचीत करके दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दुधवा गौरीफंटा मार्ग पर हाथियों का झुंड आने से मची अफरातफरी, एक घंटे तक ठप रहा यातायात

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की सुबह दुधवा गौरीफंटा मार्ग पर उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक हाथियों का एक झुंड सड़क पर आ गया। हाथियों को देख वाहन चालक अपनी-अपनी गाड़ियां रोककर खड़े हो गए और सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े रहे। करीब एक घंटे तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा।सूत्रों के अनुसार, झुंड में कई हाथी थे जो जंगल की ओर जा रहे थे। लोगों ने मौके का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। झुंड के जंगल की ओर लौट जाने के बाद ही आवागमन दोबारा शुरू हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुधवा नेशनल पार्क क्षेत्र में इन दिनों हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है, जिससे राहगीरों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे वन्यजीवों के पास न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## नगर मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला भाजपा नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूण्डला** - भारतीय जनता पार्टी टूण्डला नगर मतदाता पुनरीक्षण नगर टूण्डला कार्यशाला शांति गेस्ट हाउस टूण्डला में भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर प्रभारी टूण्डला योगेंद्र सिंह चौहान,टूण्डला चैयरमेन चौधरी भंवर सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा है जिसमे वोटर लिस्ट शुद्धिकरण होना है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को जागरूकता दिखाकर बूथ स्तर पर निगरानी कर फर्जी वोटो को कटवाना एवं नवीन बोट जिनकी आयु 18 वर्ष की हो गई है उनको बनवाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश धामा,कोमल बाल्मिक, विष्णु तिवारी, प्रदीप जैन टाइगर, दीपक ठेनुआ, सुनील पाठक, संजीव दीक्षित गुड्डा, ईश्वर आनंद सरस्वत, विकास वाल्मीकि, लीना मदान, विवेक शर्मा सभासद, जयंती प्रसाद बघेल, महेंद्र झा, मनमोहन सिंह, काके, वरुण सिंह,अभय सिंह, विपिन जैन, आदित्य जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 22 वां श्याम महोत्सव आज भजन संध्या का आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति नैनी के तत्वावधान में 22 वां श्री श्याम महोत्सव 9 नवम्बर को नैनी थाना रोड स्थित मयूर गार्डन में मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्याम भक्तों के लिए विशेष भजन संध्या एवं श्याम रसोई का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष रमेश सुल्तानिया ने क्षेत्र के सभी श्याम भक्तों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है।वही प्रसिद्ध गायककार आनंद जी शर्मा अपने भजनों के मध्यम से समा बंधेंगे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गोपीगंज मण्डी समिति मे धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

● कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एंव समर्थन मूल्य रु2369 प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे-डीएम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 08 नवम्बर 2025/ जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा गोपीगंज मंडी स्थित खाद्य विभाग के 02 एंव भारतीय खाद्य निगम के 01धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्नगर्त धान खरीद हेतु जिले में कुल 30 क्रय केंद्र संचालित है जिसमे 15 खाद्य विपणन के, 14 पी. सी. एफ के तथा 01 भारतीय खाद्य निगम का धान क्रय केंद्र संचालित है।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय धान क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी उपस्थित मिले। जिला खाद्य विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने अवगत कराया कि जनपद में धान क्रय प्रारंभ हो गयी है। अब तक कुल 25.88 मी0 टन धान खरीद की गयी है। जनपद का धान क्रय लक्ष्य 35000 मी0 टन है। गत वर्ष लगभग 20000 मी0 टन धान खरीद की गयी थी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि धान क्रय नीति का अनुपालन कर जनपद में धान क्रय किया जाये। किसी भी दशा में कृषको को क्रय केंद्र से वापस न किया जाये। बिचौलियों से खरीद किये जाने की जानकारी होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसानो से सम्पर्क कर धान क्रय में प्रगति लायी जाए। कृषको के पंजीकरण में भी प्रगति लाये एंव संबंधित तहसील से सत्यापन भी तत्काल कराया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रो का सतत निरीक्षण नोडल अधिकारियों से कराया जाये। जिलाधिकारी ने कृषको से अपील की कि कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एंव समर्थन मूल्य रु2369 प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे।

## नगर पंचायत में हो रहे विकास कार्यो का नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

लगाई कड़ी फटकार मानक के अनुसार दिया कार्य करने का निर्देश



**भदोही** सुरियावां 8 नवंबर 2025 शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया द्वारा नगर पंचायत सुरियावा में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया इस मौके पर वार्ड नंबर 12 में चल रहे नाला निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान मानक के अनुसार कार्य न मिलने पर कार्यदायीसंस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य को रोक दिया गया तथा उन्होंने कहागाइडलाइन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शीथिलता एवं गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी भी मौके पर उपस्थित रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज की मौजूदगी में 5 प्रार्थना पत्रों में 1 का हुआ निस्तारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया , मिर्जापुर।** हलिया थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है ।थाना समाधान दिवस पर कुल 5 मामले आये जिसमें 1 मामले का निस्तारण किया गया।शेष मामलें में राजस्व तथा पुलिस कि टीम का गठन किया गया है मौके पर पहुंच कर निस्तारण किया जाएगा। सोनगढा गाँव निवासी विनय सिंह उर्फ बब्लू ने सडक किनारे पशुपालकों द्वारा मवेशी बाधने की लिखित सिकायत की सडक पर मवेशी बैठ जाते हैं आपातकाल में भी बाहन से आने जाने वालों को समस्या हो रही है। जिसमें अदवा सोनगढा, राजपुर, महुगढ सिकटा रोड सहित दर्जनों सडकों पर परेशानी हो रही है। लोकमंच भारत न्यूज हलिया संवाद सूरज कुमार से बाइट पर एसडीएम ने समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया।इस मौके पर बरिष्ठ उपनिरीक्षक श्याम लाल, अच्छे लाल यादव, रमाशंकर, कानूनगो अशोक कुमार दुबे शिवकुमार चौबे लेखपाल संजीव कुमार उपाध्याय बिंद्रेश मौर्य, नमन सिंह, कृष्णा सिंह पटेल, विनोद कुमार ,राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्राधिकार भदोही द्वारा सुनी गई थाना समाधान दिवस पर समस्या



**भदोही** सुरियावां 8 नवंबर 2025 शनिवार को शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना सरिया वहां पर क्षेत्राधिकार भदोही राजीव सिंह द्वारा समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई जिसमें 10 राजस्व से संबंधित तथा एक पुलिस विभाग से संबंधित मामले आए जिसको सुलझाने के लिए क्षेत्राधिकार भदोही द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को भेजा गया इस मौके पर सब इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह राम दर्शन राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल सहित फरियादी उपस्थित रहे।

### थाना सुरियावां के पुलिस टीम द्वारा 4 वर्षीय बालक को ढूंढकर परिजनों को किया गया सुपुर्द

**भदोही** आज दिनांक 08.11.2025 को थाना सुरियावां पर परिजनों द्वारा सूचना दी गई कि क्षेत्र अंतर्गत सुरियावां बाईपास के समीप की दुकान से उम्र 04 वर्षीय बालक जो कही चला गया है। काफी तलाश के बावजुद करने पर भी नही मिला। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर जा कर पुलिस द्वारा गुमशुदा की सकुशल बरामदगी के अथक प्रयास जारी की गई। थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ और पुलिस सक्रियता से बालक को मात्र 02 घंटे में ढूंढकर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा को सकुशल पाकर उनके परिजनों द्वारा पुलिस की कार्यवाही पर आभार व्यक्त करते हुए जनमानस में प्रशंसा की जा रही है।

### रेलवे स्टेशन पर हुए दुर्घटना में मारे गए लोगों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**चुनार, मिर्जापुर।** जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ज्योति के नेतृत्व में शुक्रवार को सायंकाल नगर पालिका के पास स्थित गांधी पार्क में गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर गत दिनों हुए चुनार रेलवे स्टेशन के दुखद घटना में मृत हुए लोगों को स्मरण कर उन मृत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान डबलू मिश्रा, प्रतीक त्रिपाठी जिला कांग्रेस सचिव, राजीव पटेल उर्फ पंकज पटेल जिला कांग्रेस सचिव,धनुर्धारी यादव जिला सचिव,लव श्रीवास्तव सभासद,अशोक पाल, अमरनाथ निषाद,मुन्नन गिरी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चालक सहित सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ट्रामा सेंटर रेफर।**

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी एक बाइक पर दो सवार शुक्रवार को शाम तिलरी गांव से घर जा रहे थे कि रास्ते में अनियंत्रित होकर गिर गए परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी एक बाइक पर चालक अनिल( 20) अपने साथी दया शंकर 22 को घर से तिलरी गांव किसी कार्य बस गए थे। देर शाम वापस आते समय जैसे ही कुछ दूर गए कि अनियंत्रित होकर गिर गए दोनों को गंभीर चोटे लगी परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए चिकित्सक विमल ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए दोनों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

### मां गंगा की प्रतिमा को किया गया स्थापित



**चुनार मिर्जापुर।** नयनागढ़ महोत्सव समिति व नयनागढ़ महोत्सव युथ बिग्रेड के द्वारा मां गंगा की प्रतिमा का पूजन देव दीपावली के दिन बालू घाट पर सम्पन्न हुआ था। शुक्रवार को विधिवत मंत्रोचारण के साथ नयनागढ़ महोत्सव समिति द्वारा मां गंगा की प्रतिमा का साहित्य संत धाम पर पुनर्स्थापना की गई। इस दौरान सभाजीत सिंह, सौरभ पुजारी, विकास कश्यप, अखिलेश पांडे, धीरेंद्र सिंह,अन्नू तिवारी, आशीष यादव, रामविलास साहनी, क्षितिज सिंह,मनीष राय, जगदीश गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## उर्वरक बिक्री केंद्र का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

● किसान अपना पंजीकरण (किसान रजिस्ट्री) अवश्य कराएँ - जिलाधिकारी

रबी फसलों की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में उर्वरकों की है पर्याप्त उपलब्धता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 08 नवम्बर 2025/** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जंगीगंज किसान सेवा सहकारी समिति पर खाद उर्वरक बिक्री व भंडारण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ट्रक से आए खाद उर्वरक को बिक्री हेतु गोदाम में भंडारण किया जा रहा था। केंद्र प्रभारी/ सचिव कमलेश कुमार मिश्रा द्वारा गोदाम में मौके पर उपलब्ध एनपीएस व यूरिया के स्टाक को जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, उर्वरक बिक्री रजिस्टर आदि पंजिकाओं का मिलान किया, तो सही पाया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में जनपद में 4407 मीट्रिक टन यूरिया एवं 3167 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है। शासन द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी किसान को अधिकतम प्रति हेक्टेयर 5 बोरी डी.ए.पी. तथा 7 बोरी यूरिया ही प्रदान की जाएगी। उर्वरकों के निर्धारित दर यूरिया : 266 प्रति बोरी ,डी.ए.पी. : 1350 प्रति बोरी है।

किसी भी सहकारी समिति अथवा निजी विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलना सख्त वर्जित है। यदि किसी विक्रेता द्वारा अधिक दर पर बिक्री की जाती है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी किसानों से अनुरोध है कि वे अपना किसान पंजीकरण (किसान रजिस्ट्री) अवश्य कराएँ। सहकारी समितियों पर खाद केवल उन्हीं किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो समिति के सदस्य हैं या जिनका किसान पंजीकरण पूर्ण रूप से किया जा चुका है।

किसानों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं एवं समितियों से ही उर्वरक प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता की सूचना तुरंत कृषि विभाग या जिला प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण पर सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी किसान को कठिनाई न हो।

## कृषि क्षेत्र में नवाचार उत्पादकता वृद्धि की बैठक संपन्न हुई



**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत सीखड़ में स्थित नवचेतना एफपीओ नवचेतना अमृताय कृषिधा के सीईओ मुकेश पाण्डेय सौरभ का जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार,और डीडीए विकेश पटेल के साथ संयुक्त रूप से बैठक की गई जिसमें सीखड़ ब्लॉक में कार्यरत प्रमुख एफपीओ "नवचेतन अमृताय कृषिधा" सहित अन्य एफपीओ के कार्यों की चर्चा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीखड़ सहित मीरजापुर के विभिन्न एफपीओ द्वारा कृषि विकास में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा आगे और सशक्त समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी ने भी एफपीओ प्रतिनिधियों को कृषि क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और उत्पादकता वृद्धि के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर नवचेतन अमृताय कृषिधा एफपीओ द्वारा किसानों की आय बढ़ाने, समूह आधारित व्यवसाय तथा प्रसंस्करण इकाइयों के विकास पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

## थाना समाधान दिवस पर आई महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "मिशन शक्ति फेज-5.0" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालजनपद भदोही के पर्यवेक्षण में थाना भदोही के प्रभारी निरीक्षक श्री सच्चिदानंद पांडेय ,श्री राजेश प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक चौरी, श्री राम नगीना यादव प्रभारी निरीक्षक कोइरौना व श्री मनोज कुमार प्रभारी निरीक्षक ज्ञानपुर द्वारा थाना समाधान दिवस पर आई महिलाओं को शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, के बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम में साइबर जागरूकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि आप के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ओटीपी इत्यादि निजी जानकारी मांगे तो न दे। यदि किसी भी व्यक्ति के साथ यदि इस तरह का साईबर फ्राड हो जाता है तो वे तत्काल साईबर हेल्पलाईन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज करायें तत्पश्चात नजदिकी थाने के साईबर हेल्पडेस्क या जनपदीय साईबर थाना पुलिस पर प्रार्थना पत्र दे ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके। सोशल मीडिया साइटों का इस्तेमाल करते हुए विशेष सावधानी बरतने तथा अनजान नंबर से भेजें गए लिंक,क्य स्ढ्ढस्ब्स् इत्यादि को न खोलने हेतु बताया गया। व्हाट्सऐप कॉलिंग के माध्यम से पैसे की मांग करना,अनचाहे लिंक भेज कर मोबाइल हैक करना अथवा वित्तीय फ्रॉड होने की दशा में हेल्पलाइन नंबर 1930 में cyber.gov.in के बारे में जानकारी दी गई।

## जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास

● शैलेश कुमार जिलाधिकारी भदोही व श्री अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना गोपीगंज पर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित "थाना समाधान दिवस" के क्रम में आज दिनांक- 08.11.2025 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। शैलेश कुमार÷ जिलाधिकारी भदोही तथा" अभिमन्यु मांगलिक" पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त थानों पर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों के साथ उपस्थिति रह कर किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का ,गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जनता के शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान थाना सुरियावा व थाना दुर्गागंज पर सी0ओ0 भदोही "राजीव कुमार सिंह" थानाध्यक्ष एवं प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में थाने पर प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। तथा जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त कुल-63(राजस्व विभाग से सम्बंधित 56 व पुलिस-07) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बन्धित सभी 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

## सुरियावां क्षेत्र में नियमित टीकाकरण अभियान, 251 लाभार्थियों को किया गया प्रतिरक्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/सुरियावा।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गर्भवती महिलाओं तथा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु नियमित टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां के अंतर्गत आज ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल 17 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया।

सत्रों की निगरानी के लिए 6 पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां के अधीक्षक डॉ. अभिषेक नाग एवं आई.ओ. अरविंद यादव ने पंचायत भवन महदेपुर एवं झीगतेपुर में आयोजित सत्रों का निरीक्षण कर टीकाकरण की व्यवस्था एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। वहीं, टीकाकरण की गुणवत्ता की जांच हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा प्राथमिक विद्यालय कस्तूरीपुर, आंगनबाड़ी केंद्र चक खुशहाल एवं वीसा के पूरा का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अभियान में एच.ई.ओ. गीता देवी, ए.आर.ओ. राजेंद्र यादव, बी.पी.एम. धीरज राज, बी.सी.पी.एम. ईश्वर चंद वर्मा, प्रवीण सिंह एवं सुरेश कुमार (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक) ने सुपरविजन का कार्य किया। टीम द्वारा जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से परिवारों को समझाकर कुल 251 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण कराया गया।

## विधायक ने फुट ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु रेल मंत्री को लिखा पत्र

**चुनार मिर्जापुर।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के दिन चुनार रेलवे स्टेशन पर हुये हृदयविदारक दुर्घटना जैसी समस्या भविष्य में न घटित हो इसके लिये चुनार विधायक अनुराग सिंह ने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर चुनार रेलवे स्टेशन पर नये भवन/टिकट खिड़की के समीप 01 नम्बर प्लेटफॉर्म के मध्य में भी एक नये फुट ओवर ब्रिज का निर्माण जिसका संपर्क सभी प्लेटफॉर्म पर होना अति आवश्यक है जिससे यात्रियों को नजदीक/सुविधा के क्रम में एक प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग किया जा सकेगा, उन्होंने ने चुनार के जनता को अतिशीघ्र प्रयास कर रेलवे स्टेशन पर सभी कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।

## नीलू मिश्रा ने एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज मेडल

● चेन्नई में आयोजित 50 वर्ष आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर बढ़ाया देश और प्रदेश का मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ संवाद,** बाल विकास परियोजना अधिकारी सीखड़ नीलू मिश्रा ने 23वीं एशिया मास्टर्स एक्रेटिक चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली एथलीट नीलू मिश्रा ने 50 वर्ष आयु वर्ग में पोलवाल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में एशिया के 28 देशों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता चेन्नई में 5 से 9 नवंबर को आयोजित की जा रही है जिसमें लगभग 6000 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं नीलू मिश्रा ने अपने समर्पण, मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की। उन्होंने साबित किया कि उम्र केवल एक संख्या है जुनून और प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

नीलू मिश्रा वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर सीखड़ विकास खण्ड में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वाराणसी के सिगरा स्टेडियम में नियमित अभ्यास करती है। उनकी इस उपलब्धि पर खण्ड विकास अधिकारी श्रीराम जी मिश्रा, मुख्य सेविका धनदेई देवी, वरिष्ठ लिपिक संजीव कुमार मोटवानी, सचिव सुधीर दुबे, मुकेश पांडेय, मुकेश मिश्रा, एसपी पाठक, सचिव सतेंद्र यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर संतोष मिश्रा, रतन पांडेय आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, गीता मौर्या, नीलम पांडेय, सरिता पांडेय, कुंजन पांडेय, सुचिता सिंह, साक्षी पांडेय,कनक सिंह सुमन सिंह, रंजना सिंह, तपेसरा देवी, सहित आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो ने गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

## दो चोरी की मोटर साइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**चुनार मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्रा क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों को को धरपकड़ अभियान में शनिवार को उपनिरीक्षक रामपाल यादव मय हमराहियों की टीम ने चोरी की दो मोटरसाइकिल तीन अभियुक्त 1. अरविंद कुमार पटेल पुत्र विमलेश कुमार ग्राम नै पुरवा ममोलापुर 2. राजनाथ उर्फ राजन सोनकर पुत्र झगड़ू सोनकर ग्राम देवरिया थाना चुनार 3. आकाश यादव पुत्र राजेश यादव ग्राम रामपुर अगरसन थाना अदलहाट को दोपहर के 12.48 बजे नकहरा रैपुरिया मार्ग पर पकड़ कर मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## प्राचार्य ने पुलिया वाले रास्ते को सुगम बनाने हेतु रेलवे अधिकारियों से की वार्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार, मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ।माधवी शुक्ला के नेतृत्व में महाविद्यालय की प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने निरीक्षण किया,जिसमें पुलिया मार्ग बाधित था जिसके कारण छात्र -छात्राओं को रेलवे ट्रैक को पार कर महाविद्यालय आते देखा गया। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। उक्त संदर्भ में वहां पर कार्य कर रहे रेलवे इंजीनियर से छात्र -छात्राओं के आवागमन की दुरूह कठिनाइयों को दूर करने के लिए विस्तृत वार्ता करके हल निकालने का प्रयास किया गया। संबन्धित रेलवे इंजीनियर द्वारा यह आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा। इसी क्रम में महाविद्यालय में अनुशासन को बनाएं रखने के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अवधेश सिंह यादव ने मीटिंग एजेंडा बताया जिसमें नियमित रूप से छात्र -छात्राओं को गणवेश एवं परिचय पत्र के साथ महाविद्यालय में न आने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर 2025 -26 जंतु विज्ञान के छात्र -छात्राओं का स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉज़) माधवी शुक्ला ने अपने आशीर्वचन में सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहकर सेमिनार में प्रतिभाग करने की सलाह दी।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास के साथ-साथ विषय वस्तु पर ज्ञान वृद्धि होती है। इस अवसर पर क्क्षस्त्र.विभाग के प्रभारी डॉक्टर दीपक कुमार सिंह ने सेमिनार के महत्त्व को विस्तारपूर्वक बताया।सभी छात्र- छात्राओं की तरफ से विभाग प्रभारी डॉक्टर अवधेश सिंह यादव ने धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के समस्त सदस्य डॉ शेफालिका राय,डॉ दीप नारायण,डॉ अरुणेश कुमार, डॉ नलिनी सिंह,डॉ अमित कुमार सिंह,डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ अदिती सिंह, डॉ मंजुला शुक्ला , धर्म चंद सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## चरण पादुका पूजन कर हर्ष उल्लास से मनाया गया हनुमान जी का वार्षिकोत्सव



**सीखड़ मीरजापुर** क्षेत्र के सुरसी गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर एक वर्ष से हर माह के दुसरे शनिवार को नियमित रूप से हो रहे हनुमान चालीसा पाठ को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास से मनाया गया हनुमान जी का वार्षिकोत्सव सर्वप्रथम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के अनन्य भक्त पवनपुत्र हनुमान जी के चरण पादुका पूजन प्रदीप शर्मा ने सनातन धर्म संस्कृति के अनुसार वैदिक मंत्रों चारण के साथ किया गया वैदिक मंत्र के साथ साथ श्री राम जय हनुमान की उद्घोष से पुरा गांव गुंजायमान हो गया इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ व सुन्दर काण्ड संगीतमय पाठ किया गया बडी संख्या में उपस्थित भक्त हनुमान जी के भक्ति में भावविभोर हो गये वहीं पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिवादन किया गया सम्मानित भक्तों को अंगवस्त्र राम चरित मानस भेट कर सम्मानित किया गया उपस्थित भक्त प्रफ्फुलित हो गये हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया कैलाश सिंह , शीतला प्रसाद सिंह, महेन्द्र मिश्र, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी अश्वनी त्रिपाठी, हिमांशु त्रिपाठी, बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## जनपद न्यायलय मे नि:शुल्क स्वास्थ शिविर: मेदांता की टीम पहुंची

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन उप्र बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व उप्र बार के 2025-26 मे अध्यक्ष प्रत्याशी अमरेंद्रनाथ सिंह द्वारा किया गया। मेदांता चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने जनपद न्यायलय प्रयागराज के अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेदांता टीम मे डॉ विजय कुमार शर्मा, डॉ मयंक सिंह, मैनेजर राकेश अर्पित राजपूत तथा सपोर्टिंग टीम टीना, आरती, सुनील, रेहान, सौरभ आदि के द्वारा लगभग 400 अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियो क़ो स्वास्थ्य सम्बन्धी निः शुल्क लाभ दिया गया। वही डीएलएसए के चीफ डिफेन्स काउंसिल विकास गुप्ता व जनपद न्यायलय के अधिवक्ता बसंत कुमार, नीरज पाण्डेय, मोहित सिंह, संतोष सिंह, ललित त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी, अंकज आग्रहरी, किफायत उल्लाह, भुवनेश्वर प्रसाद व अन्य अधिवक्ताओं ने भी अमरेंद्रनाथ द्वारा लगाये गए शिविर की सरहना किये। मेदांता की टीम से बात चित दौरान पता चला यह स्वास्थ शिविर से 6-7 नवम्बर तक रहेगा। पूर्व मे भी कई जिलों गाजीपुर, कानपुर, बंदा, बस्ती जैसे अन्य जिलों के कचेहरी मे भी इन्ही के बदौलत चलाये गए थे।

## रेवांचल एक्सप्रेस को ठहराव की मांग



**नैनी ,प्रयागराज।** शनिवार को छिवकी स्टेशन से बनारस - खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर एक ज्ञापन अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार को नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में श्री जायसवाल ने बताया की 12427 रिवांचल एक्सप्रेस रीवा से आनंद विहार एवं आनंद विहार से रीवा जाति आती है। उस गाड़ी को नैनी औद्योगिक क्षेत्र होने के नाते नैनी स्टेशन पर 2 मिनट का अप डाउन ठहराव की मांग किया गया।ज्ञापन में श्री जायसवाल ने कहा नैनी औद्योगिक व्यापारियों का गढ़ है उसके साथ ही साथ नैनी से रीवा जाने - आने में बड़ा आराम रहता है।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नैनी व्यापार मंडल महामंत्री एवं भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल, सुभाष चंद्र केसरवनी, पार्षद राकेश जयसवाल , पार्षद अनुप पासी, पार्षद सोनू यादव, वरिष्ठ समाजसेवी मुन्नू जायसवाल, राजेश शर्मा, रवि मिश्रा, टी पी सिंह, समर बहादुर सिंह ,बंटी पटेल, रामबाबू यादव, सफफू।

## वार्षिक शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नैनी ,प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में सन्युक्त शिक्षा निदेशक प्रोफेसर शशि कपूर के निर्देशन एवं प्राचार्या प्रोफेसर मंजुलता की अध्यक्षता में रसायन विज्ञान परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली वार्षिक शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन इस वर्ष भी शनिवार को उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अनुसंधान-आधारित समझ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रेरणादायी संबोधन के साथ किया गया। प्रतियोगिताओं में वाद विवाद प्रतियोगिता ( विषयः AI का अंधाधुंध प्रयोगः विकास या विनाश तथा क्विज प्रतियोगिता कराई गई जिनमें छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ पूनम शुक्ला,के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यों का डॉ सुरेश पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के रूप में ,डॉ गिरिजेश शुक्ला, डॉ होसिता गुप्ता, डॉ ब्रजेश मिश्र, डॉ हरगोविंद चौरसिया, डॉ आसित जायसवाल एवं डॉ विपिन कुमार ने योगदान दिया एवं छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम प्रोफेसर सुरेश जैन के कुशल दिशा निर्देश में संपन्न हुआ।

# एसआईआर के खिलाफ अर्जेंट सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार, 11 नवंबर से शुरुआत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को लेकर मचे राजनीतिक घमासान के बीच, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक ) की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जता दी है। डीएमके ने तमिलनाडु में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया शुरू करने के फैसले को चुनौती दी है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच के सामने डीएमके की ओर से पेश हुए वकील विवेक सिंह ने मामले की फौरन सुनवाई का आग्रह किया। चीफ जस्टिस ने इस पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा, "इसे 11 नवंबर को सूचीबद्ध किया जाए।" डीएमके के संगठन सचिव आर एस भारती ने 3 नवंबर को सुप्रीम अदालत में यह याचिका दायर की थी। याचिका में चुनाव आयोग की 27 अक्टूबर की अधिसूचना को "असंवैधानिक, मनमाना और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए खतरा" बताते हुए रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि SIR प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 (समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जीवन का अधिकार) का उल्लंघन करती है।

डीएमके का आरोप है कि यह प्रक्रिया लाखों वास्तविक मतदाताओं को मनमाने ढंग से मतदाता सूची से बाहर करने का कारण बन सकती है। पार्टी ने कहा है कि जब राज्य में पहले ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) हो चुका है, तो इस व्यापक पैमाने पर नए सिरे से सत्यापन की कोई आवश्यकता नहीं है। देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष शासित राज्यों, खासकर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल में तीखे विरोध का सामना करना पड़ रहा है। विवाद की जड़ में इस प्रक्रिया की टाइमिंग, मुश्किल दस्तावेज़ीकरण और खास वर्ग के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की आशंकाएं हैं।

विपक्षी दलों का सबसे बड़ा आरोप है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया के माध्यम से एक वास्तविक राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की तरह काम कर रहा है। स्द्धक्र के दिशानिर्देशों में 2003/2005 की मतदाता सूची में पंजीकृत न होने वाले मतदाताओं पर नागरिकता संबंधी मुश्किल दस्तावेज़ीकरण का बोझ डाला गया है। विपक्ष का कहना है कि नागरिकता तय करने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है, न कि चुनाव आयोग के पास, जो केवल मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए अधिकृत है। विपक्ष का दावा है कि एसआईआर के तहत लाखों वास्तविक और पात्र मतदाताओं को मनमाने ढंग से बाहर किया जा सकता है। बिहार में हुए पहले चरण के SIR का हवाला देते हुए डीएमके जैसे दलों ने आशंका जताई है कि प्रक्रियात्मक खामियों और जल्दबाजी के कारण हाशिए पर रहने वाले समुदायों, अल्पसंख्यकों और गरीब मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे। एसआईआर के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची में राशन कार्ड, पैन कार्ड और यहाँ तक कि मौजूदा EPIC (वोटर आईडी कार्ड) जैसे सामान्य पहचान पत्रों को शुरूआती स्तर पर वैध नहीं माना जा रहा है। इसके बजाय, यह कुछ मतदाताओं पर जन्मस्थान और माता-पिता की नागरिकता के प्रमाण जैसे असमान और बोझिल दस्तावेज़ों को पेश करने का दबाव डाल रहा है। यह संवैधानिक रूप से सभी नागरिकों को मिले समान मताधिकार के अधिकार का उल्लंघन है। एसआईआर का दूसरा चरण तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल सहित उन 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू किया गया है, जहाँ अगले साल (2026 में) विधानसभा चुनाव होने हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि चुनाव से ठीक पहले एक ऐसी व्यापक, पूर्ण सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने के पीछे राजनीतिक मंशा है ताकि मतदाता सूची में 'चुपचाप हेरफेर' किया जा सके।

# पुणे की विवादास्पद ज़मीन का 99% मालिक होने के बावजूद अजित पवार के बेटे का नाम एफ़आईआर में नही

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुणे भूमि घोटाले के खुलासे के बाद, महाराष्ट्र राज्य पुलिस ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, लेकिन विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार को इससे बाहर रखा, जो पुणे की 99 प्रतिशत भूमि के मालिक हैं। पार्थ पवार और उनके रिश्तेदार दिग्विजय सिंह पाटिल ने 40 एकड़ ज़मीन 300 करोड़ रुपये में खरीदी थी, जबकि बाज़ार में इसकी क़ीमत 1,800 करोड़ रुपये थी। महार वतन नाम से जानी जाने वाली यह ज़मीन मूल रूप से दलित भूमिहीन किसानों के लिए थी। राज्य राजस्व विभाग के निर्देश पर, पुलिस ने पुणे ज़मीन सौदे में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। हालाँकि, पार्थ पवार को इसमें शामिल नहीं किया गया। दिलचस्प बात यह है कि ज़मीन खरीदने वाली कंपनी अमाडिया में केवल एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले दिग्विजयसिंह पाटिल का नाम भी एफआईआर में शामिल है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि जिस तरह से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अजित पवार और उनके बेटे का बचाव कर रहे हैं, उससे संकेत मिलता है कि सरकार उचित जांच करने की बजाय घोटाले को छुपाने में अधिक रुचि रखती है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पुणे ज़मीन सौदे के दौरान जिन लोगों के नाम दस्तावेज़ों में दर्ज थे, उनके ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की गई है। चूँकि रजिस्ट्रेशन के समय पार्थ पवार का नाम नहीं था, इसलिए उनके ख़िलाफ़ कोई एफ़आईआर दर्ज नहीं की गई। मंत्री ने कहा, "अगर जाँच के दौरान पार्थ पवार का नाम सामने आता है, तो उसे एफ़आईआर में शामिल किया जाएगा।" विपक्षी नेताओं ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि सरकार और पुलिस ने मुख्य मालिक पार्थ पवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की, जबकि दिग्विजयसिंह पाटिल का नाम लिया, जिनके पास सिर्फ एक प्रतिशत स्वामित्व है। कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा, "अगर अधिकारी विवरण की जाँच करें, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि अमाडिया के असली मालिक



पार्थ पवार ने इस सौदे को अंजाम देने के लिए दिग्विजयसिंह पाटिल को केवल एक पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी।

इससे पार्थ असली मालिक बन जाते हैं। फिर भी, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, सिर्फ़ इसलिए कि वह उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे हैं।" इस बीच, इस्तीफे के दबाव के बाद अजित पवार ने कहा कि विवादास्पद पुणे भूमि सौदा रद्द कर दिया गया है और इसके लिए दस्तावेज भी जमा कर दिए गए हैं।पार्थ पवार ने राजस्व विभाग को पुणे ज़मीन सौदे को रद्द करने की अपनी मंशा से अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि बिक्री विलेख रद्द करने के लिए ज़रूरी दस्तावेज़ पहले ही पंजीकरण प्राधिकारी को जमा कर दिए गए हैं।

# बिहार चुनाव में 1314 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद

## ● भारी मतदान क्या विहार की स्थिरता के संकेत है।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है. पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग हुई जिसमें 1314 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया. इस चरण में मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और बीजेपी के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी जैसे दिग्गजों के बीच है। 18 जिलों की 121 सीटों पर लगभग 60 प्रतिशत से अधिक वोटिंग ने यह संकेत तो साफ कर दिया है कि जनता राजनीति से दूरी नहीं, बल्कि सीधी भागीदारी चाहती है.पर सवाल यह है कि मतदाता बदलाव चाहता है या भरोसे की निरंतरता? आखिर चुनावी जमीन पर क्या दिखा? क्या नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी की लहर चुनावी मैदान में है? क्या तेजस्वी यादव की सभाओं में उमड़ा जनसैलाब इस बात की गवाही देता रहा कि जनता के भीतर आकांक्षा का नया केंद्र तेजी से आकार ले रहा है और क्या बदलाव की बयार बह रही है? बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान अब सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनभावना और राजनीतिक प्रवृत्ति के महीन संकेतों की कहानी बन चुका है. मगध, शाहाबाद, सारण, तिरहुत और मिथिलांचल क्षेत्र में 18 जिलों की 121 सीटों पर करीब 60 प्रतिशत से अधिक मतदान इस बात की गवाही देता है कि जनता राजनीति से ऊब नहीं, बल्कि दिशा तय करने को तैयार है. मुद्दा सिर्फ यह नहीं कि नीतीश कुमार सत्ता में लौटेंगे या नहीं-असली सवाल यह है कि क्या बिहार स्थिरता को तरजीह देगा या बदलाव की आकांक्षा को? पहले चरण की जमीन पर यही द्वंद्व साफ दिखा- एक तरफ बुजुर्ग नीतीश कुमार के अनुभव, थकान और रिटायर्मेंट की चर्चा तो दूसरही ओर युवा जोश, उम्मीद और आशा के साथ कुछ नये की तलाश की राजनीति ! जमीन पर तस्वीर उतनी सरल नहीं थी जितनी प्रचार मंचों से दिखाई दी. नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी की अपेक्षित लहर नहीं दिखी, लेकिन जनता की आंखों में- नौकरियों के, महंगाई के और युवाओं के पलायन के सवाल तो जरूर थे. शराबबंदी के बावजूद शराब की आसानी से उपलब्धता पर आम लोगों, विशेषकर महिलाओं में आक्रोश भी दिखे. वहीं, तेजस्वी यादव के मंचों पर उमड़ती भीड़ ने इस चुनाव को भावनात्मक ऊर्जा दी, लेकिन भीड़ और वोट के बीच की दूरी अभी भी सवालों में है. राजनीति के पुराने समीकरण इस बार मौन मतदाता, खासकर महिलाओं और युवाओं के आगे ढीले पड़ते नजर आए. स्पष्ट है कि पहला चरण बताता है कि बिहार अब केवल जातीय या परंपरागत निष्ठा से नहीं, बल्कि अपेक्षाओं और भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जैसे जिलों में जमीनी तस्वीर मिली जुली रही. यह क्षेत्र परंपरागत रूप से राजनीतिक चेतना वाला माना जाता है. यहां नीतीश कुमार के शासन की सड़क और बिजली की उपलब्धियां अब भी मतदाताओं के जेहन में हैं. लेकिन, बेरोजगारी और किसान असंतोष जैसे मुद्दों ने युवा मतदाताओं को झुकाव की स्थिति में रखा है. तेजस्वी यादव के रोज़गार कार्ड अभियान का असर इस बेल्ट में खासकर भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में दिखा. हालांकि, महिला मतदाताओं का मौन समर्थन अब भी नीतीश के पक्ष में एक अदृश्य पर स्थिर आधार के रूप में दर्ज हुआ है.। बिहार में इस बार वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूट गए. शाम 5 बजे तक ही 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका है, और अभी भी कई जगह लोगों की कतारें लगी हुई हैं. पुराने आंकड़े देखें तो आखिरी वक्त में वोटिंग ज्यादा होती है, इसलिए माना जा रहा है कि



कम से कम 5 फीसदी वोटिंग और दर्ज होगी. अगर ऐसा हुआ तो कुल वोटिंग प्रतिशत 65 फीसदी के पार चला जाएगा और यह बिहार के इतिहास में पहली बार होगा कि जब किसी विधानसभा चुनाव में इतने ज्यादा वोट पड़े हों. यह रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग किसकी नैय्या डुबोएगी? आइए इसे पुराने आंकड़ों से समझने की कोशिश करते हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों को देखें तो 2020 में 56.9 फीसदी मतदान हुआ था. वहीं अब तक राज्य में सबसे अधिक वोटिंग की बात की जाए तो वो 2000 में हुई थी, जब 62.6 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे. तब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था और पूरा बिहार राजनीतिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था. आज, 25 साल बाद, जब नीतीश कुमार अपनी सत्ता के दो दशक पूरे करने की ओर बढ़ रहे हैं, बिहार फिर एक बार लोकतंत्र के उत्सव में उमड़ा है. सवाल यह है यह पैटर्न कहता क्या है? साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई थी. आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत से कुछ सीटें कम रह गई. जेडीयू और बीजेपी अलायंस में थे. कांग्रेस और कुछ अन्य छोटे दलों को कुछ सीटें मिली थीं. राबड़ी देवी ने बहुमत होने का दावा किया और फिर मुख्यमंत्री बनीं. उनकी सरकार 2005 तक चली, जब राज्य में राजनीतिक अस्थिरता के बाद विधानसभा भंग हुई और दोबारा चुनाव कराए गए।

# दिल्ली एनसीआर की ज़हरीली हवा: गैस चैंबर बन गया शहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली फिर गैस चैंबर बन गई है। हवा में ज़हर इतना कि साँस लेना भी खतरे से खाली नहीं। शनिवार सुबह राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI 355 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। दिल्ली के कई इलाकों और एनसीआर में भी हालात बुरे हैं। कुछ स्वतंत्र मॉनिटरिंग एजेंसियों के मुताबिक, कल दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 727 तक था, लेकिन सरकारी एजेंसी CPCB के आँकड़ों में यह स्तर 312 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। इस वजह से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन सरकार अब भी खामोश है। दिल्ली की ज़हरीली हवा की वजह से दिल्ली में सरकारी दफ्तरों के खुलने और बंद होने का समय बदल दिया गया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। सर्दियों के मौसम के लिए प्रस्तावित नए समय हैं: दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुलेंगे। यह व्यवस्था 15 फरवरी, 2026 तक लागू रहेगी। भारत में सबसे खराब AQI वाले शहर दिल्ली प्रदूषण चार्ट में सबसे ऊपर बना हुआ है। ITO पर सुबह 8



बजे तक AQI 373 दर्ज किया गया, और मुंडका में 363 दर्ज किया गया। दोनों ही "बेहद खराब" श्रेणी में आते हैं, जो स्वस्थ व्यक्तियों को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। CPCB के अनुसार, दिल्ली का एक और हॉटस्पॉट, आनंद विहार भी 352 AQI के साथ सबसे खराब स्थानों में से एक है। गाजियाबाद में, वसुंधरा क्षेत्र में 353 AQI दर्ज किया गया, जो सबसे प्रदूषित स्थानों में से एक है। नोएडा का सेक्टर 62 309 के साथ दूसरे स्थान पर है। यूपी में ही हापुड़ और बागपत के नाम भी इसमें शामिल हैं। हरियाणा के पानीपत में भी हवा बेहद खराब रही, जहाँ सेक्टर 18 में एक्यूआई 310 दर्ज किया गया। जींद के पुलिस लाइन इलाके में एक्यूआई 294 दर्ज किया गया। फतेहाबाद के हुडा सेक्टर में 292 दर्ज किया गया, जो पूरे हरियाणा में खराब स्थिति को बता रहा है। पंचकूला के सेक्टर 6 में 268 दर्ज किया गया। सिरसा के एफ ब्लॉक में एक्यूआई 225 दर्ज किया गया, जिसे "खराब" श्रेणी में रखा गया है। नई दिल्ली की हवा हर साल सर्दियों में एक घातक स्मॉग में बदल जाती है, जो न केवल सांस लेना मुश्किल बना देती है, बल्कि स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है।

दिल्ली की हवा में वाहन और उद्योगों से उड़ने वाले प्रदूषित कण दिल्ली एनसीआर के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार है। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली पर ग्रीन पटाखे फोड़ने को कहा था लेकिन कुछ लोग माने नहीं और उन्होंने इसकी आड़ में उन परंपरागत पटाखों को फोड़ा, जिनकी वजह से नवंबर में अक्सर प्रदूषण फैलता है। इस बार पंजाब-हरियाणा से पराली जाने की घटनाएं पहले के मुकाबले कम रिपोर्ट की जा रही हैं लेकिन इसके बावजूद दिल्ली एनसीआर की हवा ज़हरीली बनी हुई है।

# भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई रिटायर होने से पहले सरकार पर भड़के

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच को स्थगित करने के केंद्र सरकार के अनुरोध पर कड़ी नाराज़गी जताई।उन्होंने कहा कि सरकार उनकी अध्यक्षता वाली बेंच से बचने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उनके रिटायरमेंट में कुछ ही दिन बचे हैं। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार, 7 नवंबर को होनी है। सुनवाई टालने की रिक्वेस्ट आज एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मेंशनिंग के ज़रिए की। इसके बाद सीजेआई गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने अटॉर्नी जनरल फॉर इंडिया (AG) आर वेंकटरमणी को सीजेआई गवई के सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने से कुछ ही दिन पहले सुनवाई टालने की रिक्वेस्ट करने के लिए फटकार लगाई।उन्होंने कहा कि कोर्ट शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करना चाहता था और वीकेंड में फैसला लिखना चाहता था। सीजेआई ने कहा, "हमने आपको पहले ही दो बार एडजस्ट किया है। और कितनी बार? अगर आप इसे 24 नवंबर के बाद चाहते हैं तो हमें बताएं। (सीजेआई गवई तब ऑफिस छोड़ देंगे)। यह कोर्ट के साथ बहुत गलत है। हर बार आप इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन के लिए एडजस्टमेंट मांगते हैं। आपके पास वकीलों की पूरी टीम है और फिर आप आधी रात को बड़ी बेंचों को रेफरेंस देने के लिए एप्लीकेशन फाइल करते हैं! जब हम हाईकोर्ट में थे, तो हमें यहां आने पर जो भी ब्रीफ छोड़ने पड़े, हमने छोड़ दिए। हमें देश की सबसे बड़ी संवैधानिक अदालत के लिए बहुत सम्मान था। हमने कल कोई और केस नहीं लिया। हमने सोचा था कि हम कल सुनवाई करेंगे और वीकेंड में फैसला लिखेंगे।" यह मामला मद्रास बार एसोसिएशन सहित कई याचिकाओं से जुड़ा है, जो एक्ट के प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। सुनवाई सीजेआई गवई की अगुवाई वाली बेंच के समक्ष हो रही है, जिसमें जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस विपुल एम पांचोली भी शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व सीनियर एडवोकेट अरविंद दतर कर रहे हैं। गुरुवार को एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सरकार की ओर से मेंशनिंग के जरिए स्थगन की मांग की। इस पर सीजेआई गवई ने तल्ख लहजे में कहा, ÷हमने आपको पहले ही दो बार समायोजन दिया है। कितनी बार और? अगर आप 24 नवंबर के बाद सुनवाई चाहते हैं तो बताएं। कोर्ट के साथ यह बहुत अनुचित है। हर बार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के लिए समायोजन मांगते हैं। आपके पास वकीलों की पूरी फौज है और फिर आधी रात को बड़े बेंच को रेफर करने की अर्जी दाखिल कर देते हैं! "सीजेआई ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अगर अटॉर्नी जनरल (एजी) आर वें वेंकटरमणी सोमवार को पेश नहीं होते, तो मामला बंद कर दिया जाएगा।" पिछली सुनवाई (3 नवंबर) में भी एजी वेंकटरमणी ने बड़े बेंच को रेफर करने की प्रारंभिक आपत्ति उठाई थी, जिसे बेंच ने खारिज कर दिया। सीजेआई ने तब कहा था, "पिछली तारीख पर आपने ये आपत्तियां नहीं उठाई... आपने निजी आधार पर स्थगन मांगा था। मेरिट्स पर पूरी सुनवाई के बाद अब ये आपत्तियां नहीं उठा सकते।1 उन्होंने सरकार



को "बेंच से बचने की चाल" का आरोप लगाते हुए कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र ऐसी चालाकी नहीं करेगा। यह एक पक्ष की पूरी सुनवाई के बाद और एजी को निजी आधार पर समायोजन देने के बाद हो रहा है।" एजी वेंकटरमणी ने आपत्ति जताते हुए कहा, "कृपया ऐसा न समझें। एक्ट पर विचार-विमर्श के बाद पारित हुआ था... हम सिर्फ कह रहे हैं कि इन मुद्दों के कारण एक्ट को सीधे रद्द न किया जाए। इसे स्थिर होने का समय दिया जाए।" लेकिन कोर्ट को मनाने में नाकाम रहने के बाद उन्होंने मेरिट्स पर आगे बढ़ने की सहमति दी। जस्टिस विनोद चंद्रन ने भी सीजेआई का समर्थन करते हुए कहा कि प्रारंभिक आपत्ति पहले ही उठाई जानी चाहिए थी। बेंच ने स्पष्ट किया कि अगर आपत्ति खारिज हो जाती है, तो केंद्र पर बेंच से बचने का प्रयास करने का टिप्पणी दर्ज की जाएगी। मामला शुक्रवार (7 नवंबर) को आगे सुनवाई के लिए निर्धारित है, जहां सीनियर एडवोकेट दतार अपनी दलीलें पूरी करेंगे। कोर्ट का इरादा जल्द फैसला सुनाने का है, ताकि सीजेआई गवई के रिटायरमेंट से पहले मुद्दा सुलझ जाए। यह घटना न्यायिक प्रक्रिया में देरी और बेंच हंटिंगको लेकर उठ रहे विवादों को उजागर करती है।

# 'हरियाणा में चुनाव नहीं, होलसेल में चोरी हुई थी', राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से फिर पूछा सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में वोट चोरी के गंभीर आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा, "मैंने प्रजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव वास्तव में चुनाव नहीं था। वहां पर होलसेल में चोरी हुई है।" दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा चुनाव 2024 में धांधली का आरोप लगाया था। उन्होंने भारतीय निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए थे। इस दौरान उन्होंने बिहार चुनाव में भी धांधली की आशंका जताई थी। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने अपने पुराने आरोपों को दोहराया। राहुल गांधी ने कहा, "मैंने जो फेक फोटो और फेक फोटोग्राफ के आरोप लगाए थे, उस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। चुनाव आयोग ने इस




पर कुछ नहीं बताया, जबकि बीजेपी उसे बचाने का काम कर रही है और स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है।

मीडिया छोटे-छोटे उदाहरण को उठा रही है कि ब्राजील की औरत ने वोट किया, लेकिन जिसकी आईडी नहीं है, उसने कैसे वोट किया?" दूसरी ओर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए बिहार में इस बार महागठबंधन की सरकार आने का दावा किया।उन्होंने कहा, "बीजेपी वाले हमेशा कहते रहे हैं कि जब भी ज्यादा वोट पड़ता है तो एंटी-इनकंबेंसी का वोट होता है। उनके सारे नेताओं ने यह बात बोली है। उनके पुराने बयान लाइब्रेरी में देख लीजिए, लेकिन वे आज इससे पलट रहे हैं।" कांग्रेस सांसद ने कहा, "ये सच्चाई है कि बिहार में एनडीए सरकार के खिलाफ जनक्रांति हुई है। युवाओं ने खूब वोट डाला है। बिहार में बेरोजगारी और सत्ताधारी दल में आपस की लड़ाई दिख रही है। बिहार में इस बार स्पष्ट रूप से महागठबंध के बहुमत की सरकार आ रही है।"

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव: लेफ्ट ने सभी प्रमुख पद जीते, एबीवीपी को करारी शिकस्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जेएनयू छात्र संघ चुनाव 2025 में लेफ्ट यूनिटी ने एक बार फिर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। वामपंथी गठबंधन ने सभी चार प्रमुख पदों- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव पर कब्जा जमा लिया। इसने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यानी एबीवीपी को बड़े अंतर से हराया। यह जीत जेएनयू के छात्र राजनीति में लेफ्ट की मजबूत पकड़ को दिखाती है, जहां पिछले कई वर्षों से वामपंथी संगठन हावी रहे हैं। पिछले चुनाव में एबीवीपी ने एक पद जीता था। 2025 का चुनाव परिणाम गुरुवार देर रात घोषित किया गया। सीपीआई(एमएल) लिबरेशन, एसएफआई, एआईएसएफ और डीएसएफ जैसे संगठनों की लेफ्ट यूनिटी ने सभी पदों पर जीत हासिल की। अध्यक्षः लेफ्ट यूनिटी की अदिति मिश्रा ने 1861 वोट हासिल कर शीर्ष पद पर कब्जा किया। उन्होंने एबीवीपी के विकास पटेल को 414 वोटों के अंतर से हराया, जिन्हें 1447 वोट मिले। उपाध्यक्षः लेफ्ट की के. गोपिका ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्हें 2966 वोट मिले, जबकि एबीवीपी की तान्या कुमारी को 1730 वोट ही हासिल हुए। जीत का अंतर 1236 वोट रहा। महासचिवः सबसे काँटे की टक्कर इस पद पर हुई। लेफ्ट के सुनील यादव ने 1915 वोट लेकर जीत हासिल की, जबकि एबीवीपी के राजेश्वर



कांत दुबे को 1841 वोट मिले। यानी जीत का अंतर सिर्फ़ 74 वोटों का रहा। संयुक्त सचिवः लेफ्ट के दानिश अली ने 1991 वोट हासिल कर पद जीता। एबीवीपी के अनुज दमारा को 1762 वोट मिले, अंतर 229 वोट रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## आईपीएस बताकर की शादी, पत्नी की शिकायत पर गिरफ्तार



**बलिया/लालगंज।** खुद को आईपीएस बताकर युवती से धोखे से शादी करने वाले सुधीर राम को दोकटी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आईपीएस की वर्दी व उस पर लगाने वाले स्टार, अशोक स्तंभ, आईडी कार्ड, आधार कार्ड, टैबलेट बरामद किया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया। बैरिया क्षेत्राधिकारी मो. फहीम कुरैशी ने बताया कि गोपालगंज बिहार निवासी एक विवाहिता ने दोकटी पुलिस से शिकायत की है। बताया कि कूटरचित पहचान पत्र तैयार कर सुधीर राम को आईपीएस अधिकारी बताकर धोखे से शादी कराई गई है। जब इसकी जानकारी हुई तो आरोपी पति शिकायत करने से रोकने लगा। गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष दोकटी अनुप जायसवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी सुधीर राम निवासी हृदयपुर को वाजिदपुर ढाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी वर्दी, एक जोड़ी स्टार, एक जोड़ी अशोक स्तंभ व पहचान पत्र बरामद हुए हैं। सीओ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी खुद को राजस्थान का 2021 कैडेट का आईपीएस अफसर बता रहा था। महाराष्ट्र के निश्चल के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को गुमराह कर रहा था। खुद की तैनाती में धौलपुर बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी का परिवार वर्षों से कोलकाता रहता था।

## 'दिल्ली पब्लिक स्कूल में सर्ज फेस्ट' का आगाज- सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा




**नैनी, प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज में गत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी शनिवार को 'सर्ज फेस्ट' भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन कुमार अरोड़ा (डी. जी. एम-एस.बी.आई) विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ0 सुजाता सिंह ने किया।

प्राचार्या ने फेस्ट के उद्देश्य एवं लाभ से अवगत कराते हुए बच्चों में जोश एवं उत्साह जगाया, निरंतर प्रयासों से सफलता हासिल करने की अलख जगाई। मुख्य अतिथि ने भी बच्चों को उत्साहित करते हुए दिशा निर्देशन के साथ डी0पी0एस0 प्रयागराज के शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए, इससे लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। टीम वर्क, कल्पनाशीलता और स्वस्थ भागीदारी की भावना की सराहना की। इसका उद्देश्य पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास रहा। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस फेस्ट में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अर्थोत्सव के अन्तर्गत प्रेजेंटेशन ऑफ इकोनामिक ईशू, एडवरटीजमेंट पोस्टर डिजाइनिंग, न्यू बिजनेस आइडिया, सेल्स रॉकस्टार, टेक्नोथोन के अन्तर्गत रन टाइम टेरर, रोबोटिक्स, विडियो एडेटिंग, वेव विवर्स, धरोहर के अन्तर्गत इकोज ऑफ द अर्थ (डांस प्रतियोगिता), कविता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, साई लैंड के अन्तर्गत थिंक और सिंक, जेप जूम, लैब रैट्स (मॉडल प्रदर्शन), क्विलटोपिया के अन्तर्गत-पोयट्री, ड्रामा, स्पीच आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को, पुरस्कार, ट्राफी, सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रयासों से ट्यूनीशिया में फंसे 48 झारखंडी कामगारों की सुरक्षित वापसी

**● प्रवासी कामगारों के हितों के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का उज्जवल उदाहरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एक बार फिर प्रवासी कामगारों के मसीहा साबित हुए हैं। उनकी संवेदनशीलता और त्वरित पहल के कारण अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की सुरक्षित वापसी संभव हो पाई है। बीते तीन महीनों से वेतन न मिलने और आर्थिक संकट से जूझ रहे इन कामगारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। जैसे ही मुख्यमंत्री को कामगारों की परेशानी की जानकारी मिली, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को सक्रिय किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया। सभी कामगार हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिलों के निवासी हैं, जो पीसीएल प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद श्रम विभाग के अधिकारियों ने कामगारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। अब सरकार इन कामगारों और उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने की दिशा में कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सदैव यह सिद्ध किया है कि झारखंड का हर श्रमिक, चाहे वह देश में हो या विदेश में, सरकार की जिम्मेदारी है। ट्यूनीशिया में फंसे कामगारों की वापसी इसी सोच और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सफलता न केवल झारखंड सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की मिसाल है, बल्कि प्रवासी कामगारों के प्रति राज्य सरकार की गहरी चिंता और मानवीय दृष्टिकोण को भी उजागर करती है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से एक बार फिर यह संदेश गया है कि झारखंड सरकार अपने नागरिकों के साथ हमेशा, हर परिस्थिति में, हर स्थान पर खड़ी है।

## बनारस से छिवकी पहुँची वंदे भारत ट्रेन,हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नैनी ,प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से खजुराहो के लिए सुबह वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ बनारस स्टेशन से किया। यह ट्रेन छिवकी जंक्शन पर 11.17 मिनट पर पहुंची।

**जहां ट्रेन का यहां पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।**

ट्रेन के पहुंचने पर जय श्री राम के नारे भी लगे।ट्रेन को छिवकी जंक्शन पर हरी झंडी दिखाकर चित्रकूट से खजुराहो के लिए रवाना किया गया। इस शुभारंभ के दौरान डीआरएम उत्तर मध्य रेलवे, महापौर गणेश केसरवानी, सांसद दीपक पटेल,सभी पार्षद सहित तमाम लोग लोग मौजूद रहे।इस दौरान पार्षद मयंक यादव,समाजसेवी समर बहादुर सिंह, भाजपा नेता राजन शुक्ला, पार्षद राकेश जायसवाल, पवन यादव, घनश्याम जायसवाल, शुभाष चन्द्र केशरवानी, संजय श्रीवास्तव आदि रहे।

## अज्ञात महिला का देवनद तट पर हुआ अंतिम संस्कार

**● दुर्गंध फैलने के बाद मिली सूचना, युवा भारत चंदवा ने निभाया इंसानियत का फर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** मानवता एक बार फिर जीवित हुई, जब समाज के बीच उपेक्षित पड़ी एक अज्ञात महिला को "युवा भारत चंदवा" सामाजिक संगठन ने सम्मानपूर्वक विदाई दी। चंदवा प्रखंड के टूढ़ामू स्थित महुआफील्ड इलाके में कई महीनों से रह रही एक विक्षिप्त महिला की शुक्रवार को मृत्यु हो गई थी। पहचान न होने के कारण शव वहीं पड़ा रहा। शनिवार को जब आसपास के क्षेत्र में भयंकर दुर्गंध फैलने लगी, तब स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी युवा भारत चंदवा को दी। संगठन के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए चंदवा थाना प्रभारी को आवेदन देकर अंतिम संस्कार की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद संगठन ने अपने कर्तव्य और मानवता का परिचय देते हुए शव को सम्मानपूर्वक उठाया और देवनद तट पर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष आदर्श रवि राज, विनय कुमार रिक्की, अंचल कर्मचारी मुनेश्वर गंझु, अंकित कुमार गोलू, रवि ठाकुर, अनिल राम, गोविंदा राम, प्रवीण कुमार भोला, रवि पांडुरंगा, संजय प्रजापति, कृष्णा कुमार, दिलीप कुमार, विजय कुमार, राजा ठाकुर, आशीष कुमार, अंकित कुमार, और कुश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष आदर्श रवि राज और विनय कुमार रिक्की वर्मा ने कहा कि "युवा भारत चंदवा का उद्देश्य केवल संगठन चलाना नहीं, बल्कि समाज में मानवता और संवेदनशीलता की भावना को जीवित रखना है। असहाय, अज्ञात और जरूरतमंद लोगों की मदद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।" मौके पर मौजूद ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने संगठन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि "युवा भारत चंदवा" ने न केवल एक अज्ञात महिला को सम्मानजनक विदाई दी, बल्कि समाज के लिए एक मिसाल कायम की। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि आज भी समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो मानवता को सर्वोपरि मानते हैं।

## ओबीसी कांग्रेस हजारीबाग जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति का झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की ओर से भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** ओबीसी कांग्रेस हजारीबाग जिला अध्यक्ष के रूप में नव मनोनीत अजय प्रजापति का झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासंघ के सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रजापति महासंघ द्वारा अजय प्रजापति को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद एवं बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि अजय प्रजापति के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग की आवाज़ और मज़बूती से उठेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त बनेगा। महासंघ के सदस्यों ने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त अध्यक्ष सामाजिक न्याय, समानता और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू प्रजापति, संगठन मंत्री शिव प्रजापति, उपाध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, रामदयाल प्रजापति, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति, संरक्षक विष्णु प्रजापति, महेश प्रजापति, सुखदेव प्रजापति, सक्रिय सदस्य अशोक प्रजापति, जिला प्रवक्ता संजय प्रजापति, राजेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, रंजन कुमार प्रजापति, गांगों प्रजापति, पिंटू प्रजापति, राम सुंदर प्रजापति, छतरु प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, अमरेश प्रजापति, रामावतार प्रजापति एवं बसंत प्रजापति सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। सभी ने अजय प्रजापति को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देंगे तथा समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।

## गोपालगंज के बनकट्टी महिला हत्याकांड में एक गिरफ्तार, छह आरोपितों की तलाश में छापेमारी तेज




**गोपालगंज।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के उत्तर बनकट्टी गांव में जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार की देर शाम हुई मारपीट में एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। रवि तिवारी की पत्नी रिंकू त्रिवेदी की मौत हो गई थी। उनके ससुर श्रीभगवान त्रिवेदी गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। मृतका के देवर पवन कुमार त्रिवेदी ने गांव के ही चन्द्रलोक त्रिवेदी सहित सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित बिट्टू तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य नामजद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना के बाद से सभी फरार हैं। प्राथमिकी के अनुसार, शुक्रवार की शाम मृतका और उसके परिवारजन अपने घर के पास जमीन पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पुराना विवाद फिर भड़क उठा।

## वाहन खरीदने में हुए घोटाले की जांच हुई तेज, नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एसडीएम सदर व वरिष्ठ कोषाधिकारी की जांच समिति बनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया में कूड़ा निस्तारण संबंधित वाहन खरीदने के लिए वर्ष 2019-20 एवं 2022 व 23 में 2.40 करोड़ रुपये की प्राप्त धनराशि में घोटाले की जांच तेज हो गई है। उस समय नगर पालिका परिषद के सभासदों ने आरोप लगाया था कि स्वच्छता और विकास कार्यो के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था विफल रही है। शासन तक मामला पहुंचाने पर तत्कालीन डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एसडीएम सदर व वरिष्ठ कोषाधिकारी की जांच समिति बनाई थी। उसी समय से मामले की जांच चल रही थी। इस मामले में तत्कालीन ईओ दिनेश विश्वकर्मा को निलंबित किया गया था। उसके बाद से यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। इधर बीच, जांच समिति ने घोटाले के मामले में नपा के लिपिक कृष्ण राघव मिश्रा, अभिनव कुमार, अवर अभियंता जलापूर्ति व सफाई निरीक्षक को साक्ष्य के साथ बयान दर्ज करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ने तत्काल उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इन सभी पर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। एक सप्ताह पूर्व वरिष्ठ कोषाधिकारी ने आरोप के दायरे में शामिल कर्मचारियों को बुलाकर जांच की थी। इधर सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी आरोपियों को चार नवंबर को बुलाया था लेकिन कार्तिक पूर्णिमा स्नान के कारण बयान दर्ज नहीं हो सका। वाहन की कमी से चरमराई कूड़ा निस्तारण व्यवस्था नगर पालिका परिषद की तरफ से कूड़ा निस्तारण से संबंधित वाहनों की खरीदारी न होने से नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। वाहनों की कमी के चलते बिलंब से कूड़े का उठान होता है। इसको लेकर सभासद सफाई व्यवस्था को लेकर हमेशा सवाल खड़े रहते हैं। पुराने वाहनों को दिखाया गया कागज में नगर पालिका परिषद में कूड़ा निस्तारण संबंधित वाहन समेत अन्य सामग्री की खरीदारी कागज पर की गई। आरोप है कि



पुराने वाहनों को ही नया दिखा दिया गया। सभासद सुमित कुमार मिश्रा गोलू ने बताया कि हम सभी ने जांच की मांग की थी। कूड़ा निस्तारण वाहन खरीदारी नहीं होने से सफाई में दिक्कत हो रही है।नगर पालिका परिषद बलिया में कूड़ा व अन्य सामग्री खरीदने में हुए वित्तीय अनियमितता की जांच चल रही है। आरोपित कर्मचारियों को चार नवंबर को बुलाया गया था लेकिन कार्तिक पूर्णिमा स्नान की व्यस्तता के चलते अभिलेख की जांच व बयान दर्ज नहीं हो पाया। दो-चार दिन के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट डीएम को सौंप दी जाएगी। -आशाराम वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट बलिया।

## दूसरी शादी से नाराज पत्नी ने सहयोगियों संग मिलकर पति का गला रेत दिया, फिर झाड़ियों में फेंक दिया शव, दो गिरफ्तार




**खूंटी।** खूंटी के गिरजा टोली स्थित महावीर कॉलोनी में रहने वाले रंजीत महतो उर्फ टुना नामक युवक की एक सप्ताह पूर्व धारदार हथियार से गला काटकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी सुगी देवी और उसके एक रिश्तेदार सोनू महतो को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा ली है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पहली पत्नी के रहते रंजीत महतो ने जब दूसरी शादी कर ली तो गुस्से में आकर पहली पत्नी ने पति रंजीत महतो की हत्या की योजना बना डाली और अपने रिश्तेदार सोनू महतो एवं अन्य दो लोगों के साथ मिलकर 31 अगस्त को इस हत्याकांड को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक स्टील का भुजाली (बड़ा चाकू), एक बोतल में पेट्रोल जैसा तरल पदार्थ और घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़ों के जले हुए अवशेष को बरामद कर लिया है।

## दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पर झामुमो नेताओं ने की चादरपोशी, मांगी अमन की दुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के सुप्रसिद्ध सूफी संत हज़रत दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैह के 368वें उर्स मुबारक के मौके पर शुक्रवार को अकीदतमंदों की बड़ी तादाद में मौजूदगी रही। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सरफ़राज़ अहमद की अगुवाई में जिला बोर्ड चौक से पैदल जुलूस की शक्ल में चादरपोशी के लिए लोग मजार शरीफ पहुँचे। चादरपोशी के दौरान सरफराज अहमद ने कहा कि दाता मदारा शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देती है। उन्होंने कहा कि ÷हम सब मिलकर झारखंड के विकास के लिए प्रयासरत हैं और दुआ करते हैं कि राज्य और अधिक तरक्की करे, खुशहाल बने और लोगों में आपसी मोहब्बत बनी रहे। इस मौके पर उपस्थित अकीदतमंदों ने राज्य में अमन, चैन, भाईचारे और एकता की दुआ मांगी। जुलूस में शामिल लोगों ने नारे-ए-तकबीर वा दममदार बेड़ा पार और दरूद-सलाम के साथ माहौल को सूफियाना बना दिया। कार्यक्रम में झामुमो के नगर अध्यक्ष मोहम्मद आज़ाद, वार्ड 1 के नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद, वार्ड 3 के नगर सचिव महमूद आलम , मीडिया प्रभारी आदिल खान 31 वार्ड के कुर्बान अली, परवेज आलम, एजाज आलम, वार्ड 28 के अक्साश अली हसन, सचिव मोहम्मद शहज़ाद, मोहम्मद तस्लीम,वार्ड 30 के तनवीर आलम, शालिद रिज़वी, असलम खान, मोहम्मद इक़बाल, भोलू, इरफान सही, ताबरक हुसैन, फ़ैयाज़ अहमद, सोनू, वार्ड 29 के हसन रज़ा, फ़ैजान, आलमगीर आलम, लक्की, साजिद कमाल, प्रिंस खान, मोहम्मद मुस्ताक, अली रज़ा रहबर, आरिफ खान, मोहम्मद मुराद, ग़ज़ाली खान, मासूम रज़ा, गुफरान, सद्दाम , तराना परवीन, शमशेर आलम, गुलाम वारसी, वार्ड 33 के सलीम,अब्दुल सत्तर, वार्ड 2 के ग़ज़ाली, वार्ड 24 के इरफान, ताबरक, फायाज, रिजवान अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक माहौल, इबादत और दुआओं की गूंज से शहर का फिज़ा महक उठा।

## उपायुक्त ने बरही के विभिन्न पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

**● बिरहोर कॉलोनी में आधार कार्ड, बिजली मरम्मत, आवास मरम्मत व स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय तथा बिरहोर कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सबसे पहले पंचमाधव आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जहां परिसर में हुए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके बाद उन्होंने धनवार पंचायत के कोरियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और टीकाकरण व्यवस्था की समीक्षा की। केंद्र में एएनएम की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। सेविका ने केंद्र पर अतिक्रमण की समस्या बताई, जिस पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद उपायुक्त करियातपुर उच्च विद्यालय पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों की कक्षा भी ली। उन्होंने छात्रों को नैतिक शिक्षा एवं आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी। साथ ही शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों पर बीईईओ से जानकारी ली।निरीक्षण का अगला चरण बरसोत पंचायत स्थित बरियट्ठा बिरहोर कॉलोनी रही, जहां उपायुक्त ने दीदी बाड़ी और आवासों की स्थिति का जायजा लिया। बिरहोर समुदाय के जर्जर आवासों की मरम्मत का निर्देश बीडीओ बरही को दिया गया। उपायुक्त ने पाया कि कई बिरहोर परिवारों के राशन कार्ड में नाम नहीं हैं, जिस कारण उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। इस पर उन्होंने छुटे हुए सभी लोगों का आधार कार्ड तत्काल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही जर्जर बिजली तारों को दुरुस्त करने और बिरहोर कॉलोनी में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर बीडीओ ने दर्जनों बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए। निरीक्षण के दौरान डीईओ प्रवीण कुमार, डीएससी आकाश



कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, प्रभारी उपनिरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, डॉ एजाज, मो इम्तियाज, विजय कुमार, प्रशांत कुमार, मोहन मिरधा, अरविंद कुमार, सीएचओ सनोवर परवीन, रविशंकर कुमार, अनीता कुमारी, विष्णु कुमार महतो, संगीता कुमारी, मंजू देवी, सूरज कुमार, माया देवी, फूल देवी, गीता देवी, मो. शमसाद, पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, पंसस सुजीत कुमार, पंचायत सहायक दिनेश चंद्रवंशी, रानी कुमारी, विजय कुमार, कमलेश कुमार, शमशाद आलम सहित कई अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ट्रामा सेंटर भवन का निरीक्षण किया

**● जिला प्रशासन भवन बनाया, एक साल हो गए, फिर भी शुरू नही हो सका स्वास्थ्य विभाग का ट्रामा सेंटर**

**ट्रामा सेंटर चालू होने से प्रखंड छेत्र के लाखों लोगों के साथ साथ जिले वासियों का भी लाभ मिलेगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड छेत्र के लुकूईया ग्राम स्थित ट्रामा सेंटर भवन का कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने निरीक्षण किया, अबतक चालू नहीं होने पर हैरानी जताई, उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ट्रामा सेंटर भवन बनाया गया है जो बनकर तैयार भी है, इसके बने एक वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक चालू नहीं हुआ, इसके शुरू नहीं होने से यहां मरीजों का ईलाज भी शुरू नहीं हो पाया है। जिला प्रशासन ने लुकूईया ग्राम - चांपी पथ में ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण इस लिए कराया कि दुर्घटना जोन चंदवा प्रखंड में गिरकर घायल होने, मोटर वाहन टक्कर से जख्मी होने या गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों की ईलाज और उसके देखभाल व आपातकालीन स्थिति में ट्रामा सेंटर में की जा सके और लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराकर उनकी जान बचाई जा सके लेकिन इसके चालू नहीं होने से प्रखंड वासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण किया था जो आज भी खुलने की आस देख रहा है, ट्रामा सेंटर के नाम पर बना ट्रामा सेंटर भवन प्रखंड वासियों को मुंह चिढ़ा रहा है। ट्रामा सेंटर चालू हो जाता है तो यह जिले के गंभीर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा, सुविधा के अभाव में ही सीएचसी से हर माह करीब एक सौ अधिक गंभीर




मरीजों को सदर अस्पताल लातेहार अथवा रिम्स (रांची) भेज दिया जाता है, रेफर की स्थिति में कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, इमरजेंसी में इलाज की सुविधा देकर मरीजों की जिंदगी बचाने के साथ ही इलाज के लिए लाखों रुपये खर्च से उन्हें बचया जा सकता है तथा इसका लाभ संपूर्ण प्रखंड छेत्र के साथ साथ जिले वासियों को सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल मरीजों को सुलभ व सस्ता इलाज मिल सकेगा वे बाहर जाने से भी बचेंगे, पंसस अयुब खान ने उपायुक्त महोदय से जनहित में शीघ्र ही ट्रामा सेंटर चालु कराने की मांग किया है, निरीक्षण में सामाजिक कार्यकर्ता रसीद मियां, समाजसेवी शिवनाथ यादव, मंटु कुमार मौजूद थे।

## हजारीबाग यूथ विंग द्वारा सांसद तीर्थ दर्शन यात्रियों का स्वागत सभी तीर्थ यात्रियों को दिया गया अल्पाहार

**● सांसद मनीष जायसवाल ने कि संस्था के कार्यों की सराहना**

**सेवा ही हजारीबाग यूथ विंग की पहचान, सांसद तीर्थ दर्शन समाज को जोड़ने वाली पहल : चंद्र प्रकाश जैन**

**समाज हित के कार्यों में हजारीबाग यूथ विंग निरंतर निभाता रहेगा अग्रणी भूमिका : करण जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन के अंतर्गत हजारीबाग से रवाना होने वाले तीर्थ यात्रियों के जत्थे का हजारीबाग यूथ विंग की ओर से भव्य स्वागत किया गया। ओकनी स्थित प्रस्थान स्थल पर संस्था के सदस्यों ने यात्रियों को अल्पाहार प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद मनीष जायसवाल स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने यात्रियों को सुखद, सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं और हजारीबाग यूथ विंग के सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए संस्था का यह समर्पण अनुकरणीय है। ओकनी से रवाना यह 25वां जत्था प्रयागराज, काशी, विश्वनाथ और अयोध्या जैसे पवित्र स्थलों की यात्रा करेगा। सांसद ने बताया कि सांसद तीर्थ दर्शन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है, जिससे लोकसभा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो चुके हैं। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज में सेवा, सद्भावना और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। सांसद तीर्थ दर्शन योजना श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, और इसका



हिस्सा बनकर हमें गर्व हो रहा है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सदैव सेवा के भाव से प्रेरित रहा है। हमारा प्रयास है कि हर तीर्थ यात्री को यात्रा से पहले सम्मान और आत्मीयता का अनुभव मिले। आने वाले दिनों में भी संस्था इसी तरह समाज हित में अपने कार्य जारी रखेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने यात्रा के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग यूथ विंग की ओर से उपाध्यक्ष विकास तिवारी,सचिव रितेश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, रोहित बजाज, प्रमोद खण्डेलवाल,सेजल सिंह, खुशी कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### साधु-संतों पर पुष्प वर्षा कर भाजपा नेता ने कराया जलपान



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया ब्लाक क्षेत्र के चकोही गांव में चौरासी कोसी परिक्रमा का दूसरा ठहराव स्थल है जहां साधु संतों का आगमन होता है । मखौड़ा से चल कर परिक्रमा में शामिल भक्तजन प्रथम बिश्राम स्थल रामरेखा नदी के तट पर रुकते हैं और वहां से चलकर सैकड़ों की संख्या में हनुमान बाग चकोही पहुंचते हैं जहां श्रद्धालु उनकी आवभगत में लग जाते हैं ।यह सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। मौजूदा सरकार ने परिक्रमा मार्ग का उच्चीकरण करने के लिए चौरासी कोसी मार्ग पर सड़क निर्माण करा रही है जिससे क्षेत्रीय जनता में काफी हर्ष है ।इस मार्ग के बन जाने पर जहां साधु संतों को पगडंडियों के रास्ते परिक्रमा करने से निजात मिलेगी वहीं क्षेत्र में बहुआयामी विकास होगा।चित्रकूट धाम श्रीमद् भागवत आराधना आश्रम से श्री श्री 1008 श्री गोविंद दास जी महाराज के नेतृत्व में लगभग 500 से ऊपर संत अवध क्षेत्र की 84 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं। द्वितीय पड़ाव स्थल हनुमान बाग फलाहारी बाबा आश्रम चकोही से 1 किमी आगे बढ़ने पर मंडल महामंत्री भाजपा 84 कोसी परिक्रमा किसान सेवा ट्रस्ट केअध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में श्रद्धालु जन बरसांव गांव में पुष्प वर्षा करते हुए महंत जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गयाऔर जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर में प्रफुल्ल पांडे सभा राज पांडेय , अरविंद पांडेय, विनोद पांडेय आशुतोष पांडेय, प्रेमचंद पांडेय श्रीराम सिंह, अखिलेश पांडेय शुभम द्विवेदी, अमित द्विवेदी, मनोज माली सहित दर्जनों लोग सेवा में लगे रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक की हुयी थी मौत, अब एफआईआर दर्ज

दुर्घटना/हादसा

**ललितपुर।** नेहरूनगर चौकी क्षेत्रांतर्गत अम्बेडक़र नगर निवासी घनश्याम पुत्र छोटेलाल ने जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 अक्टूबर को उसका पुत्र बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी मोटरसाइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 1323 पर सवार होकर पिपरई में रिश्तेदारी मिलकर वापस घर आ रहा था। बताया कि बरखेरा नहर से 400 मीटर दूरी पर सामने से आ रही मोटर साइकिल स्लेण्डर नं. एम.पी.15 जे.जे. 3583 के चालक ने उसके पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बृजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों में बरखेरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र गोबरधन व नुनावली निवासी प्रीतम पुत्र हरनाम ने एम्ब्युलेंस के जरिए घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बृजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बजाज पल्सर खरीदी, रुपये मांगने पर धमकाया

**गालियां देते हुए शोरूम संचालक पर हुआ हमलावर**

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा पारसनाथ कालोनी निवासी सतीश जैन पुत्र निर्मल कुमार जैन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह आनन्द ऑटो मोबाइल्स के प्रोपराइटर है। बताया कि 6 नवम्बर गुरूवार को अपराह्न 3.30 बजे नई बस्ती निवासी ऋषि सरदार पुत्र रानू सरदार उसकी दुकान पर आया। जब उसने ऋषि सरदार से गाड़ी के रुपये मांगे तो उसने गालियां देते हुये बार-बार परेशान न करने की बात कही। गालियां देने से मना करने पर वह मारपीट पर भी आमादा होकर जान से मारने की धमकी दी। किसी प्रकार कर्मचारियों ने उसका बचाव किया। आरोप है कि उक्त ऋषि सरदार आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। पीड़ित ने बताया कि उसने 6 सितम्बर को बजाज पल्सर 1 लाख 35 हजार 718 रुपये में ऋषि सरदार के रिश्तेदार म.प्र. की राजधानी भोपाल के टी.टी.नगर हुजूर निवासी शैलेश सिंह परमार पुत्र वीरसिंह परमार को दिलायी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ऋषि सरदार के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ललितपुर बाजार में अतिक्रमण माफिया का राज! यातायात माह में भी मौन पुलिस

**●कार्रवाई के बजाय वाहवाही लूटने में मशगूल हैं जिम्मेवार, सड़कों पर दुकानदारों का कब्जा, जनता हलकान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता- देवेंद्र साहू

**ललितपुर।** जिला प्रशासन और पुलिस भले ही यातायात माह मनाकर सडक़ सुरक्षा का संदेश देने में जुटे हों, लेकिन हकीकत में शहर का यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर के अधिकांश बाजारों और प्रमुख सडक़ों पर दुकानदारों ने खुलेआम अतिक्रमण कर रखा है। फुटपाथ, नालियां, और सडक़ के किनारे तक दुकानों का विस्तार कर दिया गया है। लेकिन इस पर न नगर पालिका की नजर है, न ही यातायात पुलिस की। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ फोटो सेशन और दिखावा किया जा रहा है। शहर के घंटाघर, सावरकर चौक, सब्जी मंडी, सुपर मार्केट, जूता चप्पल लाइन, कटरा बाजार और नगर पालिका के नीचे का इलाकों में हालत यह है कि सडक़ का आधा हिस्सा दुकानदारों ने कब्जा लिया है। कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान के आगे टीनशेड डालकर स्थायी निर्माण कर लिया है। वहीं कई जगहों पर फुटपाथ पूरी तरह दुकानों के सामान से पटे पड़े हैं। राहगीरों को गुजरने के लिए जगह तक नहीं बची।

**पैदल चलना हुआ मुश्किल, जाम बना आम बात**

दिनभर सडक़ों पर ट्रैफिक जाम लगना अब आम बात हो गई है। दुकानदारों ने सडक़ पर ही अपने माल के बंडल, रेहड़ी, ठेला और मोटरसाइकिलें खड़ी कर रखी हैं। इससे पैदल चलने वालों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक के बीच यह अतिक्रमण लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की मौन सहमति से ही यह अराजकता पनपी है। कई दुकानदार खुलेआम कहते हैं कि ''यहां सब सेटिंग से चलता है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।'' यही कारण है कि कई बार की गई औपचारिक कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण दोबारा लौट आता है।

**यातायात माह का दिखावा: चालान के बजाय सेल्फी अभियान**

नवंबर माह को यातायात माह घोषित किया गया है। जिले में पुलिस अधिकारी स्कूली बच्चों और वाहन चालकों के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं, पोस्टर बांट रहे हैं और फोटो खिंचवा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शहर की सडक़ों पर अवैध कब्जा हटाने की एक भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यातायात पुलिस द्वारा चालान तो काटे जा रहे हैं, लेकिन जिन कारणों से दुर्घटनाएं होती हैं कृ यानी अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग कृ उस पर चुप्पी साध ली गई है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस और नगर पालिका के बीच इस विषय पर समझौते की खामोशी है। कार्रवाई करने की बजाय दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते हैं।

**प्रशासन की आंखों के सामने कब्जा, फिर भी मौन क्यों?**

शहर के सुपर मार्केट इलाके में तो अतिक्रमण इस हद तक हो गया है कि दुकानदारों ने नगर पालिका की जमीन पर दीवारें और टिनशेड तक खड़े कर लिए हैं। इसी तरह नगर पालिका के नीचे सामने हाथ ठेला लगाकर सडक व नगर पालिका पर अतिक्रमण कर लिया है। नगर पालिका की नाक के नीचे यह सब होते रहना बताता है कि या तो प्रशासन अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहा है या फिर उसकी नजरें जानबूझकर फेर ली गई हैं। लोगों का कहना है कि जब तक अधिकारी अपनी जेब से सच्चाई झांकने की हिम्मत नहीं दिखाएंगे, तब तक ललितपुर की सडक़ें कब्जे में ही रहेंगी।

**नागरिक बोले दृ दिखावे की नहीं, सच्ची कार्रवाई चाहिए**

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। निवासी सानू बाबा का कहना है, यातायात माह का मतलब सिर्फ हेलमेट चेक नहीं होना चाहिए। अगर सडक़ों से अतिक्रमण नहीं हटेगा तो सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? वहीं नरेंद्र पंथ, एक स्कूल शिक्षक कहते हैं, हर दिन बच्चों को स्कूल छोड़ते वक्त घंटाघर के पास जाम में फंसना पड़ता है। सडक़ें दुकानदारों ने घेर रखी हैं। पुलिस खड़ी सब देखती है लेकिन कुछ नहीं करती।

**शहर का सच कृ जहां अतिक्रमण हटाना मुश्किल नहीं, मुमकिन ही नहीं!**

ललितपुर में यातायात माह चल रहा है, लेकिन सडक़ों पर अराजकता का आलम है। दुकानदारों ने फुटपाथ और सडक़ कब्जा रखी है, जबकि यातायात पुलिस सिर्फ चालान और फोटो सेशन में व्यस्त है।



घंटाघर से लेकर सुपर मार्केट तक, मैन बाजार में जहां भी नजर डालिए, हर जगह टीनशेड, रेहडिय़ां और अवैध निर्माण फैला हुआ है।

**फुटपाथ गायब, सडक़ें दुकानों की चौखट में तब्दील**

नगर के अधिकांश हिस्सों में फुटपाथ नाम की कोई चीज नहीं बची। जगह-जगह दुकानदारों ने अस्थायी मंच बना लिए हैं। यहां तक कि कुछ दुकानों के आगे तो लोहे की एंगल और सीमेंटेड प्लेटफॉर्म डालकर सडक़ का हिस्सा ही दुकान में मिला दिया गया है। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार, अगर यही स्थिति रही तो कुछ वर्षों में शहर का कोर बाजार पैदल चलने योग्य भी नहीं रहेगा। वाहन संख्या बढने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।

**जनता में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

शहर में लगातार फैलते अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर यातायात माह में सिर्फ जनता को ही नियमों का पाठ क्यों पढ़ाया जा रहा है, जब प्रशासन खुद अपने कर्तव्यों से भाग रहा है। जनता की यही आवाज अब एक सवाल बनकर प्रशासन के सामने खड़ी है। क्या ललितपुर की सडक़ें जनता की हैं या दुकानदारों की? क्या यातायात माह सिर्फ फोटो सेशन का बहाना है या व्यवस्था सुधारने का प्रयास?

**ललितपुर नगर पालिका अतिक्रमण की चपेट में: सडक़ पर ठेले, बाइक और दुकानदारों के कब्जे से बिगड़ी यातायात व्यवस्था**

नगर क्षेत्र इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बाजारों और मुख्य सडक़ों पर हाथ ठेले वालों से लेकर दुकानदारों तक ने फुटपाथ और सडक़ के बड़े हिस्से पर कब्जा जमा लिया है। स्थिति यह है कि राहगीरों और वाहनों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन और यातायात पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। सडक़ किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ी बाइकें और दुकानों के आगे फैला हुआ सामान न केवल जाम का कारण बन रहा है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ा रहा है।

**मिलावटखोर ने किया पत्रकार पर हमला**

साहू दूध डेयरी के संचालक के खिलाफ आक्रोशित पत्रकार

पुलिस ने कराया मेडिकल, दुकान से हटाया गया अतिक्रमण

ललितपुर। जिले में खाद्य पदार्थों में लगातार हो रही मिलावट के खिलाफ प्रशासन काफी सख्त बना हुआ है। तो वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहलाने वाली मीडिया भी मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान छेड़े हुये है। शुक्रवार को अपराह्न खाद्य विभाग ने कार्यवाही करते हुये सुपर मार्केट स्थित साहू दूध डेयरी का ढाई कुन्तल घी मिलावट के संदेह के चलते जब्त किया था। इसी कार्यवाही को लेकर शनिवार की दोपहर भारत समाचार न्यूज चौनल के अधिकृत संवाददाता संजीव नामदेव साहू दूध डेयरी पर वीडियो फुटेज बनाने के लिए गए हुए थे। यहां दूध डेयरी के संचालक ने जैसे ही कैमरा देखा तो पत्रकार को गालियां देने लगे। गालियां देने से मना करने पर डेयरी संचालक ने अपनी दुकान पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ एक राय होकर पत्रकार पर हमला कर दिया। यहां प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो खौल रहे दूध को भी पत्रकार पर फेंकने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी प्रकार पत्रकार वहां से भाग निकला। लेकिन पीछा करते हुए दुकान के संचालक विकास साहू ने पत्रकार पर दूध के खाली पतीले से हमला कर दिया, जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला होने के सूचना मिलने पर भारी संख्या में पत्रकार कोतवाली पहुंचे, जहां पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार पर हुए हमले पर विरोध दर्ज कराया। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकारों ने दूध डेयरी संचालक पर कार्यवाही की मांग करते हुए दुकानदार द्वारा नगर पालिका की दुकान लेकर सार्वजनिक रोड व आगे टीन शैड डालकर किये गये अवैध अतिक्रमण को भी हटाने की मांग उठायी। इस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद एक टीम ने मौके पर जाकर अवैध तरीके से लगाये गये टीन शैड, बनायी गयी दीवाल को तत्काल मौके पर गिरा दिया और बगल की तरफ से लगायी गयी लोहे की एंगिल को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये। पत्रकार पर हुए हमले को लोगों ने निंदनीय बताया।

## थाना महाराजगंज तराई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन- प्रभारी निरीक्षक व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सुनी जनसमस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** शनिवार को थाना महाराजगंज तराई परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनने के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर आरक्षी धीरज तिवारी, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश श्रीवास्तव, लेखपाल राजू यादव, लेखपाल श्रीनिवास, लेखपाल श्यामसुंदर तथा लेखपाल अभिनव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल एक दर्जन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी



मामले, रास्ते के अवरोध तथा पुलिस से जुड़ी विभिन्न शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। कुछ मामूली शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी बात रखें, जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके। राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व संबंधित मामलों की जांच लेखपालों को सौंप दी गई है और रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान पुलिस व राजस्व विभाग के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। समाधान दिवस में अधिकारियों ने आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने व अवैध कार्यों से दूर रहने की भी अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ0 प्र0 ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में गोदभराई एवं अन्य कार्यक्रमो में किया प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** में अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ0 प्र0 डॉ बबीता सिंह चौहान द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान संयुक्त जिला चिकित्सालय में गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में किया प्रतिभाग किया गया , इस दौरान उन्होंने गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके उपरांत संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संयुक्त जिला चिकित्सालय मे भर्ती मरीजो का हाल-चाल लिया गया तथा भोजन, दवा, जाँच इत्यादि की भी जानकारी ली गयी। अध्यक्ष महोदया ने वार्ड की साफ-सफाई, विशेष दवाएं, चेकअप आदि पर ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया । इसके उपरांत पन्नालाल सरावगी लाइंस नेत्र चिकित्सालय बलरामपुर में पहुंचकर मरीजों से हाल-चाल लिया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदया द्वारा जय प्रकाश नारायण आश्रम



प्रद्धति विद्यालय बलरामपुर में शक्ति संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी उपस्थित रही। अध्यक्ष महोदय को अध्यक्षता में महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम का अध्यक्ष महोदया की अनुमति से जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह द्वारा प्रारंभ किया गया, जिसमें कुल 11 पीड़ित महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की गयी। उन्होंने कल्याण विभाग, बाल विकास व पुष्टाहार विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उधोग विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास विभाग, परिवहन विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली । अध्यक्ष महोदया द्वारा महिला जन सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों एवं संबंधित थानों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष राज्य महिला आयोग आयोग द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, जिला कारागार का निरीक्षण किया । इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

## मतदाता पुनरीक्षण में हर बूथ को मजबूत करने को तटस्थ रहे पदाधिकारी: हरिश्चंद्र रावत

**●भाजपा महरौनी विधानसभा का मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की कार्यशाला हुई सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी जनपद ललितपुर की महरौनी विधानसभा की गहन मतदाता पुनरीक्षण/शुद्धिकरण अभियान कार्यशाला की बड़ोनिया मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। इस अवसर मुख्यातिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत उपस्थित रहे । इस अवसर पर राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण महरौनी में सभी कार्यकर्ताओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची बनावाने के सम्बन्ध में अपने सुझाव कार्यकर्ताओं को दिए। इस अवसर पर मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी संगठन नहीं,बल्कि जनता की सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का परिवार है। उन्होंने कहा कि 'वोटर लिस्ट पुनरीक्षण



अभियान में हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं को जोडऩे का कार्य करे। संगठन की मजबूती बूथ से शुरू होती है,और बूथ मजबूत होगा तो पार्टी और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों से भी इस अभियान में जुटने का आव्हान किया। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से चलाया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।'' उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर निकाली जाने वाली पदयात्रा, राष्ट्रीय एकता और संगठन की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

जिला प्रवासी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जय देव पुरोहित ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने मंडल एवं शक्ति केंद्रों में बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें और अभियान की सफलता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक हरिराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश लोधी, प प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, विधान सभा संयोजक अरविंद कौशिक, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बड़ोनिया,सह संयोजक अरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक, आशीष रावत, जिला सह मीडिया प्रभारी ध्रुव राजा, मण्डल अध्यक्ष महरौनी आशीष त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्षगण शैलेन्द्र सिंह बुंदेला,राम स्वरूप निरंजन, दीपेंद्र सिंह, ब्रजेश राजपूत, मुकेश पाल, राम गोपाल विश्वकर्मा, शिवा तोमर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद सिंह बुंदेला रजऊ राजा, रघुवीर शरण तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी, मण्डल महामंत्री पीयूष शुक्ला, अरुण तिवारी मोगान सहित वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष गण, मंडल पदाधिकारी, अभियान संयोजकध्सह संयोजक, शक्ति केन्द्र संयोजक गण तथा बूथ अध्यक्ष, बी एल ए 2, बूथ प्रवासी, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## भारती ने सबसे दूर फेंका गोला, राज ने मारी लंबी छलांग

**●संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं का हुआ सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बार।** कस्बा बार स्थित रघुवीर सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ रघुवीर सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष जाटव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर का शुभारंभ किया। इस दौरान 50 मीटर दौड़ बालक प्राथमिक स्तर में आशीष प्रथम, जितेंद्र द्वितीय, अंश तृतीय वहीं बालिका वर्ग में माही प्रथम, आराधना द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर स्तर 100 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, देवेंद्र द्वितीय, भूपेंद्र तृतीय रहे वहीं बालिका जूनियर वर्ग 100 मीटर में भारती प्रथम, मोहिनी द्वितीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में आशीष प्रथम, दीपक द्वितीय, अंश तृतीय, 100 मीटर प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में माही प्रथम, रवीना द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर बालक जूनियर वर्ग में देवेंद्र प्रथम, दीपक द्वितीय, भूपेंद्र तृतीय वहीं 200 मीटर बालिका जूनियर वर्ग में भारती प्रथम, ममता द्वितीय, लवी राजा तृतीय, 200 मीटर बालक प्राइमरी स्तर शिवांश प्रथम, दीपक द्वितीय, आशीष तृतीय वहीं 200 मीटर बालिका प्राइमरी स्तर आराधना प्रथम, राजकुमारी द्वितीय, रवीना तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर स्तर गोला फेंक में दीपक प्रथम, राज दशरारा द्वितीय व दीपक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में खुशबू प्रथम, भारती द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। डिसकस बालिका वर्ग में खुशबू प्रथम, भारती द्वितीय व अंशिका तृतीय वहीं बालक वर्ग में दीपक प्रथम, राज दशरारा द्वितीय, व दीपक तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालक लम्बी कूद में दीपक प्रथम, वेदांश द्वितीय, आशीष तृतीय बालिका स्तर लंबी कूद में रवीना प्रथम, आराधना द्वितीय, प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर लंबी कूद बालक वर्ग में राज प्रथम, भूपेंद्र द्वितीय, टिंकू दशरारा तृतीय रहे। ऊंची कूद बालक वर्ग में भूपेंद्र प्रथम, अनिकेत द्वितीय, अंकित दशरारा तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद बालिका जूनियर वर्ग में भारती प्रथम, कृष्णा कुमारी दशरारा द्वितीय, ऊंची कूद भारती प्रथम, कृष्णा कुमारी में दूसरा स्थान पाया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता बालक जूनियर वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय दशरारा की टीम विजेता रही। यूपीएस बछरावनी उपविजेता बनी। बालिका जूनियर कबड्डी में कन्या जूनियर हाई स्कूल बार विजेता व उपविजेता पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछरावनी रही। कबड्डी जूनियर वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछरावनी बालक बालिका दोनों में विजेता रही। इस दौरान कीड़ा प्रभारी विशाल गुप्ता, नोडल संकुल शिक्षक संतोष वर्मा, सुरेश साहू, प्रमोद कुमार सिंह, ओम प्रकाश लोहिया, विक्रम सिंह, निशा सिंह चौहान, विक्रम निरंजन, सुशील कुशवाहा, रमाशंकर गुप्ता, राकेश रजक, प्रदीप कुशवाहा, दीपक चतुर्वेदी, धर्मेंद्र, ज्ञानेंद्र सिंह मौजूद रहे। विशाल गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## पाली चौराहा बना शराबियों का अड्डा कृन पुलिस का डर, न जनता की परवाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाली।** नगर का प्रमुख पाली बस स्टैंड चौराहा इन दिनों शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है। दिन ढलते ही यहां खुलेआम शराब पीने वालों की भीड़ जमा हो जाती है। चौराहे पर राहगीरों और छात्रों के बीच बेखौफ शराबी बोतल खोलकर शराब पीते नजर आते हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन की नजर इस ओर नहीं पड़ रही।

**खुलेआम पी जा रही शराब, बेखौफ घूम रहे शराबी**

बस स्टैंड के आसपास दुकानों और ठेलों के बीच शराबी दिनदहाड़े शराब पीते देखे जा सकते हैं। राहगीरों का कहना है कि कई बार पुलिसकर्मी पास से गुजरते हैं, मगर वे भी बिना कोई कार्रवाई किए आगे बढ़ जाते हैं। इससे शराबियों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं।

**छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान**

पाली बस स्टैंड से रोजाना बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों



के लिए आते-जाते हैं। खुलेआम शराब पीने और अभद्र व्यवहार के कारण महिलाओं व युवतियों को असुरक्षा का माहौल महसूस हो रहा है। कई लोगों ने बताया कि शराबी अक्सर राहगीरों को घूरते या आवाजें कसते हैं, जिससे लोग रास्ता बदलने को मजबूर हो जाते हैं।

**पुलिस की गश्त पर उठे सवाल**

स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब बस स्टैंड क्षेत्र पुलिस थाना और चौकी से कुछ ही दूरी पर है, तो यहां गश्त न होना गंभीर लापरवाही है। लोगों का कहना है कि पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों में चल रही है। मौके पर किसी भी समय कोई सिपाही या पेट्रोलिंग वाहन नजर नहीं आता।

**वीडियो हुआ वायरल, पुलिस पर कार्रवाई का दबाव**

इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक व्यक्ति पाली बस स्टैंड चौराहे के बीच बैठकर खुलेआम शराब पीता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को घेरते हुए सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रिया दी। कई लोगों ने लिखा कि जब शहर के बीचोंबीच ऐसा माहौल है, तो गांवों में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति होगी?

**जनता ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग**

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे को देखकर शराबियों पर कार्रवाई करें और पाली चौराहा पर नियमित गश्त बढ़ाने की भी मांग की गई है, ताकि आमजन को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**●पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट (ललितपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा रानीपुरा में बीते दिनों सडक़ किनारे सब्जी खरीद रहे एक युवक को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक का इलाज के दौरान निधन हो गया। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खांदी निवासी पिंकी रैकवार पत्नी स्व. बडक़ू रैकवार द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, दिनांक 27 अक्तूबर 2025 की शाम करीब 6:30 बजे उनके पति बडक़ू रैकवार पुत्र स्व. चंदू रैकवार अपने घर के समीप रोड पर राम सहाय झा के मकान के सामने सब्जी के ठेले के पास खड़े थे। उसी दौरान तालबेहट की ओर से आ रही कार संख्या यूपी 78 डीडब्ल्यू 5944 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके पति को टक्कर मार दी। हादसे में बडक़ू रैकवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद महेन्द्र झा एवं स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल तालबेहट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी रेफर कर दिया। बाद में परिजनों ने उन्हें जेएमसी प्राइवेट हॉस्पिटल, झांसी में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान 1 नवम्बर 2025 की सुबह 5 बजे उनकी मौत हो गई। इसके बाद झांसी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार की विधियां पूरी करने के उपरांत परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# संक्षिप्त खबरें

## उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की लगायी गयी ड्यूटी

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा जनपद के सभी 17 विकास खण्डों में जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर निर्देशित किया गया है कि समितिवार निरीक्षण कर उर्वरक वितरण में आने वाली समस्याओं का निराकरण एवं कृषकों को उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करायें। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में सचिवों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आहूत की जा चुकी है, जिसमें सचिवों को खतौनी पढ़ने/समझने के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, ताकि निर्धारित मूल्य पर उर्वरक सभी किसानों को सुलभ कराया जा सके।

## खाद के लिए किसान परेशान, दोपहर से वितरण हुआ शुरू



सिद्धार्थनगर। उसका बाजार क्षेत्र के साधन सहकारी समिति तेतरी पर शनिवार को ताला लटकने से किसान खाद के लिए काफी परेशान हुए। किसान सुबह से ही खाद के लिए समिति पर पहुंच गए लेकिन 11 बजे तक ताला लटकने से किसान मायूस होकर वापस लौट गए, दोपहर से खाद का वितरण शुरू हुआ तब जाकर किसानों ने राहत की सांस ली। खाद की किल्लत से किसान रबी की फसल की बुवाई के लिए काफी चिंतित है। क्षेत्र के किसान गौतम मिश्र, विरेंद्र पाण्डेय, अभिषेक दूबे, राघो आदि का कहना है की बुवाई के समय समितियाँ और प्राइवेट खाद की दुकानों पर डाई यूरिया की किल्लत बढ़ जाती है। इससे किसान काफी परेशान होते है। सरकारी स्तर पर खाद उपलब्ध कराने के सारे प्रयास बेमतलब साबित हो रहे है। खाद न मिलने से फसल की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने प्रशासन से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में समिति के सचिव उमेश चंद यादव का कहना है कि ई पास मशीन खराब हो गया था इस लिए वितरण ठप रहा। अब मशीन ठीक हो गई है, खाद का वितरण किसानों में किया जा रहा है।

## सत्य का मार्ग कठिन पर है पर सदैव है सुखदाई- स्वामी ओमानंद जी



लालगंज, प्रतापगढ़। सगरा सुन्दरपुर के कोठार मंगोलपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास स्वामी ओमानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धरा पर अवतार लेकर धर्म के अनुसार जीवन जीने का हमें मार्ग दिखलाया है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनना और समझना दोनों श्रेयस्कर है। स्वामी ओमानंद महराज ने कहा कि भगवान द्वारिकाधीश ने सत्य की रक्षा के लिए धर्मयुद्ध का शंखनाद किया। उन्होने कहा कि जीवन में सत्य का मार्ग और सुचिता के साथ कर्म सदैव मंगलदायी हुआ करता है। स्वामी जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला में ही संसार को अनीति तथा अधर्म के समूल नाश का संदेश मिल गया। उन्होने कहा कि जीवन को जीने के लिए सदैव भक्ति साधना को पवित्र रखना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि भक्ति का मार्ग कठिन है किंतु इसका कभी भी परित्याग नही करना चाहिए। कथा के दौरान भगवान के सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। संयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ला एवं सरोज शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर प्रतीक शुक्ला, संजय शुक्ला, संजय पाण्डेय, संतोष मिश्र, विश्वंभरनाथ शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, बच्चा शुक्ला, रत्नाकर तिवारी आदि रहे।

# सीता मईया के जन्मस्थली को लेकर मंत्री के बयान पर देश से क्षमायाचना करें पीएम मोदी- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर लगातार देश की धार्मिक आस्था एवं आध्यात्मिक परम्परा पर चोट पहुंचाने को लेकर कराारा हमला बोला है। उन्होंने बिहार के सीतामढ़ी में मां सीता के जन्म को लेकर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के द्वारा सदन में दिये गये जवाब को लेकर घेराबंदी करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सीता मईया का अपमान कर करोड़ो भारतीयों की आस्था पर आघात पहुंचाया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने बिहार चुनाव को लेकर पीएम मोदी के सीतामढ़ी दौरे की घेराबंदी करते हुए कहा कि पहले पीएम मोदी को अपनी सरकार के मंत्री के द्वारा सीता मईया की जन्मस्थली को लेकर दिये गये घोर विवादास्पद बयान पर देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होने उदाहरण के साथ कहा है कि राज्यसभा में सांसद प्रमोद झा के सवाल के जवाब में 2017 में मोदी सरकार के संस्कृति मंत्री ने यह बयान दिया था कि बिहार के पुनौर मिथिला में मां सीता के जन्म का कोई भी ऐतिहासिक साक्ष्य नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यही नही भाजपा ने अयोध्या मे श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन के समय भी मां सीता से जुड़े रश्मों को निभाने के लिए मिथिला की जगह नेपाल के प्रतिनिधिमण्डल को आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर का यह सबसे गंभीर प्रमाण है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की यह विचित्र दशा है कि वह अयोध्या मे श्रीराम का जन्म स्वीकार करती है और मिथिला में मां सीता के जन्म को लेकर प्रमाणिकता का सवाल उठाया करती है। उन्होने कहा कि रामायण और श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थों व पुराणों की प्रमाणिकता को मोदी सरकार के मंत्री कैसे झुठला सकते हैं कि मां सीता का प्राकट्य संतों की तपस्या से बिहार के सीतामढ़ी में हुआ है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने महाराष्ट्र में वहां के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़े करोड़ो के सरकारी जमीन के घोटाले पर भी सवाल दागा है। उन्होने कहा कि भाजपा व सहयोगी दल जहां पूंजीपतियों को कौड़ी के दाम जमीन आवंटित कर रहे हैं। वहीं उन्होने सवाल उठाया है कि अठारह सौ करोड़ की सरकारी जमीन का सौदा तीन सौ करोड़ में कैसे और किसकी शह पर मंजूर हुआ। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आश्चर्य है कि दलितों के लिए आवंटित सरकारी जमीन की बड़े पैमाने में भाजपा की शह पर हुई चोरी में उप मुख्यमंत्री के बेटे के लिए इस जमीन सौदे में स्टाम्प ड्यूटी को भी माफ किया गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान शनिवार को यहां ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## इटवा में करंट लगने से आशा (बहू) की मौत

सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा थाना क्षेत्र के सुहेलवा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से एक महिला (आशा बहू) की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 8:30 बजे हुई, जब वह अपने घर में काम कर रही थीं। मृतका की पहचान प्रभावती( 45) पत्नी स्व. कांशीराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घर में बिजली का एक तार कटा हुआ था, जिस पर प्रभावती का ध्यान नहीं गया। जैसे ही वह घर का चैनल गेट खोला और तार के संपर्क में आई, उन्हें तेज करंट का झटका लगा। परिजनों और आसपास के लोगों ने गंभीर हालत में प्रभावती को तत्काल इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मचारियों ने घटना की सूचना इटवा थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। प्रभावती के पति का निधन लगभग दो साल पहले हो चुका था और वह अपने बेटे के साथ रहती थीं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि करंट लगने से एक महिला की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है,और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने मतदाताओं को गणना प्रपत्र का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति व उप जिलाधिकारी नैन्सी सिंह के साथ तहसील सदर अंतर्गत मॉडल प्राइमरी स्कूल सराय बहेलिया व मॉडल प्राइमरी स्कूल शुकुलपुर में पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत चल रहे मतदाता गणना प्रपत्र वितरण का निरीक्षण किया। डीएम ने मॉडल प्राइमरी स्कूल सराय बहेलिया व शुकुलपुर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया और अपील किया कि वे इस अभियान के महत्व को समझते हुए समय पर अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें। उन्होंने यह भी कहा सभी मतदाताओं को यह गणना प्रपत्र भरना है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों को गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी प्रपत्र यथाशीघ्र वितरित करा दिए जाय, ताकि मतदाता समय पर अपनी जानकारी उपलब्ध करा सकें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। डीएम ने इस दौरान उपस्थित बीएलओ से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में पूरी जानकारी ली और लोगों से भी संवाद किया। डीएम ने इस अवसर पर बताया किया इस पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है ताकि कोई पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाय। ज्ञातव्य है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र देगें, इन प्रपत्रों को भरकर वापस बीएलओ को देना होगा।

## थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली देहात में की गई जनसुनवाई

प्रतापगढ़। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर पहुंचकर जनसुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आमजन की शिकायतों, प्रार्थना पत्रों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। प्रत्येक प्रकरण पर त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा आगन्तुक पंजीकरण, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, रोजनामचा, सीसीटीएनएस पोर्टल से संबंधित अभिलेखों एवं अभिलेख रखरखाव प्रणाली की गहन जांच की गई। अभिलेखों के अद्यतन, अभिलेखन की शुद्धता, पारदर्शिता तथा जनता से जुड़े कार्यों में तत्परता सुनिश्चित करने के संबंध में थाना प्रभारी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आमजन से संवाद स्थापित कर यह भी बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य पुलिस व जनता के मध्य विश्वास, सहयोग एवं पारदर्शिता को और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, न्यायसंगत एवं प्रभावी ढंग से किया जाय ताकि प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके।

## फुलवारी पब्लिक स्कूल में द इसलेक्टिक एसेंस विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोंडा। फुलवारी पब्लिक स्कूल में दिनांक 08 नवंबर 2025 दिन शनिवार को "द इसलेक्टिक एसेंस" ( विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी ) का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जसपाल सिंह सलूजा , अजय विक्रम सिंह, ज्योति सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह , पुनीता मिश्रा , विद्यालय के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह, मालती सिंह विद्यालय की प्रबंधिका नीता सिंह ने रिबन काटकर सरस्वती को माल्यार्पण कर के की। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या,उपप्रधानाचार्य समन्वयिका, विद्यालय प्रभारी, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल्स प्रस्तुत किए, जिनमें सोलर पैनल, स्मार्ट सिटी मॉडल, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव तकनीक और अन्य तकनीकी नवाचार शामिल थे। छात्रों के इन मॉडल्स ने सभी को प्रभावित किया। विद्यालय की प्रबंधिका ने कहा, इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में नवाचार, अनुसंधान, और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है। यह मंच छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंत में, विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए और सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया।

## सेनानी गांव देवली में स्वतंत्रता सेनानी पं0 सूर्यबली को दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लीलापुर, प्रतापगढ़। सेनानी ग्राम देवली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं गांधीवादी विचारक पं0 सूर्यबली पाण्डेय का 105वाँ जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा आयोजित समारोह का शुभारंभ इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरविंद त्रिपाठी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामसेवक त्रिपाठी एवं अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने अतिथियों के साथ पं0 सूर्यबली पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। रिटायर्ड न्यायमूर्ति अरविन्द त्रिपाठी ने कहा कि पं0 सूर्यबली पाण्डेय ने देश की आजादी के लिए जेल की यात्रा कर राष्ट्र को आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होने कहा कि आजादी के बाद भी सामाजिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पं0 सूर्यबली पाण्डेय ने जेल की यात्रा की। अध्यक्षता कर रहे पं0 रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि समाज में सद्भाव तथा लोगों के अधिकार की रक्षा के लिए पं0 सूर्यबली पाण्डेय का त्याग भरा व्यक्तित्व गौरवपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि अयोध्या धाम के अनन्तश्री विभूषित जगदगुरू रामानुजाचार्य श्री स्वामी करपात्री जी महराज ने कहा कि सद्भावना सनातन धर्म की आस्था के विश्वास का पवित्र मंत्र है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी सूर्यबली पाण्डेय ने यह सिद्ध किया कि सदभावना किसी भी प्रकार से कमजोरी नही है। आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण जी ने विनोबाभावे के भूदान आंदोलन में पं. सूर्यबली पाण्डेय के सशक्त योगदान को चिरस्मरणीय कहा। समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी डॉ0 ईश्वरचंद्र शुक्ला ने भी पं. सूर्यबली पाण्डेय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। महंत रामपूजन तिवारी व स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने भी स्वतंत्रता सेनानी सूर्यबली पाण्डेय के जीवन को प्रेरणास्पद कहा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय व नारायण रामानुजदासी डॉ0 अवंतिका पाण्डेय, डॉ0 विवेक पाण्डेय, डॉ0 अंकिता पाण्डेय, ई0 पूजा पाण्डेय ने कार्यक्रम में अतिथियों को सारस्वत सम्मान प्रदान किया। समारोह को भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, सपा नेता संजय पाण्डेय, आचार्य अनिल मिश्र, डा0 संजीत शुक्ला, ज्योतिषाचार्य कमलेश पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य राकेश नारायण पाण्डेय, आचार्य आलोक ऋषि, कथाव्यास संजय शरण शांडिल्य ने भी संबोधित किया। वहीं साहित्यकार कवि निर्झर प्रतापगढ़ी, अनूप तिवारी, हरिवंश शुक्ला शौर्य, कृपाशंकर यादव पथिक, अंकित तिवारी, कल्पना तिवारी, कनक तिवारी, इंद्रेश शुक्ला, रामेश्वर शुक्ला ने काव्यपाठ के जरिए सामाजिक सदभावना का संदेश दिया। इस मौके पर कृष्णकांत मिश्र, संतोष पाण्डेय, साई सिंह, संगीतकार रवि मिश्रा, दिनेश सिंह, सुमित, गिरिजेश तिवारी आदि रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अम्बेडकरनगर। मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं को रोजगार परक शिक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान जनपद के विभिन्न विद्यालय में चलाया गया प्रमुख रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर पालिका परिषद टांडा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आलापुर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीटी बी आर बी इंटर कॉलेज नसरुल्लापुर रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज चौधरी माता प्रसाद इंटर कॉलेज इनामीपुर चितवहल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पुरसपुर राजकीय बालिका हाई स्कूल फरीदपुर कुतुब टांडा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खजूर डीह पहती पुर अंबेडकर नगर राजकीय हाई स्कूल डिहवा मोहिउद्दीनपुर आदि विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम कराया गया रोजगार परक शिक्षा हेतु बच्चों को करियर के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया कैरियर गाइडेंस के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई कौन सा सब्जेक्ट पढ़ने पर किस तरह का कैरियर बन सकता है इस पर विस्तार से चर्चा की गई विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं प्रधानाचार्य के द्वारा छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने हेतु शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया गया छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने जीवन में समय का पालन तथा अनुशासन में रहने पर बल दिया।

## 93 गांवों में होगी डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना

चित्रकूट- मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद चित्रकूट के 93 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। बताया कि पंचायत भवनों में स्थापित की जा रही लाइब्रेरी में कम्प्यूटर, डेस्कटॉप, प्रिंटर की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पुस्तकें रखने अलमारी की व्यवस्था, नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकें, एनसीईआरटी की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण पुस्तकें, महापुरुषों की जीवन गाथाओं की पुस्तकें, बच्चों के लिए खेलकूद एवं रोचक पुस्तकों की व्यवस्था की जाएगी। बताया कि यह 93 ग्राम पंचायतों में विकास खण्ड कर्वी, मऊ, मानिकपुर, रामनगर व पहाड़ी की ग्राम पंचायतें शामिल हैं। बताया कि ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों, शैक्षिक सामग्री एवं ई-लर्निंग सुविधाओं से जोड़ना है। बताया कि योजना के अंतर्गत चुनी गई जनपद की 93 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पठन-सामग्री, कम्प्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश





### ●जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने थाना बसखारी में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने उपस्थित शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा प्रत्येक अधिकारी जन सामान्य की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। थाना समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना बसखारी परिसर में निर्माणाधीन पुलिस विभाग के आवासीय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने भवन निर्माण की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं विशिष्टियों का गहन अवलोकन करते हुए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य पुलिस अधीक्षक के समन्वय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने भी निर्माण कार्य की फिनिशिंग एवं मजबूती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## कलेक्ट्रेट में खुला डिस्ट्रिक कॉल सेंटर

चित्रकूट- उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) से संबंधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बताया कि एसआईआर से संबंधित कार्य के तहत बीती चार नवम्बर से जनपद के चित्रकूट एवं मानिकपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र करा रहे है। साथ ही प्रपत्र भरवाकर आगामी चार दिसंबर तक संग्रह किए जाएंगे। बताया कि इसी क्रम में बीती चार नवंबर को ही मतदाताओं एवं सभी जनमानस की सुविधा के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्टरेट चित्रकूट में डिस्ट्रिक काल सेंटर की भी स्थापना आयोग के निर्देशानुसार कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक काल सेंटर के टोल फ्री दूरभाष नंबर 05198-298090 को 1950 पर पोर्ट कर दिया गया है, जो क्रियाशील है।

## दुर्घटना में युवक की मौत, मचा कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। ट्रैक्टर से अचानक असंतुलित होकर गिरने से युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खैरा पुर छेमी निवासी धुन्नी लाल पटेल का बाइस वर्षीय बेटा आर्यन उर्फ गोलू शुक्रवार की रात ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर चलाते समय अचानक झटका लगने से वह नीचे गिर गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से गोलू की मौके पर ही मौत हो गयी। पास के खेत मे धान की कटाई कर रहे एक ग्रामीण ने शोर सुना तो आननफानन में ट्रैक्टर को बंद किया। युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तब रोते बिलखते परिजन वहां पहुंचे। सूचना मिलने पर रानीगंज कैथौला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षण संस्थान के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षण है, जब विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियां का सम्मान मिलता है - कुलपति प्रो. कविता शाह

### ● नवम दीक्षांत समारोह : 48 गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आगामी 10 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले नवम दीक्षांत समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देने हेतु शनिवार को कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कुलपति प्रो. शाह ने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी अवसर होता है। यही वह क्षण है जब विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का औपचारिक रूप से सम्मान मिलता है तथा वे विश्वविद्यालय की शिक्षण-परंपरा और सामाजिक दायित्वों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सदैव उच्च शिक्षा के मानकों तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों को सर्वोपरि रखते हुए अपने विद्यार्थियों को नैतिक, बौद्धिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों से संपन्न बनाने का प्रयास करता रहा है। प्रो. शाह ने बताया कि नवम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी।

तथा समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली, पंजाब के निदेशक प्रोफेसर अनिल कुमार त्रिपाठी एवं अति विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, कुलपति ने बताया कि राज्यपाल उत्तर प्रदेश 10 नवंबर को विश्वविद्यालय आगमन के उपरांत नवम दीक्षांत समारोह में सहभागी होंगी तथा मुख्य नवनिर्मित द्वार के समक्ष स्थापित महात्मा गौतम बुद्ध की सौम्य प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में विकसित चंदन वाटिका, पद्म सरोवर एवं ओपन जिम का लोकार्पण भी कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को कुलाधिपति के कर-कमलों से प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। आंगनवाड़ी के बच्चों द्वारा पर्यावरण विषयक काव्य-पाठ भी प्रस्तुत किया जाएगा।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा कई पुस्तकों एवं प्रकाशनों का लोकार्पण किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से दीक्षांत स्मारिका, वार्षिक प्रगति आख्या, तथा विश्वविद्यालय की समाचार बुलेटिन 'कैंपस कनेक्ट' शामिल हैं। कुलपति ने बताया कि नवम दीक्षांत के अवसर पर 48 गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे जिसमें 37 स्वर्ण पदक राज्यपाल पदक के रूप में होंगे तथा अध्याय 11 स्वर्ण पदक अक्षय निधि पदक के रूप में सम्मिलित है इसी प्रकार पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले 32 शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी जिसमें 23 छात्र है और 9 छात्राएं हैं कुलपति प्रवचन है अभी बताया कि इस बार स्नातक एवं स्नातक उत्तर की भी उपाधि पूर्व वर्ष की भांति जिला करके माध्यम से कल आधिपत्य द्वारा निर्गत की जाएगी स्नातक स्तर पर 4452 उपाधियां डिजिलॉकर पर अपलोड की जाएंगे जिसमें 17583 छात्र है तथा 26469 छात्राएं हैं इसी प्रकार प्रार्थना तक स्तर पर 9934 उपाधियां प्रदान की जाएगी जिसमें 2721 छात्र है और 7213 छात्राएं सम्मिलित है।

कुलपति ने बताया कि माननीय कुलाधिपति अगले दिन विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगी। आंगनवाड़ी कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रगति को देखते हुए शासन एवं आंगनवाड़ी विभाग के साथ बैठकें भी प्रस्तावित हैं। कुलपति ने कहा कि नवम दीक्षांत समारोह में अनेक विशिष्ट अतिथियों, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, पूर्व कुलपतियों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता में कुल सचिव दीनानाथ यादव वित्त अधिकारी रविंद्र कुमार मौर्या तथा अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो. सौरभ, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. नीता यादव, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. प्रकृति राय, कुलानुशासक प्रो. दीपक बाबू, 'कैंपस कनेक्ट' के संपादक एवं हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. हरीश कुमार शर्मा, मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, तथा डॉ. धर्मेंद्र एवं डॉ. मयंक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## खेत पर काम कर रहे किसान की कुंए में गिरने से मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अन्तर्गत ग्राम ऐरा निवासी किसान की खेत पर काम करते समय कुंए में गिरने से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान किसान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए किसान के कुंए में गिरने के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि ऐरा निवासी किसान 32 वर्षीय राजू पुत्र धनीराम अपने खेत में काम कर रहा था। अज्ञात कारणों के चलते वह खेत पर काम करते हुए कुंए में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## पत्रकार पर हमले की कड़ी निंदा, आरोपियों पर स त कार्रवाई की मांग

**तालबेहट।** मिलावटी खाद्य पदार्थों की खबरें प्रकाशित होने से बौखलाए दूध डेयरी संचालक और उनके पुत्रों ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजीव नामदेव पर हमला कर दिया। पत्रकार पर हुए इस हमले की घटना सामने आने के बाद जिलेभर के पत्रकारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। पत्रकारों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है पत्रकारों ने कहा कि समाचार प्रकाशित करना पत्रकार का कर्तव्य है, और इस पर हमला करना अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठाराघात है। उन्होंने दोषी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय, सुनील त्रिपाठी बाबा, रवि शंकर अगरिया, शरद सोनी, सौरभ जैन, देवेंद्र यादव, अजय बुंदेला, प्रमोद बबेले सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से हुई थी पति की मौत, एफआईआर दर्ज




**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी पिंकी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 27 अक्टूबर को उसका पति बडकू रैकवार पुत्र चन्दू शाम करीब साढ़े छह बजे घर से रोड पर रामसहाय झां के घर के सामने सब्जी के ठेले पर खड़ा था, तभी तालबेहट की ओर से आ रही गाड़ी नं. यू.पी.78 डी.डब्ल्यु.5944 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद महेन्द्र झां व अन्य लोग घायल पति को लेकर सरकारी अस्पताल तालबेहट पहुंचे, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। कुछ समय तक भर्ती रहने के बाद 1 नव बर 2025 को सुबह 5 बजे उसके पति की उपचार के दौरान मौत हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# 10 साल की छोटी सी बेटी के साथ किये गये घिनौने कृत्य के लिये दोषी सजा दिलाने के लिए भीम आर्मी वा सामाजिक संगठनो ने पारिवार के सांथ इस. पी और कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शहडोल-** आपको बता दे कि शहडोल जिले में एक मासूम 5वीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची जिसकी उम्र लगभग 9 वर्ष 10 माह है जिसके साथ 65 वर्षीय (गुल्लू मिश्रा) पिता देवीलाल मिश्रा, ग्राम डिंडोरी द्वारा दिनांक 3-11-2025 को दोपहर में लगभग 01 से 2.00 के बीच जबरदस्ती करते हुए अपने घर के अंदर ले जाकर बलात्कार कर बच्ची के मुंह से टेप लगाकर कुकर्म किया गया। साथ ही कार्यवाही के दौरान यह स्वीकार भी किया की मेरे ही द्वारा इस कुकर्म को अंजाम दिया गया है जब सभी ग्रामीणों द्वारा इस इंसान से इकरार कराया गया । तब वो बोला कि तुम लोग जो कर सकते हो कर लो और उसने अपने घर के अंदर कुछ बड़े वीआईपी लोगों का नाम भी लिया है।

जानकारी के लिए आपको बता दे कि ये इस तरह कोई पहली घटना नहीं है आये दिन ऐसे लोग इस तरह की घिनौना कृत्य करते रहते हैं और अपने पैसे और राजनीतिक दबाव के कारण इस तरह के केस को दबा दिया जाता है या फिर परिवार के लोगो को परेशान करके शिकायत को वापिस करवा दिया जाता हैं। जब तक हमारे समाज में इस तरह के घिनौने दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलेगी। तब तक इन लोगों का मनोबल बढ़ा रहेगा।

भीम आर्मी वा सामाजिक संगठनो ने पारिवार के सांथ सोहागपुर थाने एस पी आफिस और कलेक्टर कार्यलय मे जाकर ग्राम भर्री के साहू समाज की नाबालिग बेटी दुष्कर्म मामले मे ठोस कार्यवाही की मांग की जिसमे प्रमुखता से भीम आर्मी (प्रदेश संगठन मंत्सजीवन कोल (भीम आर्मी प्रदेश महासचिव) राजकुमार साहू (भीम आर्मी जिला महासचिव) शिव कुमार बैगा (भीम आर्मी जिला संगठन मंत्री) नारेंद्र प्रजापति, राज कुमार पटेल, सूरज बैगा, संतोष कोल, शिवम कोल, शोभलाल कोल, राम बदन चौधरी, संदीप कोल, मनोज कुशवाहा, रामस्वरूप कोल, भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थिति रहे।

# माजरबाड़ी में 41 संख्यक रास महोत्सव का आयोजन





## ● बृंदावन गार्डन, आनंद मेला, खाद्य मेला सहित स्टालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिलापथार।** माजरबाड़ी रास महोत्सव धेमाजी जिले के सबसे पुराने रास महोत्सवों में से एक है। इस बार 41वां रास महोत्सव 5 नवंबर से 9 दिनों के लिए आयोजित किया गया है। मंदिर आंगन के राधाकृष्ण मंदिर सहित सहस्त्र मृण्मय मूर्ति माजरबाड़ी रास महोत्सव का पुराने पहचान है। हर रात मंच पर नृत्य प्रतियोगिता के बाद आयोजित की जाती है संगीत अनुष्ठान का, कल रात कुछबिहार से आमंत्रित बाउल संगीत कलाकारों ने संगीत अनुष्ठान किया।

रास महोत्सव के दौरान लोगों के आनंद के लिए आनंद मेला, खाद्य मेला, हर तरह के खरीदारी के लिए राज्य के विभिन्न प्रांत से आए स्टॉल लगी है, अन्य दुकानों के अलावा वृंदावन गार्डन श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही हैं। रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजे कई सेल्फी पॉइंट हैं, साथ ही संगीत के साथ लाइव अभिनय। रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजे कई सेल्फी पॉइंट हैं, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम क्षेत्र भी है। आयोजकों ने सभी उम्र के लोगों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था की है। पिछले साल की तरह इस साल भी सभी लोगों की ओर से आयोजक समिति ने लोगों से रास महोत्सव भाग लेकर महोत्सव को सफ़ल बनाने की आह्वान की है।

# भगवान में आस्था न होने से जीव का कल्याण नहीं होता है- पंडित चंद्र भूषण महाराज



**जंगीगंज।** डीघ ब्लॉक के डुहिया दानीपट्टी गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के संगीतमय प्रवचन में कथा वाचक पंडित चंद्र भूषण महाराज ने शनिवार को बताया कि भगवान के चरण रज मिल जाने से बड़े से बड़े पापियों की मुक्ति हो जाती है। कहा कि भगवान के शरणागत हो जाने से जीव का कल्याण हो जाता है। पंडित चंद्र भूषण महाराज ने बताया कि कुछ लोग थोड़ी से सम्पन्नता पा जाने पर अभिमान करते है, जबकि भगवान का अभिमान ही आहार है। भगवान में आस्था न होने से जीव का कल्याण नहीं होता है। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि का विवाह का भी भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भव्य झांकी निकाली गई। गायक धनंजय पाण्डेय के भजनों ने मौजूद लोगों को भक्ति भाव में झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर श्याम लाल मिश्रा, श्याम सुन्दर मिश्रा, डॉ मनोज कुमार, संजय, अजय, विकास, कुंवर प्रमोद मौर्या, ऋषि शुक्ला, जय शंकर तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली से वृंदावन के लिए निकली 'सनातन हिंदू एकता पदयात्रा' को मिल रहा भारी जन-समर्थन, हिंदुओं को एकजुट कर रहे आचार्य धीरेंद्र शास्त्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली** के पवित्र छतरपुर मंदिर से 7 नवंबर को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने "सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2025" का शुभारंभ किया। यह 10 दिवसीय पदयात्रा दिल्ली से होते हुए हरियाणा और उत्तर प्रदेश के 422 से अधिक क्षेत्रों से गुजरकर 16 नवंबर को वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में महासभा के साथ संपन्न होगी। हम आपको बता दें कि इस पद यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। पदयात्रा के फरीदाबाद पड़ाव पर हजारों श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें देश के धार्मिक, खेल और मनोरंजन जगत की कई नामचीन हस्तियां भी नजर आईं। इस मौके पर भारतीय रेसलर द ग्रेट खली, क्रिकेटर उमेश यादव और पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने भी भाग लिया।

ग्रेट खली ने कहा, "हर किसी को इस पदयात्रा का हिस्सा बनकर इसे सफल बनाना चाहिए।÷ वहीं, शिखर धवन ने कहा, "आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का उद्देश्य हिंदुओं को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठाकर एकजुट करना है। मजबूत भारत के लिए हिंदुओं का एक होना जरूरी है।" उमेश यादव ने भी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा, "यह सब भगवान की कृपा है। हर व्यक्ति को अपने धर्म और ईश्वर के प्रति जागरूक होना चाहिए।" इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे और धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात कर यात्रा को आशीर्वाद दिया। इस पद यात्रा में अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज भी शामिल हैं।

उधर, आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा, "राष्ट्र एकजुट हो रहा है, हिंदू जाग रहा है और सड़क पर आ रहा है। भारत जागेगा, जातिवाद से मुक्त होगा और राष्ट्रवाद की विचारधारा प्रबल होगी।" धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा "यमुना को गंगा की तरह पवित्र बनाने और सनातन धर्म की अखंड एकता को स्थापित करने का प्रयास" है।



हम आपको बता दें कि इस पदयात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक एकता नहीं, बल्कि यमुना नदी की सफाई और ब्रज क्षेत्र में मांस-शराब पर प्रतिबंध जैसे सामाजिक संकल्पों को भी आगे बढ़ाना है। इस यात्रा में जया किशोरी, कवि कुमार विश्वास, अक्षरा सिंह, सुनील ग्रोवर और कई प्रसिद्ध संतों– जैसे साध्वी ऋतंभरा, चिदानंद मुनि, स्वामी ज्ञानानंद महाराज के शामिल होने की भी संभावना है। 10 दिनों की यह यात्रा लगभग दो लाख श्रद्धालुओं की भागीदारी और पांच करोड़ लोगों तक संदेश पहुंचाने का दावा करती है। देखा जाये तो "सनातन हिंदू एकता पदयात्रा" केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि एक सामाजिक-सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में उभर रही है, जो आस्था, पर्यावरण और राष्ट्रीय एकता के सूत्र को एक साथ पिरोने का प्रयास कर रही है।

# काठमांडू एयरपोर्ट पर बड़ी तकनीकी खराबी, रनवे लाइट ठप, सभी उड़ानें रोकी गई

## ● अधिकारियों ने आगे कहा कि समस्या की पहचान और समाधान के लिए तकनीकी टीमों को तैनात किया गया है और आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सामान्य परिचालन बहाल कर दिया जाएगा।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रनवे लाइट में तकनीकी खराबी के बाद रोक दी गई हैं, हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया। अधिकारियों ने आगे कहा कि समस्या की पहचान और समाधान के लिए तकनीकी टीमों को तैनात किया गया है और आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सामान्य परिचालन बहाल कर दिया जाएगा।

यह घटना शुक्रवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे पर हुई एक बड़ी तकनीकी खराबी के कारण नेपाल के पड़ोसी देश भारत में उड़ान संचालन बाधित होने के एक दिन बाद हुई है, जिससे पूरे देश में हवाई यातायात प्रभावित हुआ। हवाईअड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल की उड़ान योजना प्रक्रिया के प्रमुख घटक स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) को पंगु बनाने वाली समस्या को पूरी तरह से सुलझा लिया गया है और एयरलाइन परिचालन शनिवार को सामान्य हो गया है।

इस घटना के कारण सैकड़ों उड़ानों के कार्यक्रम बाधित हुए और भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर व्यापक देरी हुई, जहाँ से आमतौर पर प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानें संचालित होती हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल की उड़ान योजना प्रक्रिया के एक प्रमुख घटक, स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (AMSS) को ठप करने वाली समस्या का पूरी तरह से समाधान कर लिया गया है और एयरलाइन का संचालन सामान्य हो गया है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ग्रेनेड विस्फोट में तीन लोगों की मौत, एक घायल



पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए ग्रेनेड विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को खैबर जिले की बारा तहसील में एक स्थानीय व्यक्ति के घर में हुई जिसमें संबंधित व्यक्ति के साथ दो अन्य लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में घायल हुए व्यक्ति को डोगरा अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सरना द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर बंदी सिखों को पैरोल पर रिहा करने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली:** शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे बंदी सिखों को एक महीने के लिए पैरोल पर रिहा करें, ताकि वे श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350 वीं वर्षगांठ मना रही समूची कौम के साथ जुड़कर अपनी श्रद्धा और सम्मान अर्पित कर सकें।दिल्ली से जारी एक बयान में सरना ने कहा कि यह अवसर विश्व इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण पलों में से एक है, और उन बंदी सिखों की भागीदारी, जो लंबे समय से न्याय और दया की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उनके लिए गहरी भावनात्मक और आध्यात्मिक महत्ता रखती है। उन्होंने कहा गुरु तेग बहादुर साहिब जी का सर्वोच्च बलिदान ज़मीर और आस्था की आज़ादी के लिए था। बंदी सिखों को समारोहों में भाग लेने की अनुमति देना न केवल उस विरासत का सम्मान करेगा, बल्कि गुरु साहिब की शिक्षाओं के अनुरूप दया और मानवता का प्रतीक भी बनेगा।"

सरना ने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से अपील की कि वे जेल अधिकारियों और शिरोमणि कमेटी के साथ समन्वय करके एक महीने की पैरोल की व्यवस्था करें। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कदम सिख समुदाय के हृदय में मेल-मिलाप और न्याय की भावना को सशक्त करेगा। "यह वर्षगांठ केवल स्मरण का अवसर नहीं है, बल्कि नई शुरुआत का भी प्रतीक है। यह राज्य के लिए दया और सम्मान के उन मूल्यों में विश्वास प्रदर्शित करने का मौका है, जिन्हें गुरु साहिब ने चांदनी चौक में अपनी शहादत के माध्यम से कायम रखा था।

# 29 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025- 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव 07 नवंबर को शुभम पैलेस शहडोल में सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल।** इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक मनीषा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र शहडोल के ज़िला समन्वयक आर आर सिंह, प्रियम त्रिपाठी, संजीव निगम, अरुण द्विवेदी, खिरोधर सोंधिया, मंजुला पांडे, नूतन सिंह, दीपिका निगम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय सोंधिया ( ब्लाक समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग) ने किया।

07 विधाओं में प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा की। मप्र शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 07 नवम्बर 2025 शुक्रवार को किया गया। यह आयोजन ज़िला मुख्यालय के शुभम पैलेस में प्रातः 10 बजे से आरंभ हुआ। इस वर्ष इस युवा उत्सवकी थीम "सांस्कृतिक और नवाचार" पर आधारित रही। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के युवाओं में रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। जिलेभर के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिनमें भाषण प्रतियोगिता में प्राप्ती सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ओम तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में सुमित तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विद्या पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन में मंजुला तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रोशनी पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही विज्ञान मॉडल में अनुराग पांडे एवं विभव गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सचिन बैगा तथा संदीप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला की प्रतियोगिता में कुमारी नंदिनी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पवन कृष्णानंद यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

समूह लोकगीत में मां शारदा संगीत विद्यालय शहडोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य की प्रतियोगिता में साधना चंद्रवंशी ग्रुप शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय विचारपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं प्रशांत माली ग्रुप व्यवहारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रसस्तिपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला स्तर पर चयनित सभी प्रतिभागी 13 नवंबर को होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं और संभाग स्तर में चयन होने के बाद राज्य स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिभागी अपना प्रदर्शन करेंगे।




# सिद्धार्थनगर में काला नमक चावल के बढ़वा देने के लिए सीएफसी स्थापित की गई है- राकेश सचान

### काला नमक चावल (बुद्धा राइस) द्वितीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** जिला प्रशासन की ओर से आयोजित दो दिवसीय कालानमक चावल (बुद्धा राइस) द्वितीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन कार्यक्रम बीएसए ग्राउण्ड में आयोजन किया गया। कालानमक चावल (बुद्धा राइस) द्वितीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग राकेश सचान द्वारा सांसद जगदंबिका पाल, नेता प्रतिपक्ष/विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक श्यामधनी राही, विधायक विनय वर्मा, विधायक सैय्यदा खातून, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चन्द्र द्विवेदी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह आदि की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात कालानमक चावल के लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात शिवपति इण्टर कालेज शोहरतगढ़ के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना एवं कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान ने कहा कि आज हम लोग भगवान गौतम बुद्ध की धरती पर द्वितीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन में उपस्थित हुये हैं। यहां से भगवान गौतम बुद्ध के शान्ति अहिंसा करूणा का संदेश पूरे विश्व में गया है। कालानमक चावल भगवान गौतम बुद्ध का प्रसाद है जिसकी खुश्बू देश विदेश में पहुंच रही है। ग्रेटर नोयडा में 05 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कालानमक के स्टाल लगाकर बिक्री की गयी। जनपद में काला नमक चावल को बढ़ावा देने के लिए सीएफसी स्थापित की गयी। सीएफसी सही ढंग से संचालित हो जिससे किसानों को लाभ प्राप्त हो सके। कालानमक को बढ़ाने के लिए 02 और सीएफसी स्थापित कराया जायेगा। सीएफसी पर राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा ओडीओपी योजना एवं युवा उद्यमी विकास योजना संचालित की गयी है जिसके माध्यम से उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत 05 लाख तक बिना ब्याज का ऋण दिया जा रहा है। ओडीओपी-2 योजना संचालित होने वाली है। खाने पीने के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ओडीओसी योजना भी संचालित होने वाली है। उन्होने कहा कि कालानमक को बढ़ाने के लिए जो डिमांड होगी उसे पूरा कराया जायेगा।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि आज देश व अन्य प्रदेशों से क्रेता विक्रेता एवं किसान इस क्रेता विक्रेता सम्मेलन में आये हैं। काला नमक चावल के उत्पादन को बढ़ाने, ब्रांडिंग एवं निर्यात के लिए आज क्रेता विक्रेता सम्मेलन कार्यक्रम का अड्डायोजन किया गया है। नेता प्रतिपक्ष/विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि जनपद में सीएफसी की स्थापना की गयी है सीएफसी सही ढंग से कार्य करे और जनपद के किसानों के कानानमक चावल को खरीद कर उसकी ब्राडिंग कर बेचा जाये जिससे किसानों को उत्पाद का अच्छा मूल्य प्राप्त हो। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के कालानमक चावल को ओडीओपी योजना में चयनित किया गया। यह भगवान बुद्ध का महा प्रसाद है जिसकी खुश्बू देश विदेश में फैल रही है। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ व कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में अधिक मात्रा में काला नमक चावल का उत्पादन किया जाता है। कालानमक चावल को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा इसके निर्यात के लिए अच्छा प्रयास किया जा रहा है जिससे किसानों को उनके उत्पाद का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सके और महात्मा बुद्ध का प्रसाद कालानमक की खुशबू देश-विदेश तक पहुंच सके।



इस दौरान विधायक सैय्यदा खातून, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चन्द्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महाराष्ट्र वसीम खान एवं प्रबन्ध निदेशक, केआरबीएल इंडिया गेट बासमती राइस नई दिल्ली अरूण गुप्ता, दिव्यम आहार के दिलीप चौहान, डॉ0 सीमा मिश्रा द्वारा लोगों को सम्बोधित कर कालानमक चावल को बढ़ावा देने के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितेश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि रवि शंकर पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, व अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बंधक के अवशेष मिलने के बाद इजराइल ने 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजा** के अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल की ओर से सौंपे गए 15 फलस्तीनियों के शव मिल गए हैं। एक दिन पहले हमास ने बंधक बनाए गए एक व्यक्ति का शव इजराइल को लौटा दिया था। युद्ध विराम समझौते के तहत, इजराइल ने प्रत्येक इजराइली बंधक के बदले 15 फलस्तीनियों के शव सौंपे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शव शनिवार को खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल लाए गए।

हमास द्वारा एक और व्यक्ति का शव सौंपा जाना अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम समझौते के क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, बंधक के शव की पहचान लियोर रुडेफ के रूप में हुई है।

'होस्टेजेस एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम' ने बताया कि रुडेफ का जन्म अर्जेंटीना में हुआ था और वह बचपन में दक्षिणी इजराइल आ गया था। फोरम ने बताया कि हमास के हमले में रुडेफ की मौत हो गई थी जिसके बाद उसका शव गाजा ले जाया गया था। युद्धविराम समझौता 10 अक्टूबर को लागू होने के बाद से फलस्तीनी चरमपंथियों ने रुडेफ के शव सहित 23 बंधकों के शव सौंप दिए हैं और पांच बंधक अब भी गाजा में हैं। शनिवार को लौटाए गए शवों को मिलाकर, इजराइल ने 300 फ़लस्तीनियों के शव सौंप दिए हैं।




गाज़ा में स्वास्थ्य अधिकारियों को डीएनए किट उपलब्ध न होने के कारण शवों की पहचान करने में काफ़ी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने अब तक 84 शवों की पहचान कर ली है। युद्धविराम की शर्तों के तहत, इजराइल को गाज़ा में काफ़ी ज़्यादा राहत सामग्री पहुंचाने की अनुमति देनी होगी। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फ़रहान हक़ के अनुसार, इस समझौते के तहत राहत कार्य अभी भी गाज़ा में ज़रूरत से काफी कम हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में 2,00,000 मीट्रिक टन से ज़्यादा राहत सामग्री पहुंचाने की योजना है, लेकिन अभी तक केवल 37,000 टन ही पहुंचाई जा सकी है।

# बानपुर पुलिस ने ईनामियां बदमाश दबोचा



पुलिस की गिर त में इनामियां बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिर तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने मु.अ.सं. 192६2025 धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 61(2), 316, 317 बीएनएस में 25 हजार रुपये के इनामियां बदमाश मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनवाहा निवासी गोकुल पुत्र स्व.छुन्द्रा अहिरवार को हिरासत में लिया गया है। बदमाश को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी, उ.नि.दिगविजय सिंह, उ.नि. ललित उज्जवल, का. मनीष कुमार, का.कनिष्क बघेल आदि शामिल रहे।